3 राजधानी
रुक-रुक कर हुई बारिश से बढ़ी ठंड

6 अभिमत
बलूचिस्तानः एक अघोषित युद्धक्षेत्र

10 विदेश
इजराइल ने हमले का दायरा बढ़ाया

11 राष्ट्रीय
तूफान मिगजॉम के कारण चेन्नई में भारी बारिश

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 47
लखनऊ, मंगलवार, 05 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



तीसरे स्पिन विकल्प बनकर उभरे बिश्नोई
स्पोर्ट्स-12

# हार का गुस्सा सदन में न निकाले विपक्ष

## मोदी ने कहा- पराजय से सीख लेते हुए पिछले नौ सालों की नकारात्मकता पीछे छोड़ें और सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी दलों से आग्रह किया कि संसद के शीतकालीन सत्र में वे विधानसभा चुनावों में मिली पराजय का गुस्सा ना निकालें बल्कि उससे सीख लेते हुए पिछले नौ सालों की नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक रूख के साथ आगे बढ़ें, तभी उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है।

सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यदि विपक्षी दल विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दें और देश हित में सकारात्मक चीजों में साथ दें तो देश के मन में उनके प्रति आज जो नफरत है, हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों को बहुत ही उत्साहवर्धक करार देते हुए उन्होंने कहा, देश ने नकारात्मकता को नकारा है। चार में से तीन राज्यों में भाजपा ने रविवार को भारी बहुमत से जीत हासिल की। मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य में उसने सत्ता में वापसी की वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में सफल रही। तेलंगाना में भले ही भाजपा सत्तासीन होने में विफल रही लेकिन दक्षिणी राज्य में उसने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजे के आधार पर कहूं तो विपक्ष में जो बैठे हुए साथी हैं उनके लिए यह स्वर्णिम अवसर है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले नौ साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर, इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा। मोदी ने कहा कि वे (विरोधी दल) विपक्ष में हैं, फिर भी वह उन्हें सकारात्मक सुझाव दे रहे हैं कि सकारात्मक के साथ ही हर किसी का भविष्य उज्ज्वल है और उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन कृपा करके बाहर की पराजय का गुस्सा सदन में मत उतारना। हताशा, निराशा होगी... आपके साथियों को दम दिखाने के लिए कुछ न कुछ करना भी पड़ेगा...लेकिन कम से कम लोकतंत्र के इस मंदिर को वह मंच मत बनाइए।

मोदी ने कहा कि वह अपने लंबे अनुभव के आधार पर कह रहे हैं कि आप (विपक्ष) थोड़ा सा अपना रुख बदलिए और विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दीजिए। उन्होंने कहा, देश हित में सकारात्मक चीजों का साथ दीजिए। जो कमियां है उन पर चर्चा कीजिए। आप देखिए, देश के मन में आज जो (विपक्ष के प्रति) नफरत पैदा हो रही है... हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। तो मौका है यह। इसे जाने मत दीजिए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अक्सर नफरत के माहौल में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से संसद सत्र में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इसी में उनकी भलाई है कि वह देश को सकारात्मकता का संदेश दें। उन्होंने कहा, और इसलिए हर बार मैं करबद्ध प्रार्थना करता रहा हूं कि सदन में सहयोग दीजिए। आज मैं राजनीतिक दृष्टिकोण से भी कहना चाहता हूं कि आपका भी भला इसमें है कि आप देश को सकारात्मकता का संदेश दें। आपकी छवि नफरत की और नकारात्मकता की नहीं बने। लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं है। लोकतंत्र में विपक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है, उतना ही मूल्यवान है और उतना ही सामर्थ्यवान भी होना चाहिए। और लोकतंत्र की भलाई के लिए मैं फिर से एक बार अपनी ये भावना प्रकट करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश के सामान्य जन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है और जो सभी समाजों व सभी समूहों की महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों का सशक्तीकरण सुनिश्चित करने पर दृढ़ हो, उसे जनता का भी भरपूर समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा, जब सुशासन होता है तो सत्ता विरोधी लहर जैसे शब्द अप्रासंगिक हो जाते हैं। और हम लगातार ए देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि अब देश विकसित होने के लक्ष्य में लम्बा इंतजार करना नहीं चाहता है क्योंकि समाज के हर वर्ग में ये भाव पैदा हुआ है कि बस आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा, सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार-विमर्श होता है। हमारी टीम उनसे चर्चा करती है। मिलकर के सबके सहयोग के लिए हम हमेशा प्रार्थना करते हैं। इस बार भी इस प्रकार की सारी प्रक्रियाएं कर ली गई हैं। मोदी ने कहा, सार्वजनिक रूप से हमेशा, हमारे सभी सांसदों से आग्रह करता हूं कि लोकतंत्र का यह मंदिर जन आकांक्षाओं के लिए, विकसित भारत की नई राह को अधिक मजबूत बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण मंच है। मैं सभी सांसदों से आग्रह कर रहा हूं कि वह ज्यादा से ज्यादा तैयारी करके आएं तथा सदन में जो भी विधेयक रखे जाएं, उन पर गहन चर्चा हो। उन्होंने कहा कि एक सांसद जब सुझाव देता है तो उसमें जमीनी अनुभव का उत्तम तत्व होता है लेकिन अगर चर्चा ही नहीं होती है तो देश को इसकी कमी खलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद भवन के नए परिसर का जब उद्घाटन हुआ था तब एक छोटा सा सत्र हुआ था और उसमें ऐतिहासिक निर्णय लिए गए थे।

# चुनावी नतीजों से झूमा शेयर बाजार

- सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड, बीएसई सेंसेक्स 1,384 अंकों की जबर्दस्त छलांग लगाते हुए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ, एनएसई निफ्टी भी अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचा



**एजेंसी।** मुंबई

**तीन** राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,384 अंकों की जबर्दस्त छलांग लगाते हुए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इस तेजी के बीच एनएसई निफ्टी भी अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, भाजपा को मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिले स्पष्ट बहुमत से पिछले सप्ताह जीडीपी और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के बेहतर रहने से बनी सकारात्मक धारणा और मजबूत हुई है। इसके अलावा कच्चे तेल का दाम 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे रहने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,383.93 अंक यानी 2.05 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 68,865.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकॉर्ड 68,918.22 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स में 20 मई, 2022 के बाद एक दिन में आई यह सबसे बड़ी तेजी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 418.90 अंक यानी 2.07 अंक की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 20,686.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 लाभ में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई में सबसे ज्यादा क्रमशः 4.68 प्रतिशत और 3.99 प्रतिशत की तेजी रही। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। दूसरी तरफ, विप्रो और टाटा मोटर्स नुकसान में रहे। बाजार में चौतरफा तेजी के इस दौर में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 5.81 लाख करोड़ रुपए उछलकर 343.48 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बाजार में तेजी का कारण यह संकेत भी है कि अगले साल होने वाले आम चुनावों में देश में एक स्थिर सरकार बनेगी। नायर ने कहा, एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) के निवेश जारी रहने की उम्मीद में सभी क्षेत्रों में तेजी रही। दुनिया के अन्य देशों में महंगाई को लेकर सकारात्मक बयान और स्थिर घरेलू वृहत आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को समर्थन मिला। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप सूचकांक ने 1.19 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि स्मालकैप सूचकांक 1.20 प्रतिशत चढ़ गया।

इस दौरान सभी उद्योग खंडों में तेजी रही जिसमें तेल एवं गैस क्षेत्र 3.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, 'चुनावी नतीजों के साथ निफ्टी में निकट भविष्य में अधिक उछाल आने की उम्मीद में लिवाली का जोर देखा गया।

# पंच प्रण ही विकसित भारत की राहः योगी

- 142 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को विकसित और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि वर्तमान में 142 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को विकसित और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत वर्ष में पंच प्रण की राह पर चलने का लक्ष्य दिया है। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। देश की 142 करोड़ आबादी अगर पंच प्रण के अनुरूप राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करे तो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता।' उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, 'वर्तमान समय में जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वही लोग बांटना चाहते हैं जो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में नहीं देखना चाहते। उन्होंने देश के 142 करोड़ लोगों से एकजुट रहने एवं विखंडन की खाई को चौड़ा नहीं होने देने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करे तो देश पंच प्रण के लक्ष्यों की ओर तेजी से अग्रसर होगा। योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शोभायात्रा को अनुशासन और रचनात्मकता की झलक देने वाली बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यहां के विद्यार्थी एवं शिक्षक इस परिषद को देश की अग्रणी शैक्षिक सेवा प्रकल्प बनाते हुए राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह की शुरुआत के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री वी. के. सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, हम कोई भी काम जब अपने नाम के लिए करते हैं तो नाम के जज्बे से सफलता जरूर मिलती है।

### नाम के जज्बे से काम करने पर मिलती है सफलताः जनरल वीके सिंह

**महाराणा** प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री एवं भारतीय थल सेना के पूर्व अध्यक्ष जनरल डॉ वीके सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम कोई भी काम जब अपने नाम के लिए करते हैं तो नाम के जज्बे से सफलता जरूर मिलती है। नाम की चाह खुद में एक प्रेरणा है। जनरल सिंह ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व का स्मरण कराते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का नाम याद करते ही यह प्रेरणा मिलती है कि हमें कभी अपने कर्त्तव्य पथ से पीछे नहीं हटना है और किसी भी बाधा से घबराना नहीं है। किसी भी व्यक्ति में यदि महाराणा प्रताप जैसे ये दो गुण हो तो उसे सफलता की ऊंचाई छूने से कोई नहीं रोक सकता।

# राघव चड्ढा का निलंबन खत्म महुआ पर रिपोर्ट नहीं हुई पेश

**संसद का शीतकालीन सत्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**हिंदी** पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की भारी बढ़त की पृष्ठभूमि में सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र सुचारु रूप से शुरू हो गया। जबकि कैश फॉर क्वेरी मामले में लोकसभा से टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा की कथित अयोग्यता से संबंधित आचार समिति की रिपोर्ट की बहुप्रतीक्षित कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को उच्च सदन के अध्यक्ष जगदीप धनखड़. द्वारा उनके निलंबन को रद्द करने के बाद राहत मिली। चड्ढा सांसदों की सहमति के बिना चयन समिति को उनके नामों की सिफारिश करके प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने के लिए निलंबित थे। चड्ढा ने धनखड़, सदन के सदस्यों और सबसे ऊपर सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया जिसने उन्हें इस संबंध में सभापति से 'बात' करने की सलाह दी थी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की हालिया जीत की गूँज भी पूरे सत्र में गूंजती रही क्योंकि निचले सदन के सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने 'मोदी सरकार, तीसरी बार' (तीसरी बार मोदी सरकार) के नारे के साथ सत्र की शुरुआत की। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा सहित इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा दिखाने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों ने एक मीडिया रिपोर्ट में आचार समिति के निष्कर्षों का हवाला देने के बाद संसदीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद ने आरोप लगाया, 'लोकसभा में प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों में निहित नियम 275 (2) का एक बहुत ही गंभीर उल्लंघन, जहां सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा अनैतिक आचरण के विषय पर नैतिकता समिति की मसौदा रिपोर्ट को देखा गया।

# मिजोरम में जेडपीएम को बहुमत

- 40 में से 27 सीट जीती

**एजेंसी।** आइजोल

**जोरम** पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सोमवार को 40 सदस्यीय सदन में 27 सीट जीतकर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को अपदस्थ कर दिया और मिजोरम की सत्ता हासिल कर ली। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि एमएनएफ को 10 सीट पर जीत मिली जबकि भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली। जीत हासिल करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा भी शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 मतों से हराया। आयोग ने बताया कि मुख्यमंत्री जोरमथंगा आइजोल ईस्ट-प्रथम सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने बाद में राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्य में 2018 के विधानसभा चुनाव में एमएनएफ ने 26 सीट जीती थीं।



जेडपीएम के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा

मिजोरम के इतिहास में यह पहली बार होगा कि 1987 में इसके गठन के बाद से पूर्वोत्तर राज्य पर गैर-कांग्रेस तथा गैर-एमएनएफ सरकार का शासन होगा। चुनाव लड़ने वाले एमएनएफ के 11 मंत्रियों में से नौ हार गए। गृह मंत्री लालचमलियाना ने चुनाव नहीं लड़ा था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, चुनाव में जिन नेताओं को हार का सामना करना पड़ा उनमें उपमुख्यमंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार तावंलुइया शामिल हैं जो तुइचांग में जेडपीएम उम्मीदवार से हार गए। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए तथा ग्रामीण विकास मंत्री लालरुआत्किमा को आइजोल वेस्ट-द्वितीय सीट पर जेडपीएम के उम्मीदवार लालनघिंगलोवा हमार से हार झेलनी पड़ी। जेडपीएम के 73 वर्षीय प्रमुख लालदुहोमा ने पहली बार 1984 में कांग्रेस के टिकट पर मिजोरम विधानसभा का चुनाव लड़ा था।



# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में बना खेलों का शानदार माहौलः योगी

- मुख्यमंत्री ने यूपी ग्रामीण खेल लीग का शुभारंभ व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया
- खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाए जा रहे हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ-दस वर्षों में देश के अंदर खेलों की गतिविधियों का शानदार माहौल बना है। इन गतिविधियों का परिणाम है कि देश खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभागी खिलाड़ियों और उनके द्वारा जीते जा रहे पदकों की संख्या से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

सीएम योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के शुभारंभ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को प्रज्ज्वलित कर लीग का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त करने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। इसे और गति देने के हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, 2 जुडो हाल, 6 शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश मैं पहका विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भरपूर धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। डेढ़ लाख रुपए मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किए गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने और पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को भरपूर पुरस्कार राशि तो दिया ही जा रहा हैए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को राजपत्रित पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति दी जा चुकी है।

# जन समस्याओं के समाधान में कोताही बर्दाश्त नहींः सीएम

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर



**गोरखपुर** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्णए पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

# वर्ष 2025-26 तक प्रदेश के 515 ब्लॉक में खुलेगी पब्लिक हेल्थ यूनिट

**लखनऊ।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में पीएम अभीम योजना के तहत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थापना की जा रही है। योगी सरकार पीएम योजना के तहत वर्ष 2025-26 तक प्रदेश में 515 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, 75 डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, प्रदेश के 22 जिला चिकित्सालय और 22 मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, 30 जिला चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण करेगी। इसके अलावा प्रदेश में 1670 स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा जबकि 674 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अपने भवन में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 4892.53 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

## आईपीएचएल लैब में माइक्रोबायोलॉजी की हो सकेगी जांच

प्रदेश के सभी 75 जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री की स्थापना की जा रही है। इन लैब्स में करीब 150 से अधिक प्रकार की जांचें हो सकेंगी। इसके लिए लैब टेक्नीशियन, एक माइक्रोबॉयलॉजिस्ट, एक बायोकेमिस्ट के साथ में पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्त होगी। इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री लैब से हर जिला अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सारी जांचें होने लगेगी। ऐसे में मरीजों को जांच के लिए बड़े और निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# अन्तरराज्यीय मदिरा की तस्करी पर लगाएं पूर्ण अंकुशः नितिन अग्रवाल

- आबकारी मंत्री ने की विभाग के कार्यों की समीक्षा, 50000 करोड़ के राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आबकारी** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल द्वारा विभाग के क्रिया कलापों एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रमुख सचिव आबकारी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, विशेष सचिव आबकारी, अपर आयुक्त (प्रशासन), अपर आयुक्त (लाइसेसिंग), समस्त संयुक्त आबकारी आयुक्त (जोन), समस्त उप आबकारी आयुक्त (प्रभार) के साथ आबकारी मुख्यालय, प्रयागराज के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश के शेष सभी अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया। बैठक में उनके द्वारा बताया गया कि माह नवम्बर तक प्रदेश में 27340.97 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका है जो गतवर्ष 24958.50 करोड के सापेक्ष लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार अब तक गतवर्ष के सापेक्ष 2382.47 करोड़ रुपए अधिक है। आबकारी मंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 में आबकारी विभाग द्वारा लगभग 50000 करोड़ के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए।

जनपद कानपुर में राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष प्रालियों में आशातीत् वृद्धि न होने के सम्बन्ध में प्रभार के उप आबकारी आयुक्त को इसकी समीक्षा करते हुए 15 दिवस के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि जनपद बागपत में हरियाणा बॉर्डर से लगी दुकानों की स्थिति की समीक्षा कर ले और यदि उक्त दुकानों से जनपद के राजस्व पर प्रभाव पड़ रहा हो तो उनको यथोचित स्थान पर स्थानान्तरित करने के लिए हरियाणा प्रदेश के अधिकारियों से अनुरोध किया जाए। सीमावर्ती जनपदों में पुलिस एवं आबकारी विभाग निरन्तर प्रवर्तन कार्य करते रहे। इसी प्रकार सहारनपुर के बॉर्डर पर भी दुकानों की समीक्षा कर ली जाए तथा यह भी अपेक्षा की गई की ऐसी दुकानों के क्षेत्र में पीटीजी कैमरा लगाकर सीमावर्ती जनपदों में कड़ी निगरानी रखी जाय। प्रदेश में नवम्बर 2023 के माह में तथा चलित योग में राजस्व प्राप्ति में 10 न्यूनतम जनपदों के जिला आबकारी अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अन्य राज्यों से हो रही तस्करी की रोकथाम हेतु आगरा मथुरा गौतमबुद्ध नगर बागपत सहारनपुर एवं शामली के क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखी जाए एवं चेकपोस्ट स्थापित करें।

21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को बार, मदिरा दुकानों से शराब किसी भी दशा में न परोसी/बिक्री की जाए। जनपद आगरा, मथुरा, लखनऊ हाईवे से बुंदेलखंड हाईवे के माध्यम से मिर्जापुर होते हुए सोनभद्र के रास्ते शराब की तस्करी पर विशेष निगाह रखी जाए तथा इस संबंध में जीएसटी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों का भी समुचित सहयोग प्राप्त किया जाए।

आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीमों को भी सचेत करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। जनपद देवरिया, कुशीनगर, पीलीभीत, बरेली एवं अन्य से क्षेत्र जहां ओवर रेटिंग की शिकायतें यदा-कदा प्राप्त होती हैं उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। किसी भी दशा में प्रदेश के किसी भी जनपद में ओवर रेटिंग न होने पाए। प्रवर्तन कार्य में इस बात का खास ध्यान रखने की आवश्यकता है कि किसी भी दशा में जहरीली शराब की बिक्री न होने पाए और न ही जनहानि की कोई घटना संज्ञान में आए, क्योंकि इससे सरकार और विभाग दोनों की छवि धूमिल होती है। असेवित क्षेत्र में दुकानों के सृजन पर भी विचार किया जाए।

# लोगों के गले नहीं उतर रहे चुनाव परिणामः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मप्र,** राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने चुनाव नतीजों में एक तरफा जीत पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोगों का आशंकित, अचंभित और चिंतित होना स्वाभाविक है। मायावती ने कहा कि चुनाव परिणाम विचित्र है और लोगों के गले नहीं उत्तर रहा। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग व कांटे के संघर्ष जैसा दिलचस्प, किन्तु चुनाव परिणाम उससे बिल्कुल अलग होकर पूरी तरह से एकतरफा हो जाना, यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है गंभीर चिन्तिन व उसका समाधान जरूरी। लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर भूल-चूक चुनावी चर्चा का नया विषय। बीएसपी के सभी लोगों ने पूरे तन, मन, धन व दमदारी के साथ यह चुनाव लड़ा, जिससे माहौल में नई जान आई, किन्तु उन्हें ऐसे अजूबे परिणाम से निराश कतई भी नहीं होना है बल्कि परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है। इस चुनावी परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगे लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी की आल इण्डिया की बैठक आगामी 10 दिसम्बर को लखनऊ में आहुत। चुनाव परिणाम से विचलित हुए बिना अम्बेडकरवादी मूवमेन्ट आगे बढ़ने का हिम्मत कभी भी नहीं हारेगा।

# कई पुरातत्वीय स्थान और अवशेष संरक्षित घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य सरकार** ने उत्तर प्रदेश प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थानों और अवशेषों का परिरक्षण अधिनियम 1956 तथा उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 सन.1957 के अधीन जनपद रायबरेली के ग्राम ऊंचाहार/सलोन तहसील स्थित खानमशाह परवर का मकबरा, जनपद आगरा के विकास खण्ड फतेहाबाद स्थित बादशाहीबाग व बारादरी छतरी, हाथीघाट, हाथीघाट तालाब तथा जनपद मथुरा के तहसील सदर स्थित अक्रूर मंदिर को संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी।

विशेष सचिव राकेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अधिसूचना जारी किये जाने के सम्बंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रमुख सचिव संस्कृति बापू भवन सचिवालय निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग छतर मंजिल परिसर, कैसरबाग लखनऊ अथवा सम्बंधित जिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए लिखित रूप से भेजी जा सकती हैं। केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जायेगा।

# सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर मिलेगा 'यूपी सीएम मेडल'

- गुजरात राज्य के गांधीनगर में आयोजित चार दिवसीय इंडियन रोड कांग्रेस के 82वें सम्मेलन में लिया गया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंडियन** रोड कांग्रेस (आईआरसी) परिषद ने सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक राजकीय संस्था को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री (यूपी सीएम) मेडल देने का निर्णय लिया है। गुजरात राज्य के गांधीनगर में 2 से 4 दिसम्बर तक आयोजित चार दिवसीय इण्डियन रोड कांग्रेस के 82वें सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया हैं ।

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष एके जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा था कि सड़क निर्माण में नवीनतम एवं उच्चतम तकनीकि का प्रयोग करने वाली राजकीय संस्थाओं को मेडल प्रदान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के इस सुझाव के परिप्रेक्ष्य में आईआरसी ने अगले वर्ष से सड़क निर्माण में नवीन तकनीक का बेहतर उपयोग करने वाली एक सरकारी संस्था को यूपी सीएम मेडल प्रदान कर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक कमेटी बनाई जायेगीए जो मेडल के लिये संस्था का चयन करेगी। आई आर सी के 82वें सम्मेलन के 226वीं परिषद की बैठक में जैन द्वारा वाइस प्रेसिडेंट आईआरसी के रूप में भाग लिया गया, जिसमें ग्रामीण सड़क की विशिष्टयों से लेकर सड़क सुरक्षा मानकों तक 11 सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसे परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर विचार के लिए विभिन्न समितियों को भेज दिया। यह राष्ट्रीय स्तर पर यूपीपीडब्ल्यूडी की प्रतिष्ठा में बड़ी उपलब्धि है।

# एटा में चौकी गंगपुर की स्थापना के लिए 17 पद सृजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन मे जनपद एटा के थाना जैथरा स्थित ग्राम गंगपुर में नवीन पुलिस चौकी गंगपुर की स्थापना के लिए कुल 17 पदो के सृजन के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। जनपद प्रयागराज में स्थापित पर्यटन पुलिस थाने का नाम संगम पर्यटन पुलिस थाना रखे जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि प्रदेश के जनपद एटा मे नवीन पुलिस चौकी गंगपुर के लिए उपनिरीक्षक का 01, मुख्य आरक्षी के 02, आरक्षी के 14, कुल 17 पदो का सृजन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद प्रयागराज में स्थापित पर्यटन पुलिस थाने का नाम संगम पर्यटन पुलिस थाना रखे जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# औद्योगिक विकास मंत्री नंदी ने राज्यपाल से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**औद्योगिक** विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को राजभवन लखनऊ में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल से मुलाकात की। मंत्री नन्दी ने राज्यपाल से मुलाकात कर पिछले दिनों दीपावली के पूर्व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की मलिन एवं दलित बस्ती में रहने वाले झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को राजभवन भ्रमण व लंच के लिए स्वीकृति प्रदान करने एवं कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने पर आभार जताया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों में राजभवन से लोटने पर अपार उत्साह और खुशी थी। यह कार्यक्रम प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मलिन एवं दलित बस्तियों में रहने वाले झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके अभिभावकों के जीवन की सुनहरी स्मृति बन कर रहेगा। मंत्री नन्दी ने बताया कि दीपावली के पूर्व उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित एवं मलिन बस्तियों के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को लखनऊ लाने एवं उन्हें राजभवन में भ्रमण के साथ ही दोपहर का भोजन कराने के लिए स्वीकृति मांगी। जिसे राज्यपाल ने सहर्ष अनुमति दी थी, जिसके बाद 16 बसों से 51 दलित एवं मलिन बस्तियों के सैकड़ों बच्चों को अभिभावकों के साथ लखनऊ लाया गयाए जहां सभी ने मॉल में दीपावली की खरीददारी की और फिर वाटर पार्क में मस्ती की। फिर अगले दिन राजभवन में भ्रमण के साथ ही राज्यपाल का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए दोपहर भोजन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि राज्यपाल के आशीर्वाद से झुग्गी झोपड़ी के बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया, जो उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय पल था। मंत्री नन्दी ने कहा कि कई बच्चे तो ऐसे थे, जो पहली बार घर से बाहर निकले थे और लखनऊ आए थे। राजभवन में भ्रमण के पूर्व राज्यपाल का सम्बोधन और आशीर्वाद बच्चों को अपना भविष्य बनाने में काफी प्रेरणादायक साबित होगा।

# फाइलेरिया के उन्मूलन में सरकार के प्रयास तेज

- गोरखपुर एम्स में हुई कांफ्रेंस में फाइलेरिया को मिटाने के लिए जुटे देशभर के विशेषज्ञ

पायनियर समाचर सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संक्रामक और जलजनित बीमारियों के साथ ही फाइलेरिया के समूल उन्मूलन की दिशा में भी कार्य शुरू हो गया है। फरवरी में होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड को लेकर तैयारी तेज हो गई हैं। लाइलाज उपेक्षित बीमारी फाइलेरिया से बचाव के लिए चलने वाले इस अभियान को सफल और असरदार बनाने के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफप्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम) के दो दिवसीय कांफ्रेंस में गंभीर चिंतन हुआ। गोरखपुर एम्स में हुई इस कांफ्रेस में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा गुजरात, महराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के लगभग सभी मेडिकल कालेज, गोरखपुर व रायबरेली एम्स के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और चर्चा की।

सीएम योगी की मंशा उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य और सक्षम प्रदेश बनाने की है। दो दिन चली इस कांफ्रेंस में फाइलेरिया के अलावा ट्यूबरक्लोसिस, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, इंसेफेलाइटिस समेत कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसी क्रम में नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिसीज (एनटीडी) सत्र में फाइलेरिया मरीजों के कष्ट से बात शुरू हुई तो उन्मूलन के प्रयासों के बारे में भी कई कहानियां सामने आईं। सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कायर्कम में एम्स के सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक डॉ सुरेखा किशोर की उपस्थिति में हुई इस खुली चर्चा की सभी ने सराहना की। एम्स दिल्ली के डॉ शशिकांत, एम्स रायबरेली के डॉ भोलानाथ, केजीएमयू के प्रोफेसर डॉ एसके सिंह व आगरा के एसएन मेडिकल कालेज की डॉ रेनु अग्रवाल ने भी हिस्सा लिया।

बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कंट्री लीड डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी ने इस लाइलाज बीमारी के विभिन्न पक्षों की जानकारी दी। पाथ संस्था के राज्य प्रतिनिधि डॉ शोएब अनवर और पीसीआई के प्रतिनिधि रनपाल सिंह ने भी फाइलेरिया की गंभीरता से सबको अवगत कराया। सीफार की कार्यकारी निदेशक डॉ अखिला शिवदास ने कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी पर प्रकाश डाला और इसमें फाइलेरिया नेटवर्क के प्रयासों को साझा किया। फाइलेरिया सर्वाइवर्स नेटवर्क की सदस्य पूजा सिंह ने बताया कि 10-12 साल पहले वह फाइलेरिया से ग्रसित हुई थीं। उस वक्त वह इस बीमारी से अपरिचित थीं। जानने वालों ने तरह-तरह की जड़ी बूटी और गैर वैज्ञानिक उपायों से यह बीमारी ठीक होने की सलाह दी। वह लोगों की सलाह मानती रहीं लेकिन धीरे-धीरे पैर में दर्द और सूजन बढ़ती गई। एक बार तो सूजन इतना बढ़ गया कि पैर से पानी का रिसाव होने लगा। दर्द इतना भयानक था कि वह कई रातें सो नहीं पाईं। उन्होंने कई डॉक्टर को दिखाया पर कोई सही इलाज नहीं मिला इस कारण से उन्हें अध्यापन का काम छोड़ना पड़ा और उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई।

# नवंबर में 11489 सामूहिक विवाह संपन्न, दिसंबर-जनवरी में 50000 का लक्ष्य

- प्रदेश में धूमधाम से हो रहे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह, बजट की नहीं कोई कमी
- वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश में 109883 शादियों का लक्ष्य निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक पिता की तरह आगे बढ़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था की है तो उनके हाथ पीले करने की जिम्मेदारी भी पूरी प्रतिबद्धता से निभा रहे हैं। इसी क्रम में शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हर वर्ग की बेटियों का सहारा बन रही है। इस योजना के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश भर में स्थित जनपदों में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश भर में 109883 बेटियों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य के सापेक्ष नवंबर में हुए समारोह में शुभ मुहूर्त में प्रदेश भर में 11489 सामूहिक विवाह संपन्न करवाए गए हैं जबकि दिसंबर और जनवरी में 50000 शादियां करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी जनपदों को बजट भी आवंटित कर दिया गया है। अभी तक लगभग 68825 आवेदन आ चुके हैं। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर हर दिन करीब 1000 आवेदन आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जरूरतमन्द निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परिव्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं का विवाह करवाया गया है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग केए अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के जोड़ों को लाभान्वित कराया गया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, समाज कल्याण विभाग असीम अरुण की उपस्थिति में कन्नौज में, सांसद मेनका गांधी की उपस्थिति में सुल्तानपुर में, सांसद घनश्याम सिंह लोधी व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में रामपुर में, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा द्वारा शामली में, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की उपस्थित में महराजगंज में, गाजीपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, चंदौली, मऊ समेत कई जनपदों में वर-वधु का विवाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक वर-वधू को उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया।

सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपए सहायता राशि अंतरित की गई। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपए खर्च किए गए। विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा के मामले में 5000 रुपए तक की वैवाहिक सामग्री दी गई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 6000 रुपए प्रति जोड़ा व्यय किया गया।

सीएम योगी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण का प्रयास है कि समस्त निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही हैए वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। यही वजह है कि पोर्टल बनने के बाद अगस्त से अभी तक 68825 आवेदन ऑनलाइन आ चुके हैं। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I, JC-702251P SUB/SKT SANTOSH KUMAR PATEL OF AFMSD, LUCKNOW-02 RESIDING AT VILL-KURRAM, POST-SATHI, TEH-BABERU, DIST-BANDA (UP) PIN-210121. TO BE INFORMED THAT MY SPOUSE NAME SANGEETA IS WRONGLY MENTIONED IN MY SERVICE DOCUMENT. I HAVE CHANGED MY SPOUSE NAME FROM SANGEETA TO SANGEETA PATEL IN MY SERVICE RECORD DOCUMENTS. WHERE OF MY SPOUSE NAME SANGEETA PATEL RECORDED IN HIS ALL CIVIL DOCUMENT.

# हेरिटेज बिल्डिंग की फसाद लाइटों के सभी कार्य निर्धारित समय में हों पूरेः मंडलायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हेरिटेज जोन** के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त द्वारा कार्यों में तेजी लाते हुए हेरिटेज बिल्डिंग की फसाद लाइटों के सभी कार्य निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इमामबाड़ा पर हॉर्टिकल्चर कार्य के साथ ही लाइटों की संख्या बढ़ाने और राजाराम पार्क व सीनियर सिटीजन पार्क में चल रहे कार्यों में लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी व योगा मेडिटेशन के कार्य भी कराने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में हेरिटेज जोन के कार्यों की समीक्षा बैठक लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यालय सभागार में की गई। मंडलायुक्त को कैसरबाग फसाड लाइटों के चल रहे कार्य की प्रगति के बारे में बताया गया कि 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। और शेष कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने शेष कार्यो में तेजी लाते हुए हेरिटेज बिल्डिंग के फसाद लाइटों के समस्त कार्य ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



इमामबाड़ा पर हॉर्टिकल्चर कार्य साथ ही लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। रूमी दरवाजा पर लगने वाले फसाड़ लाइट की प्रगति के बारे में जानकारी लिया। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजाराम पार्क व सीनियर सिटीजन पार्क में चल रहे कार्यों में लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी व योगा मेडिटेशन के कार्य भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि योग हर व्यक्ति को बेहतर करनेए बेहतर बनने और जीवन को आनंदमय बनाने के लिए प्रेरित करता हैं। यह आपके शरीर को स्वस्थ बनाता है और दिमाग में स्वस्थ विचार विकसित करने में कारगर है। अगर आप अनहेल्दी आदतों के शिकार हैं तो योग और मेडिटेशन इन्हें छुड़ाकर आपको हेल्दी लाइफ जीने के लिए प्रेरित करते हैं। जब हम योग और मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं। इसके बाद मंडलायुक्त ने कहा कि रूमी दरवाजा के बगल ओडीओप, अवध हॉट, टूरिस्ट सेंटर बनाकर विकसित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि फ्रेनेस पार्क का कार्य चल रहा है दिसंबर लास्ट तक सम्पूर्ण कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने घंटाघर के सामने चल रहे सिविल कार्य को तेजी से कराते हुए फरवरी माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पिक्चर गैलरी के सामने बैठने के लिए बेंच की व्यवस्थ साथ ही कैफे के संचालन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। रूमी दरवाजा के बगल बने फूड स्ट्रीट की ब्रांडिंग भी की जाए। इस अवसर पर एलडीए के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रुक-रुक कर हुई बारिश से बढ़ी ठंड



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में लगातार रुक-रुक कर बारिश होने से मौसम खराब होने के साथ ठंड बढ़ गयी है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद अब लखनऊ समेत मध्य यूपी में भी मौसम का असर नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मिचौंग तूफान लौटते वक्त यूपी पर असर डालेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कन्नौजए कानपुर, कानपुर देहात, खीरी, सीतापुर, अलीगढ़, आगरा, औरैया, बदायूं, बरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कासगगंज, जालौन, झांसी, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर समेत आसपास बरसात रिकार्ड हुई है। बादल छाए हुए हैं और अभी ये दौर जारी रहेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक कि छह और सात दिसंबर के करीब चक्रवात (मिचौंग) की वापसी होगी। इसके कारण दक्षिण पूर्वी यूपी, खासकर छत्तीसगढ़ व झारखंड से लगे इलाके में इसका असर देखने को मिलेगा।

# पीएम मातृ वंदना योजना के पंजीकरण की तिथि आठ तक बढ़ी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती का पंजीकरण करने के लिए जनपद में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान को पांच दिन के लिए बढ़ा दिया गया है, जो अब आठ दिसंबर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् मनोज अग्रवाल ने बताया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी के पंजीकरण के लिए इस अभियान को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण किया जायेगा और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करने का प्रयास किया जाएगा। योजना के नोडल अधिकारी डा आरएन सिंह ने बताया कि पीएमएमवीवाई के तहत पहली बार गर्भवती तथा दूसरी बार कन्या होने पर लाभ दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि तीन हजार रुपये की पहली किस्त प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर और दो हजार रुपये की दूसरी किस्त बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने तथा बच्चे के टीकाकरण का पहला चक्र पूरा होने पर मिलेगी। दूसरी बार मां बनने पर और कन्या पैदा होने के पश्चात पेन्टा थर्ड का टीकाकरण पूर्ण होने पर पंजीकरण फॉर्म भरा जाएगा। इसके तहत छह हजार रुपये एक मुश्त दिये जाएंगे। यह राशि बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए दी जाएगी। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाती है।

# कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण में बाधा डाल रहे सभी अतिक्रमण होंगे ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कुकरैल नदी** को प्रदूषण मुक्त करने एवं पुनर्जीवित करने और क्षेत्र में विकास कार्य के संबंध में बैठक की गयी। मंडलायुक्त द्वारा कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण, प्रदूषण मुक्त, अविरल व स्वच्छ बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। यही नहीं मंडलायुक्त द्वारा कुकरैल नदी सौंदर्यीकरण के दौरान, कार्य मे व्यवधान पैदा करने वाले अवैध अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त कराए जाने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त किए जाने एवं उसको पुरातन पहचान दिए जाने के संबंध में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि कुकरैल नदी का न सिर्फ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है बल्कि जनपद की आबादी के जीवन से सीधा संबंध जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को जागरूक करना भी आवश्यक है ताकि वे अपने घरों से निकलने वाली दूषित पानी या कचड़ा नाला में नहीं फेंके। यही दूषित व कचड़ायुक्त पानी विभिन्न बहाव माध्यमों से नदियों में समाहित होकर उसे प्रदूषित करता है। इससे जलीय जीवों एवं हमारे रोजमर्रा के जिंदगी में प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके साथ-साथ यह पानी भू-गर्भ में जाकर जलस्तर को प्रदूषित कर देती है।

मंडलायुक्त रोशन जैकब ने कहा कि जिन स्थानो पर अवैध अतिक्रमण कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण कार्य मे व्यवधान पैदा करता हैं उन स्थानो के अवैध अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त कराया जाये। उन्होंने कहा कि कुकरैल नदी के अंदर जिन स्थानो पर अवैध अतिक्रमण है वहां पर कल के दिन अनाउंसमेंट करके 2 दिन का समय दे दिया जाये। जिससे वहां पर निवास करने वाले लोग अपनी सामग्री उस स्थान से दूसरे स्थान पर विस्थापित कर सके।

## अवैध व्यावसायिक संपत्तियों का भी होगा ध्वस्तीकरण

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि कुकरैल नदी के अंदर अवैध अतिक्रमण कर रह रहे लोगों को विस्थापित करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का कैंप लगाकर पंजीकृत कराते हुए उन्हें प्राथमिकता पर आवास आवंटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 44 लोगों को डूडा से आवास आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने अपना अलॉटमेंट लेटर भी रिसीव कर लिया है उनको कल तत्काल अपने आवास में विस्थापित कराते हुए उन स्थानों का ध्वस्तीकरण किया जाये। जिन आवंटियों ने अपना आवंटन लेटर प्राप्त नहीं किया है वह कल अपना आवंटन लेटर प्राप्त करले। उन्होंने कहा कि कुकरैल नदी के अंदर अवैध रूप से बने व्यावसायिक संपत्तियों का भी ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

### सामान शिफ्ट करने में मदद करेगा प्रशासन

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुकरैल नदी के अंदर अवैध रूप से बने घरो के ध्वस्तीकरण के दौरान उन स्थानो पर फायर, लेसा, हेल्थ आदि व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही संबंधित घरों का वीडियोग्राफी कराते हुए ध्वस्तीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अपना सामान शिफ्ट करने के लिए प्रशासन से मदद चाहि, होगा। प्रशासन द्वारा गाड़िया और मेन पावर मुहैया कराया जाएगा।

# शियाक्टा चुनाव में प्रोफेसर सरताज अध्यक्ष, अगा परवेज बने महामंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिया महाविद्यालय** में शिक्षक चुनाव शिया कालेज टीचर एसो. (शियाक्टा) सोमवार को सकुशल सम्पन हुआ। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रो एमके शुक्ला व प्रो सरताज शब्बर रिज़वी के बीच में काटे की टक्कर देखने को मिली। अंतिम समय में 56 मत पाकर प्रो सरताज शब्बर रिज़वी शियाक्टा के अध्यक्ष चुने गए, वही 40 मत पाकर प्रो एमके शुक्ला उपविजेता रहे। वहीं दूसरी ओर महामंत्री पद के लिए प्रो अगा परवेज मसीह 56 मत पाकर विजयी हुए, डॉ वहीद आलम को 39 मत मिले। संयुक्त सचिव के 2 पदों के लिए डॉ अमरीश 65 मत, डॉ असद मिर्जा 25 मत व डॉ तनवीर हसन को 83 मत मिले। इस प्रकार डॉ तनवीर हसन व डॉ अमरीश विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ अरमान तकवी और सफी हैदर आमिल व कोषाध्यक्ष पद पर डा अनिल कुमार सोनी तथा लुआक्टा प्रतिनिधि पर डॉ अलोक यादव व डॉ नुजहत हुसैन, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पर डॉ हसन मेंहदी, विधि संकाय प्रतिनिधि पर डॉ कमलजीत मणि मिश्रा, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पर डॉ रजा शब्बीर, कला संकाय प्रतिनिधि पर डॉ अर्चना सिंह तथा शिक्षिका प्रतिनिधि पर डॉ कनीज मेंहदी ज़ैदी र्निविरोध निर्वाचित हुई।

# नए वोटरों के दस से कम फार्म जमा करने वाले बीएलओ के खिलाफ होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नामावलियों** के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार द्वारा किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त जिन बीएलओ ने 18-19 आयु वर्ग के नए वोटरों के 10 से कम फार्म जमा किए है उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू करने की नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार जनपद में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ की परफॉर्मेंस की समीक्षा जिला निर्वाचन कार्यालय रोशानुद्दौला कोठी पहुंचे। निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय परिसर और विधानसभा 174 मध्य की बीआरसी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारी तहसील सदर अंकित शुक्ला, अपर नगर मैजिस्ट्रेट तृतीय फाल्गुनी सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर के साथ समस्त बीएलओ के कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा में जिन बीएलओ की परफॉर्मेंस अच्छी



नहीं पाई गई, उन बीएलओ से जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वय कॉल करके संवाद करते हुए निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने हाउस टू हाउस सर्वेए 18-19 आयु वर्ग के नए मतदाताओं को जोड़ना आदि की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन बीएलओ ने 18-19 आयु वर्ग के नए वोटरों के 10 से कम फार्म जमा किए है उनके विरुद्ध कार्यवाही शुरू करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ऐसे बीएलओ जिनके ने अभी तक 20 से कम फार्म 6 जमा किए है उनको भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 समयबद्ध प्रक्रिया है, जिसमें बीएलओ की अनुपस्थिति वोटर्स के अधिकारों को प्रभावित करती हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने घोषित कार्यक्रम के अनुसार वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम अभियान के मात्र 5 दिन अवशेष है, अत: 9 दिसंबर 2023 तक समस्त बीएलओ ने समस्त कार्य पूर्ण कर ऑनलाईन अपडेट किया जाना अपेक्षित है।

लेकिन कुछ बीएलओ की प्रफारमेंस के वेरीफिकेशन के दौरान ज्ञात हुआ है कि प्रशासकीय विभाग ने उनका अवकाश स्वीकृत किया है। अत: पुनरीक्षण अवधि में किसी भी बीएलओ के अवकाश की स्वीकृति सम्बन्धित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की अनुमति के बिना अनुमन्य नहीं होगी। यदि पूर्व में अवकाश स्वीकृत किया गया है तो तत्काल निरस्त किया जायें और बिना ईआरओ के अनुमति के अवकश न दिया जाय। साथ ही विशेष परिस्थिति में यदि ईआरओ की अनुमति लेकर अवकाश दिया जाना अपरिहार्य हो तो यह सुनिश्चित किया जाय कि बीएलओ ने निर्वाचन से सम्बन्धित दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध रूप से किया जाता रहेगा।

# बीईएल व एलपीजीसीएल को मिला 'सीईई 3 राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार-2023' का शीर्ष सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बजाज ग्रुप** की ऊर्जा कंपनियों बजाज एनर्जी लि. (बीईएल) और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) ने प्रतिष्ठित काउंसिल ऑफ एन्वायरो एक्सीलेंस (सीईई) पुरस्कार जीते हैं। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, इन दो ऊर्जा कंपनियों को सीईई के द्वारा आयोजित 'सीईई 3 राष्ट्रीय ऊर्जा कुशलता पुरस्कार 2023' में शीर्ष राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। जानकारी बजाज ग्रुप के वाइस प्रेसीडेंट संजय ओझा ने सोमवार को दी। यह सम्मान सीईई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। बीईएल ने 'नेशनल एनर्जी इफिशिएंट टीम ऑफ द इयर' पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे इसकी असाधारण समर्पण, अभिनवता और स्थिर उत्कृष्टता की पहचान हुई। यह नेशनल एनर्जी इफिशिएंटी यूनिट में




संचालन उत्कृष्टता श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसे इसके असाधारण प्रदर्शन और अद्भुत उपलब्धियों के लिए सराहा गया। एलपीजीसीएल को 'नेशनल एनर्जी इफिशिएंट प्लांट ऑफ द इयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस श्रेणी में उपलब्धि की विशेषता दिखाई गई। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए कुल 152 प्रतिष्ठित संस्थानों ने प्रतिभा किया था।

यह पुरस्कार एलपीजीसीएल के पावर जनरेशन सेक्टर में उत्कृष्टता और प्रतिष्ठानुसार पुनर्निर्धारित प्रतिबद्धता को संदर्भित करता है। बीईएल के प्रबंध निदेशक, विनय कुमार सिंह बंकोटी ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कि यह सम्मान हमें नवाचार, सहयोग और पर्यावरणीय प्रबंधन के माध्यम से एक स्थायी भविष्य की ओर प्रेरित करती है। यह उपलब्धि हमारी यात्रा की परिणति नहीं है बल्कि ऊर्जा दक्षता और स्थिरता में नई ऊंचाइयों के लिए एक मार्गदर्शक संकेत है। एलपीजीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलहद नारायण सार ने कहा कि हम इस सम्मान से अभिभूत हैं, जो ऊर्जा दक्षता में एलपीजीसीएल की उत्कृष्ट उपलब्धियों को रेखांकित करता है। टीम एलपीजीसीएल को बधाई। ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाने, पर्यावरणीय सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने में बजाज समूह की दोनों बिजली कंपनियों के अथक प्रयासों का जश्न मनाया गया।

# लविवि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को परखने के लिए हुआ पूर्वाभ्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में आगामी 6 दिसंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के मद्देनजर सोमवार को तैयारियों को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक और विश्वविद्यालय के सभा के सदस्य, विद्या परिषद के सदस्य, कार्य परिषद के सद्स्य, विभिन्न संकायों के डीन सम्मिलित हुए। यह पूर्वाभ्यास अपराह्न 2 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें शोभा यात्रा कुलानुशासक कार्यालय के सामने से निकलकर अशोक वाटिका और भौतिक विज्ञान विभाग के बगल से होते हुए कला संकाय प्रांगण में प्रवेश की। दीक्षांत समारोह के इस पूर्वाभ्यास में माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका में राजनीतिक शास्त्र विभाग की हेड प्रोफेसर मानुका खन्ना, उच्च



शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका में प्रोफेसर विभूति राय डीन विज्ञान संकाय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की भूमिका में डॉक्टर अर्चना शुक्ला हेड मनोविज्ञान विभाग, पद्मश्री डॉक्टर बलराम भार्गव की भूमिका में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर अरविंद मोहन, डॉक्टर संदीप गोयल की भूमिका में विधि विभाग के प्रोफेसर अशोक सोनकर मंच पर माननीय कुलपति और प्रति कुलपति के साथ उपस्थित थे। इसके बाद उद्घोषिका प्रोफेसर केया पाण्डेय ने मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार आगे का कार्य प्रारंभ किया। जिसमें मेडल पाने वाले छात्र.छात्राओं को बुलाना, कुलपति का उद्बोधन, अतिथियों का उद्बोधन और अंत में कुलाधिपति का उद्बोधन एवं तत्पश्चात कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत समारोह के समापन की घोषणा की गई। फिर शोभा यात्रा की वापसी प्रारंभ हुई और सबसे अंत में मेडल पाए हुए छात्र.छात्राओं के साथ कुलाधिपति जी का ग्रुप फोटो भी कराया गया। दीक्षांत समारोह के पूर्वाभ्यास के समापन के बाद सायं 4 बजे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में मंथन कक्षा में पुन: एक बैठक आहूत की गई।

# कुलपति आलोक राय ने किया पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन



**लखनऊ।** लविवि परिसर स्थित टैगोर लाइब्रेरी में कुलपति के निर्देशानुसार दीक्षान्त समारोह सप्ताह के बीच पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उद्घाटन कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा किया गया। कई प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशक एवं विक्रेता जैसे ओरियन्ट ब्लैक स्वान, एसचॉद, भारत बुक सेंटर, सीबीएस पब्लिशर, इंडिका पब्लिशर, मेट्रो बुक्स, रैपिड बुक सर्विस, ऋषभ बुक्स, एसएसडीएन प्रकाशन, टेक्निकल ब्यूरो इंडिया, यूनिवर्सन बुक सेलर्स, यूजफुल बुक सर्विस इत्यादि भागीदारी कर रहे हैं, जिसमें इन पुस्तक विकेताओं द्वारा विभिन्न विषयों तथा प्रकाशकों की पुस्तकें प्रर्दशित की गयी है। उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकणगों उनके विषय से सम्बन्धित पुस्तकों के नवीन संस्करण से परिचय कराना तथा छात्रों में पुस्तक पढ़ने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। प्रति कुलपति प्रो अरविन्द अवस्थी, कुलसचिव डा विनोद कुमार सिह, प्रो डीआर साहू पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ ज्योति मिश्रा उप.पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ बबिता जायसवाल, डॉ अंजली गुलाटी, डा पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, डॉ प्रवीश प्रकाश, पुस्तकालय के समस्त स्टाफ तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैंसर संस्थान में शार्ट सर्किट से लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**लखनऊ।** चकगंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेश्यालिटी कैंसर संस्थान के ओटी ब्लाक में सोमवार दोपहर आग लग गई। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नही हुई। संस्थान ने आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट बताया है। साथ प्रकरण की जांच के लिए एक कमेटी बना दी है। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के ओटी भवन के तीसरे तल पर स्थित यूपीएस रूम में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गयी। आग लगने के चलते ओटी ब्लॉक में धुआं फैलने लगा। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना देते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर ओटी ब्लाक में उपस्थित मरीजों, तीमारदारों, संस्थान कार्मिकों को एतियात के तौर पर ओटी बिल्डिंग से आईपीडी में शिफ्ट कराया गया। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने तत्काल मौके पर पहुँचकर आग बुझाया। आग लगने के कारणों के बारे में संस्थान का कहना है कि आग लगने के कारण चिकित्सा सेवा में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जाँच टीम गठित कर दी गयी है।

# यूजीसी के बाद पीएम उषा की रिपोर्ट में भी एलयू सूबे में पहले स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विवि** अनुदान आयोग द्वारा लविवि को श्रेणी वन का दर्जा दिये जाने के बाद प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) की तरफ से जारी रिपोर्ट में एलयू को पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। विवि ने उप्र में मल्टी डिसप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (एमईआरयू) कैटेगरी में 585 का उल्लेखनीय स्कोर अर्जित करते हुए राज्य में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। लविवि ने अन्य पैरामीटर्स में भी सबसे उच्च स्कोर प्राप्त किया है जैसे कि नैक ग्रेडिंग (100), एनआईआरएफ रैंकिंग 2023 (60), विवि में छात्रों की नामांकन (100), विभागों की संख्या (100), शिक्षक पदों की भर्ती (100) और पिछले रुसा अनुदान के सफल पूर्णता (100)। यह केंद्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान से विकसित हुआ है, जिसका प्रारंभिक उद्देश्य राज्य की उच्च शिक्षा में पहुंच, समानता और उत्कृष्टता बढ़ाना और राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के संस्थानों को वित्त पोषित करना है। यह योजना राज्य उच्च शिक्षा योजनाओं के मूल्यांकन के आधार पर धनराशि वितरित करने के साथ समानता, पहुंच और उत्कृष्टता पर जोर देती है। पीएम-उषा विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन कई कारकों पर करती है जैसे कि पाठ्यक्रम रूपरेखा और क्रेडिट प्रणाली के कार्यान्वयन, शैक्षिक क्रेडिट बैंक के अनुसरण, एकाधिक प्रवेश और निकास, एनएचईक्यूएफ पर दिशा-निर्देश, एमईआरयू क्लस्टर्स में पंजीकरण, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरुआत, डिस्टेंस लर्निंग, स्वयम और मूक्स कार्यक्रमों के लिए डिजिटल नोडल सेंटर के रूप में पंजीकरण, इंटर्नशिप कार्यक्रम, एलुमनाई कनेक्ट, एमओयूएस, अनुसंधान और विकास सेल, एनएएस ग्रेड, एनआईआरएफ आदि हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह हमारे संकाय, कर्मचारियों और छात्रों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

# ईको पर्यटन स्थलों को विश्व पटल पर प्रचारित करने का संकल्पः जयवीर सिंह

**● इंग्लैंड, अमरीका हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवल आपरेटर्स का दल पहुंचा लखनऊ**



**लखनऊ।** प्रदेश में ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कई पर्यटन स्थलों को प्रकृति का सीधे आशीर्वाद प्राप्त है। इन स्थानों को विश्व पटल पर प्रचारित-प्रसारित करना हमारा संकल्प है। इसी उद्देश्य से इंग्लैंड, अमेरिका, हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवल्स आपरेटर्स को फैम ट्रिप इस समय प्रदेश के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर रहा है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने सोमवार को एक स्थानीय होटल में टूर एवं ट्रेवल ऑपरेटर्स की टीम के सदस्यों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने इस भ्रमण यात्रा के बारे में प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि विदेश से आने वाले सैलानियों के मामले में पहले स्थान पर होए इसलिए पर्यटन के संभावित सभी आयामों पर तेजी से फोकस किया जा रहा है। यहां ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं है। परिणामस्वरूप इन स्थलों का लगातार विकास किया जा रहा है और पर्यटक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही हैं। देश विदेश के पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए जरूरी है कि उन्हें इन स्थलों और यहां की खूबियों से परिचित कराया जाए। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पर्यटन विभाग फैम ट्रिप में सहयोग कर रहा है। एक दिसंबर से यह यात्रा चंबल वेटलैंड से शुरू होकर सूरसरोवर पक्षी विहार होते हुए आज चार दिसंबर को लखनऊ पहुंची है। यहां से दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर जायेगी और टीम वहीं ठहरेगी। यहीं से किशनपुर वन्य अभयारण्य, कतरनिया घाट बहराइच और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेगी।

पर्यटन मंत्री ने इस आठ दिवसीय परिचय यात्रा पर विदेश से आए टूर एंड ट्रेवल आपरेटर्स से कहा कि आप यहां खूब घूमिए, देखिए, समझिए और अपने यहां खूब प्रचार करिए। लोगों को बताइए कि प्रकृति का वास्तविक स्वरूप देखना है तो उत्तर प्रदेश का अवश्य भ्रमण कीजिए। प्रत्येक कदम पर उत्तर प्रदेश सरकार मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी के साथ उच्च स्तर की अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध हैं। राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए आकर्षक पर्यटन नीति तैयार की है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश कुमार मेश्राम ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम केवल ईको पर्यटन स्थलों का ही नहींए अपितु वहां के स्थानीय लोगों के भी विकास का प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन से इनकी आय बढ़ेगी। इसी क्रम में युवाओं को टूरिस्ट गाइड बनाने की तैयारी है। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने प्रदेश में ईको टूरिज्म पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों से आने वाले टूर एंड ट्रेवल्स आपरेटर्स जब यहां के ईको पर्यटन स्थलों से प्रभावित होंगे तो वे अपने यात्रा विवरण में इस भ्रमण यात्रा को स्थान देंगे और दूसरों से भी अपने अनुभव को साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## मुंशी प्रेमचन्द्र के गांव लमही को बनाया जाएगा संग्रहालय

**● पर्यटन विभाग ने लगभग 10 करोड़ रुपए का भेजा प्रस्ताव**

**लखनऊ।** महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचन्द्र के जनपद वाराणसी स्थित पैतृक गांव लमही को संग्रहालय का रूप दिया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार कर शासन की अनुमति के लिए भेजा गया है। इसकी स्वीकृति मिलते ही संग्रहालय के निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जायेगा। इस संग्रहालय के कई भाग होंगे। जिसमें वर्चुअल म्यूजियम के अलावा गृहस्थी के समान तथा उनकी स्मृतियों से जुड़ी हुई अन्य सामग्री रखी जायेगी। इस संग्रहालय के माध्यम से उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र के प्रशन्सकों को उनके जीवन से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बताया कि मुंशी प्रेमचन्द्र ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की विडम्बनओं का चित्रण किया। उनकी रचना में समाज का वास्तविक चेहरा उभर कर आता है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन चेतना जगाई। वास्तव में कहा जाए तो उन्होंने समाज में व्याप्त तमाम विकृतियों को अपनी रचना में जहाँ एक ओर रेखांकित किया वहीं दूसरी ओर उनके समाधान का तरीका भी बताया। ऐसे कालजयी लेखक के सम्पूर्ण जीवन के घटनाक्रम को इस संग्रहालय में स्थान प्राप्त होगा। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग यहां संग्रहालय के साथ-साथ पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी विकसित करेगा।

# खाद्यान्न का निशुल्क वितरण आज से 20 दिसंबर तक

**लखनऊ।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर के सापेक्ष 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा. की दर से 5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूं तथा 21 किग्रा. चावल तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 2 किग्रा. गेहूं व 03 किग्रा. चावल 05 किग्रा, खाद्यान्न प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा।

## 9 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश के प्रत्येक जिले में सभी प्रकार के दीवानी वादए आपराधिक वाद राष्ट्रीय लोक अदालत एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारित किया जायेगा।

# बकाया बिल के झंझट से मुक्त होने के लिए शीघ्र कराएं पंजीकरणः ऊर्जा मंत्री

**● विद्युत विभाग की ओटीएस योजना का दूसरा चरण 15 दिसम्बर तक चलेगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विद्युत** उपभोक्ताओं के बकाये बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 15 दिसम्बर 2023 तक चलेगा। ओटीएस के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में शत प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जा रही। साथ ही अन्य उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों को भी पहले चरण में मिली छूट के सापेक्ष इस चरण में 10 प्रतिशत कम छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा मिल रही है। ओटीएस के पहले चरण 08 से 30 नवम्बर तक छूट लेने वाले उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ मिला।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओटीएस के दूसरे चरण में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा अपने बकाये बिलों के झंझटों से हमेशा के लिए मुक्त होने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही लाभप्रद, जन.कल्याणकारी योजना संचालित की गयी है और उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान का स्वर्णिम अवसर मिला है। प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों में 01 अप्रैल 2023 से आने वाले विद्युत बिलों को माफ किया गया है। 31 मार्च 2023 से पहले के बकाये बिलों में सरचार्ज पर शत.प्रतिशत की छूट दी जा रही है। किसान भाई भी योजना के तहत लाभ लेकर अपने बकाये का भुगतान कर दें।

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का सही से लाभ मिले इसके लिए सजग और सतर्क होकर कार्य करें। योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेए इस सम्बंध में योजना की सही से जानकारी उपलब्ध कराएं और कार्यों में तेजी लाएं। बड़े बकायेदारों से सम्पर्क करने का भी प्रयास किया जाय। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ओटीएस के प्रथम चरण में 20 लाख उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाया और इससे 2000 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें से 17.75 लाख छोटे घरेलू उपभोक्ता, 95 हजार वाणिज्यिक, 80 हजार किसान और 50 हजार बिजली चोरी व आरसी के मामले शामिल हैं।



आलमबाग के रामनगर में कपड़े की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी

# धान और बाजरा की खरीद में तेजी लाने की कवायद

**लखनऊ।** प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार उनकी पैदावार का उचित मूल्य प्रदान कर अपनी प्रतिबद्धता निभा रही है। सरकार ने 27 नवंबर तक 4708 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 103529 किसानों से 6.75 लाख मीट्रिक टन (निर्धारित लक्ष्य का 9.65 प्रतिशत) धान की खरीद की है। साथ ही 1182 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। श्री अन्न की खरीद में भी तेजी लाते हुए अब तक 373 क्रय केंदों से 1.54 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। इसके एवज में 29278 किसानों को 336.77 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

प्रदेश में धान प्रति केन्द्र औसत खरीद लगभग 143 मीट्रिक टन है। भारतीय खाद्य निगम, यूपीपीसीयू, पीसीएफ और यूपीएसएस की प्रति केन्द्र औसत खरीद में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कुल 5104 क्रय केन्द्र संचालित हैं, जिसके सापेक्ष 4712 केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ है जबकि 392 केन्द्रों पर भी जल्द खरीद शुरू होने की संभावना है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य धान कॉमन 2183 रुपए प्रति कुंतल/ग्रेड-ए 2203 रुपए प्रति कुंतल है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद लक्ष्य व 4000 क्रय केन्द्र संचालित किया जाना निर्धारित है। प्रदेश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 1628 क्रय केन्द्र एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 3476 क्रय केन्द्र ऑनलाइन संचालित है। श्री अन्न की खरीद की बात करें तो इस बार की तुलना में गत वर्ष प्रदेश में 8532 किसानों से कुल 0.44 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई थी। बाजरा खरीद हेतु प्रदेश के 40 जनपदों में 381 क्रय केन्द्र संचालित किए गए है, जिनमें से 305 केन्द्रों पर खरीद हो रही है। माईनर मिलेट्स (कोदो) की खरीद जनपद सोनभद्र में की जा रही है।

# डीजीपी ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को किया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** विजय कुमार ने 'लैटिन अमेरिकन पुलिस एंड फायर गेम्स-2023' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी ने खेल में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले उप्र पुलिस के मुख्य आरक्षी गगन पासवान व महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका आरोड़ा को पुलिस मुख्यालय में पुरस्कृत किया गया। अमेरिका के मैक्सिको शहर में आयोजित 'लैटिन अमेरिकन पुलिस एंड फायर गेम्स-2023' प्रतियोगिता में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त मुख्य आरक्षी गगन पासवान व महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका अरोड़ा द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य आरक्षी गगन पासवान द्वारा बैडमिन्टन (मिक्स डबल) में गोल्ड मैडल, टेबिल टेनिस (मिक्स डबल) में सिल्वर व स्वीमिंग में ब्रोंज मैडल प्राप्त किया गया तथा महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका अरोड़ा द्वारा टेबिल टेनिस (सिंगल) में गोल्ड, टेबिल टेनिस (मिक्स डबल) में सिल्वर मैडल एवं बैडमिंटन (मिक्स डबल) में गोल्ड मैडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का मान बढ़ाया।

# लाभार्थियों को आवश्यक वस्तुओं का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाएः सतीश चंद्र शर्मा

**● खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**खाद्य** एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि सभी क्रय केन्द्र संचालित कराते हुये नियमानुसार किसानों से धान व मोटे अनाजों की खरीद की जाये तथा किसानों को समय से भुगतान कराते हुए लक्ष्य पूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि ऋय केन्द्रों से राइस मिलों को प्रेषित किये जाने वाले धान व खाद्यान्न प्रेषण वाले वाहनों की जीपीएस की मॉनिटरिंग की जाये। विपणन शाखा के पीडीएस गोदामों को किरायेदारी से मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायी जाये।

यह निर्देश खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री, सतीश चन्द्र शर्मा ने सोमवार बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि उचित दर विक्रेताओं को उन्हें अनुमन्य लाभांश का भुगतान शीघ्र कराया जाय। उन्होंने कहा कि माह जनवरी 2024 तक एक समान तौर पर जनपदों में समस्त उचित दर दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे युक्त ई पॉस मशीनें स्थापित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण तत्परता से पूर्ण कराया जाये। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को आवश्यक वस्तुओं का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत शेष लाभार्थियों को सिलेण्डर की डिलीवरी शीघ्र सुनिश्चित कराते हुए उनके खातों में सब्सिडी की धनराशि का अंतरण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री से प्रादेशिक मुख्यायुक्त का चुनाव निष्पक्ष कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक निर्वाचन में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा प्रभात कुमार द्वारा निर्वाचन को प्रभावित करने के लिए जिलाधिकारियों के माध्यम से जबरिया नामांकन कराए जाने पर उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के के प्रदेशीय मंत्री डा आरके त्रिवेदी एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से निष्पक्ष निर्वाचन कराये जाने को लिए हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है।

संगठन के प्रदेशीय मंत्री डा आरके त्रिवेदी एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा प्रभात कुमार ने उप्र भारत स्काउट और गाइड का आजीवन प्रादेशिक मुख्यायुक्त बने रहने के लिए नियमों में बदलाव किए और जब शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा महेन्द्र देव ने प्रादेशिक मुख्यायुक्त पद पर चुनाव लड़ने की घोषणा की तो उनका नामाकंन निरस्त कराने के लिए प्रदेश के जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रस्तावकों व समर्थकों पर दबाव बना रहे है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि प्रादेशिक मुख्यायुक्त के कार्यालय के प्रादेशिक सचिव को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है, जो प्रादेशिक मुख्यायुक्त के दबाब पर ही पक्षपात कर रहे है। पहले तो 75 जनपदों में से 34 जनपदों को निर्वाचन में प्रतिभाग से अलग किया गया और अब प्रादेशिक मुख्यायुक्त का चुनाव लड़ने वाले शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा महेन्द्र देव का नामांकन निरस्त कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

## किसान पथ के पास अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** चिनहट के किसान पथ के पास 15 बीघे में अवैध प्लाटिंग पर एलडीए द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। बिना ले आउट पास कराए एलडीए से निर्माण करने पर विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज कर ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। आदेश पर प्रवर्तन दल द्वारा अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई कीगयी। एलडीए ने चिनहट के जुग्गौर में किसान पथ के पास लगभग 15 बीघा क्षेत्रफ्ल में की जा रही अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। प्रवर्तन जोन.1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अजयवीर व अन्य द्वारा बीबीडी में मजरा.जुग्गौर के अंतर्गत ग्राम.दुधरा व कुम्हारनपुरवा के बीच किसान पथ से लगी हुयी लगभग 15 बीघा जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये।

# रियल एस्टेट परियोजनाओं के प्रचार-प्रसार व विक्रय संबंधी विज्ञापनों के लिए मानक तय

**● यूपी रेरा ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रियल एस्टेट** परियोजनाओं के विज्ञापन के संदर्भ में उप्र सरकार से प्राप्त शासनादेश के अनुसार यूपी रेरा ने विज्ञापन के लिए उपलब्ध सभी प्रकार के मंचों पर विज्ञापन सम्बधी मानक दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा है। समाचार पत्रों, मैगजीन, ब्रोशर, लीफलेट्स, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा डिजिटल मीडिया एवं आउट्डोर पब्लिसिटी के मंचों पर पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजना के विज्ञापन के लिए यूपी रेरा पोर्टल तथा परियोजना का रेरा पंजीयन संख्या का प्रमुखता से उल्लेख होना चाहिए और यह एक अनिवार्य प्राविधान है।

प्रिन्ट विज्ञापन समाचार पत्र, ब्रोशर, लीफलेट सहित अन्य सोशल ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, आदि और डिजिटल ईमेल, वेबसाईट, प्रॉपर्टी पोर्टल आदि मीडिया के विज्ञापनों में पोर्टल और पंजीयन संख्या आसानी से पढ़ी जानी वाली होनी चाहिए जबकि रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह दोनों सुनने योग्य ध्वनि में पर्याप्त गति के साथ उद्घोषित किया जाना चाहिए। आउट्डोर होर्डिंग, पोल और स्ट्रीट बैनर जैसे विज्ञापन में दोनों बड़े अक्षरों में दूर से दिखने लायक और स्पष्ट रूप से पठनीय होनी चाहिए। इस संबन्ध में समस्त समाचार घरानों, मीडिया हाउसेज को भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है।

यूपी रेरा द्वारा विभिन्न ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रोमोशनल तथा विज्ञापन माध्यमों के अनुश्रवन के उपरान्त यह पाया गया कि प्रोमोटर्स, रियल एस्टेट एजेंटस तथा जनसम्पर्क माध्यम एवं विज्ञापन संस्थाओं द्वारा प्रदेश में रियल एस्टेट परियोजनाओं के संबन्ध में रेरा अधिनियम में निहित अनिवार्य प्राविधानों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। कई विज्ञापनों में पोर्टल और पंजीयन सँख्या डिसक्लेमर के रूप में तथा अपठनीय आकार में और गैर.प्रमुख स्थानों पर उल्लेखित की जाती है मीडिया के विभिन्न माध्यमों द्वारा निरन्तर जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, उल्लंघन करने वाले प्रोमोटर्स को कारण बताओ नोटिस भी प्रेषित किया जा रहा है और अर्थदण्ड भी आरोपित किया जा रहा है। रेरा अधि. 2016 के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रोमोटर्स तथा रियल एस्टेट एजेंटस द्वारा रियल एस्टेट परियोजनाओं के अन्तर्गत विपणन तथा विक्रय के लिए विज्ञापन तथा विवरण पुस्तिक की सत्यता को सुनिश्चित किया जाना रेरा अधिनियम की आधारभूत प्राविधानों में से एक है। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के अनुसारख रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापन में रेरा पोर्टल तथा रेरा पंजीयन सँख्या प्रमुखता और साफ व बड़े अक्षरों में उल्लेखित होनी चाहिए। जिम्मेदारी प्रोमोटर तथा एजेंट के साथ.साथ मीडिया हाउस की भी है।

# नवयुग में नए युवा मतदाताओं को जोड़ने का हो रहा प्रयास




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में सोमवार को को प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण 2024 अभियान के अंतर्गत 'कोई मतदाता ना छूटे'. इस उद्देश्य से नए युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज बड़ी संख्या में छात्राओं के वोटर आईडी कार्ड बनवाने के फार्म भरवाए गए और साथ ही 'मतदान-एक राष्ट्रीय कर्तव्य' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 21 छात्राओं ने प्रतिभाग किया प् महाविद्यालय परिसर में रंगोली तथा पोस्टर के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैडेट नैंसी विश्वकर्मा, युक्ता सिंह, माया यादव, प्रज्ञा शुक्ला, दिव्या बर्थवाल शिवानी वर्मा ने परिसर में रंगोली बना कर सभी को प्रेरित किया।

# दहशत में लोग, मोहनलालगंज पुलिस को चुनौती दे रहे बेखौफ चोर-लुटेरे

**● पुलिस की तमाम कोशिशें दरकिनार अपराधियों तक नही पहुंच सकी जांच टीमें**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**बेखौफ**चोर और लुटेरे मोहनलालगंज में एक के बाद एक अपराधिक वारदातें अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। हालांकि पुलिस की तमाम कोशिशें भी अब तक इनके गिरोह को दबोचने में कामयाब नही हो सकी हैं। लिहाजा वारदातों के खुलासे में देरी आम लोगों में दहशत की वजह बनती जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट साउथ जोन के अधिकारी भले ही वारदातों के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस और सर्विलांस की टीमें लगी होने का दावा कर रहे हों लेकिन धरातल पर पुलिस के तमाम दावे गुजरते वक्त के साथ खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। **'पायनियर'** की विशेष रिपोर्ट...

**केस-1** नगर पंचायत के मऊ गांव में गोकुल रेजीडेन्सी कालोनी की रहने वाली नीलू सिंह पहली दिसम्बर को मोहनलालगंज की एसबीआई से 50 हजार रुपए निकालकर पैदल घर लौट रही थीं। राधा स्वामी सत्संग व्यास के सामने मऊ रोड पर बाइक सवार दो बदमाश नीलू का रुपयों से भरा पर्स लूटकर भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की झलक दिखने के बावजूद चार दिन बाद भी फरार बदमाशों का सुराग नही लग सका है।

**केस-2** दहियर गांव निवासी प्रापर्टी कारोबारी गौरव अवस्थी 28 अक्टूबर की शाम खुझौली से वापस घर लौट रहे थे। गांव के निकट ही अपाचे सवार बदमाशों ने गौरव के गले में पड़ी सोने की चार चेन लूटकर फरार हो गए। सवा माह बीतने को है लेकिन पुलिस अब तक लुटेरों का सुराग नही लगा सकी है।

**केस-3** गोपाल खेड़ा निवासी भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुधांशु सिंह और मोहल्ले के कई अन्य घरों में 20 अक्टूबर की रात बेखौफचोरों ने धावा बोलकर लाखों के गहने और नकदी बटोरकर भाग निकले। डेढ़ माह बीतने को है लेकिन पुलिस अब तक चोरों के गिरोह तक नही पहुंच सकी है। लिहाजा गांव के दहशतजदा लोग रतजगा कर पहरा दे रहे हैं।

**केस-4** गोसाईगंज के परेहटा निवासी भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार पाण्डेय के घर से 8 सितम्बर की रात दुस्साहसी चोर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर भाग निकले। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर भी पुलिस अफसरों को वारदात के जल्द खुलासे की हिदायत दे चुके हैं। तीन माह बीतने को है फिर भी पुलिस टीमें गुनहगारों को दबोचने में नाकाम हैं।

# संकल्प यात्रा के माध्यम से घर-घर बताएंगे उपलब्धियां




**संवाददाता।** रायबरेली

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय अटल भवन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करके बताएंगे सरकार की उपलब्धियां विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन माध्यम से विधानसभा मंडल बूथ शक्ति केंद्र एवं ग्राम सभा स्तर पर किया जायेगा बैठक में वोटर चेतना महा अभियान की समीक्षा की गई एवं आगामी अभियानों को लेकर के कार्यकर्ताओं बताया गया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी शरद सिंह जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जन्मेजय सिंह मोहित अग्रवाल राजेंद्र चतुर्वेदी वीरेंद्र सिंह दल बहादुर सिंह जिला मंत्री विवेक शुक्ला संतोष गुप्ता कृष्ण चौधरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा अखिलेश तिवारी शिवराम सिंह विनायक प्रताप सिंह भागवत किशोर सिंह वीरेंद्र गौतम सुनील सिंह कालिका पंडित राधेश्याम पाल राम सुमेर लोधी सहित सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी बैठक में उपस्थित रहे।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में जायेगा भाजपा का प्रचार रथ

**वरिष्ठ भाजपा नेता गोविन्द यादव के निधन पर दी श्रद्धांजलि**

**संवाददाता।** सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य नागरिकों को केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में सूचित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। यात्रा का लक्ष्य जागरूकता बढ़ाना और कल्याणकारी योजनाओं के लाभों के वितरण को सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने कहाकि कई सरकारी योजनाएं इस पहल का अभिन्न अंग हैं, जिनमें आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना स्वामित्व जैसी कई योजनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम के निमित्त जिले मे 6 प्रचार वाहन चल रहे है जिसमें हम सभी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण व पार्टी के वरिष्ठ नेता, मोर्चा के सभी पदाधिकारी योजनानुसार प्रचार वाहन के साथ सभी विधानसभाओं में उपस्थित रहेंगे जिस मण्डल में प्रचार वाहन रथ जायेगा वहां पर पहले से ही 15 सदस्यीय मण्डल टोली स्थानीय स्थल पर उपस्थित रहेगी प्रचार वाहन के मण्डल संयोजकों को रथ के साथ रहना है, प्रत्येक ग्रामसभा मे कार्यक्रम स्थल पर एक दिन पूर्व स्वच्छता अभियान ग्रामीणों के साथ मिलकर चलायेंगे।

यह कार्यक्रम लगातार 30 दिन तक चलेगा। बैठक के अंत मे भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविन्द यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया। बैठक में मुख्यरुप से जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या रामसुन्दर निषाद जीत सिंह खरवार विनोद पटेल शंम्भू नारायण सिंह कन्हैया लाल जायसवाल विशाल पाण्डेय पुष्पा सिंह गुडिया त्रिपाठी विनय श्रीवास्तव रजनीश रघुवंशी बृजेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नक्सलियों की टोह में पुलिस ने की काम्बिंग



**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा इंजानि व उससे सटे धरतीडाड़ के जंगलों में सोमवार की शाम प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय के नेतृत्व में बीजपुर पुलिस ने नक्सलियों की टोह में सघन काम्बिंग की। प्रभारी निरीक्षक श्री पांडेय ने जंगलों में पशुओं को चरा रहे चरवाहों व ग्रामीणों से जानकारी ली और संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में चर्चा कर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा। उन्होंने कहा कि उनका नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा वे कहीं भी किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो वे इस बात की सूचना पुलिस को अवश्य दें। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के बावत भी जानकारियां हासिल की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निदान पुलिस विधि अनुरूप अवश्य करेगी। काम्बिंग में क्राइम निरीक्षक अजय विक्रम यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## अवैध तमंचा एवं जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ.नि. दलजीत सिंह थाना जामो मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रए चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिए वस्तुए वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दलबहादुर पुत्र शिव महेश निवासी उमरपुर मजरे जामो थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को नहर पटरी जियामऊ नहर पुलिया के पास से समय करीब 10:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त एवं बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पीएम मातृ योजना के तहत जिले में 8 दिसम्बर तक चलेगा अभियान

**मिर्जापुर।** गर्भवती व बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जिले में दो दिवसीय पंजीकरण को लेकर अभियान चलाया गया। जिसको अब विभाग द्वारा 08 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है। जिसके तहत 985 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रथम व द्वितीय सन्तान बेटी होने पर पंजीकरण कराने पर विभाग की ओर से जोर दिया गया। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि पीएमवाईयोजना के तहत इस वर्ष जिले में 16000 महिलाओं का पंजीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिनको प्रथम व द्वितीय संन्तान बेटी होने पर लाभान्वित किया जायेगा। अभियान को लेकर जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में तमाम अवसरों पर महिलाओं का पंजीकरण करने का कार्य करे। जिला कार्यम समन्वयक विजय शंकर गुप्ता ने बताया कि गर्भधारण के 570 दिन के अन्दर लाभ पहुंचाने के लिए पंजीकरण करने का कार्य किया जायेगा। पहली बार मां बनने वाली गर्भवती को दो किस्तो में राशि दिया जा रहा है। प्रथम किस्त में तीन हजार रूपये व द्वितीय किस्त में दो हजार रूपये लाभार्थी के खाते में विभाग द्वारा सीधे भेजा रहा है। लेकिन अब योजना में नई व्यवस्था के द्वारा द्वितीय संतान लड़की होने पर छह हजार रूपये दिये जायेगे। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर पंजीकरण करने का कार्य किया जायेगा। द्वितीय बच्चा यदि एक अप्रैल 2022 को या उसके बाद जन्म लेने की दशा में 30 दिसम्बर 2023 तक ही उसका पंजीकरण किया जा सकेगा।

# अधिवक्ता दिवस पर हुआ पांच वकीलों का किया गया सम्मान

**संवाददाता।** मुसाफिरखाना, अमेठी



**अधिवक्ता** दिवस के अवसर पर स्थानीय बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना ने पांच वरिष्ठ अधिवक्ताओं को माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन को देश भर में अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसारएकार्यक्रम के शुरुआत में अधिवक्ताओं ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती व डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र माल्यार्पण कर नमन किया। अपने सम्बोधन में स्थानीय संघ अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र ने कहा कि डाण् राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ताओं के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने डा. राजेंद्र प्रसाद के जीवन से जुड़े कई पहलुओं पर प्रकाश डाला और प्रेरणा लेने की बात कही।पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं ने सदैव समाज का नेतृत्व किया है।इसलिए आज भी अधिवक्ताओं को आपने आदर्श मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को डॉ राजेन्द्र प्रसाद का आचरण अपनाना चाहिए।कार्यक्रम को संघ के कई अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया।मंच का संचालन एडवोकेट सुनील कुमार श्रीवास्तव ने किया

**इन अधिवक्ताओं का किया गया सम्मानः** बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना की ओर से पांच वरिष्ठ अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र, कुलदीपमणि त्रिपाठी, जगतराम पाल, ओम प्रकाश मिश्र, लल्लन प्रसाद ओझा को मालापहना कर व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग कर्मचारियों को किया सम्मानित

**ऊंचाहार।** एनटीपीसी अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष पर परियोजना के दिव्यांग कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाए जिसमें उनके लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने दिव्यांग कर्मियों से बातचीत की और उनके द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा की व सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री छाबड़ा ने कहा कि मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे दिव्यांग कर्मियों की क्षमताएं ही उनकी पहचान हैं। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के संकल्प से जुड़ते हुए एनटीपीसी में निरंतर अपना योगदान देने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि आप सब एनटीपीसी का हिस्सा हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) चन्द्रशेखर मधुकर बुरलावर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विजय कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) दिशा अवस्थी, उप महाप्रबंधक (टाउनशिप सिविल) राजेश शर्मा, उप महाप्रबंधक (प्लांट सिविल) सुदेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) कृष्ण प्रताप सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) मेघा घई ने किया।

## चिकित्साधिकारी पूनम शर्मा को मिला यूथ वर्ल्ड रॉयल अवार्ड



**शिवगढ़,रायबरेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देहली में तैनात चिकित्साधिकारी पूनम शर्मा को यूथ वर्ल्ड रॉयल अवार्ड 2023 से नवाजा गया है जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूनम शर्मा को उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण एवं उत्थान की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण कार्य के लिए यूथ वर्ल्ड न्यूज एण्ड सोशल फाउंडेशन द्वारा यूथ वर्ल्ड रॉयल अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व भी उन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा दर्जनों अवार्ड प्रदान किए जा चुके हैं। ज्ञात हो कि चिकित्साधिकारी पूनम शर्मा के इलाज से सैकड़ों घरों के आंगन में बचपन खिलखिला रहा है। संतान की आश छोड़ चुके दम्पतियों की सूनी गोद भर गई है। यही कारण है कि कोई उन्हें भगवान की उपाधि देता है तो कोई उन्हें गॉड गिफ्टेड मानता है। पूनम शर्मा को यूथ वर्ल्ड रॉयल अवार्ड मिलने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा उन्हे शुभकामनाएं दिए जाने का सिलसिला जारी है।

## सैनिक स्कूल में मना 53वां भारतीय नौसेना स्थापना दिवस



**अमेठी।** प्रधानाचार्य सैनिक स्कूलए लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक ने बताया कि आज भारतीय नौसेना के 53वें स्थापना के अवसर पर सैनिक स्कूलए अमेठी द्वारा स्थापना दिवस मनाया गयाए उक्त अवसर पर सैनिक स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग तथा भविष्य में भारत की तीनों सेनाओं के अधिकारी के रूप में तैनात होकर देश सेवा करने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कमाण्डर रवि मिश्रा 01 यूपी नवल एनसीसी यूनिट, प्रयागराज द्वारा स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया तथा अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा करते हुए सभी सैन्य छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सिद्धार्थ शेखर नेहराए प्रशासनिक अधिकारी सैनिक स्कूल अमेठी सहित सैनिक स्कूल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम बोले-रोक दो वेतन

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जिलाधिकारी** आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजनए दवा एव ड्राप बैक की सुविधाए ओपीडी एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डा. आशीष गोल्डेन कार्ड को.आर्डिनेटर का वेतन रोकने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओ की उपलब्धता रहेए ओपीडी का संचालन तथा नियमित रूप से सीएचओ एवं एनएम की उपस्थिति का निर्देश दिया। समस्त सीएचसी, पीएचसी पर सीसी टीवी कैमरा का संचालन रिकॉर्डिंग मोड पर रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षको को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होने जननी सुरक्षा योजनार्न्तगत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ को निःशुल्क भोजनए तथा दवा एव ड्राप बैक की सुविधा के साथ-साथ 48 घण्टे रोके जाने के निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने ई.कवचए जननी सुरक्षा योजनाए जेएस वाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, आशाध्जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रणए कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म.मृत्यु पंजीयन एवं अन्य बिन्दुओ पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होने कहा कि जो भी शासन की योजनाए संचालित है उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एनएचएम) समस्त एम ओ वाई सी एंव अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के कनकपुर अड्डा मजरे कल्यानी गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, मामले की छानबीन कर रही है। गाँव निवासी मनीचन्द्र 30 वर्ष पुत्र स्व राम बहादुर रविवार की रात पत्नी बिजमा व दो बच्चों के साथ खा पीकर प्रतिदिन की भांति सो गया, सोमवार की सुबह पुलिस को परिजनों द्वारा फाँसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की सूचना दी, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक का शव चारपाई पर पड़े हुए पाया ,जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।मृतक के गले में चोट के निशान मिले हैं उसके चाचा रामजियावन ने गला दबाकर युवक के हत्या किये जाने की आशंका जताई है।ग्रामीणों की माने तो युवक का पत्नी बिजमा से आये दिन विवाद होता था और कुछ दिनों पहले पति पत्नी का विवाद थाने भी पहुंचा था, जहां पुलिस ने दोंनो का सुलह कराकर घर भेज दिया था।वहीं आशनाई के चक्कर में युवक की हत्या किये जाने की चर्चा भी गाँव के लोगों के बीच की जा रही है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## ईकवच को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**मिर्जापुर।** ईकवच को लेकर सोमवार को सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने दी।

डब्लूजेसीएफ के जिला समन्वयक आशीष सिंह ने दी। संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईकवच में लगे आपरेटरों को फीडिंग करने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और एक प्रश्नपत्र को भी हल कराया गया जिसमें सभी आपरेटरों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने बताया कि जिले के पांच विकासखण्डों ब्लाक में नियमित टीकाकरण में डब्लूजेसीएफ विभाग का सहयोग कर रही है द्य इस दिशा में आगे किस तरह बेहतर कार्य किया जाएए इस पर कार्यशाला के दौरान डब्लूजेसीएफ के सदस्यों से ईकवच पर फीडिग को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई । नियमित टीकाकरण बच्चों व माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे मजबूत माध्यम है और स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहा है । जिले में डब्लूजेसीएफ संस्था के सहयोग के बाद निश्चित ही हमारे नियमित टीकाकरण सेवाओं के परिणाम और बेहतर आएँगे और हम टीकाकरण के द्वारा आसानी से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को और कम करने मे भी सफल होंगे। इसके साथ ही सभी से डिजिटल होने पर जोर दिया गया। मायाशंकर मिश्र ने सभी उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि आंकड़ों के आधार पर अपनेण् अपने माइक्रोप्लान को तैयार करें और टीकाकरण के सेवाओं में डब्लूजेसीएफ के सहयोग से सुधार लाने का प्रयास करें द्य इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## शिक्षक जमीनी स्तर पर अपने दायित्वों का करे निर्वहनः प्राचार्य

**सकलडीहा,चन्दौली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर सोमवार को तीन दिवसीय गणित किट का प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इस दौरान सभी विकास खंड के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। अंत में प्राचार्य डाण् माया सिंह ने गणित शिक्षा के महत्व को प्रत्येक बच्चों को कुशलता पूर्वक बताने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर गणित किट के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ माया सिंह ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया । प्राचार्य ने कहा कि स्कूलों में गणित किट के प्रभावी प्रयोग करने के लिए शिक्षकों को जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। जिसका प्रत्यक्ष परिवर्तन विद्यालयों में दिखाई पड़े। प्रशिक्षण प्रभारी सन्तोष कुमार गुप्ता ने बताया कि गणित की समझ बच्चों में अच्छे से विकसित हो । इसलिये गणित किट का प्रशिक्षण जनपद के नगर क्षेत्र सहित कुल 10 विकास खंडों के शिक्षकों दिया जा रहा है। अंत में संदर्भदाता दीनदयाल पाण्डेय, इंदु श्रीवास्तव, कुंवर कलाधर सिंह, जय नारायण यादव ने गणित किट पर विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार, डॉ रोशन कुमार सिंह , डॉ रामानंद, केदार, राजेश सिंह, बिजेंद्र भारती राजश्री सिंह, लिली श्रीवास्तव जयंत, स्वाति राय, मंजू कुमारी, नंद कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अब डॉक्टर के पर्चे से ही खरीद सकेंगे दवा

**मिर्जापुर।** अगर किसी भी बीमारी की दवा खरीदनी है तो इसके लिए आपको मेडिकल स्टोर पर डॉक्टर का पर्चा अवश्य दिखाना होगा। बिना डॉक्टर का पर्चा दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर मालिकों पर कार्रवाई होगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टार सीएल वर्मा ने सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जिले के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को इस आदेश के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि मलेरिया व मौसमी बुखार को देखते हुए मेडिकल स्टोर के संचालकों के लिए नया आदेश जारी किया गया है। 30 सितम्बर से मेडिकल स्टोर संचालक किसी डॉक्टर के परामर्श पत्र या पर्ची के बगैर किसी भी मरीज को न देने का आदेश जारी है लेकिन आदेश की क्रियावन्यन के लिए टीम को आदेशित किया और बताया कि इसके पूर्व यह नियम सिर्फसर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार की दवाओं के लिए ही लागू था। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि यह आदेश विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिये गए। साथ ही कहा गया कि इस आदेश की अवहेलना करने वालों पर विभागीय एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी। ईण्संजीवनी एप पर बताई जाने वाली दवा भी मोबाइल दिखा कर खरीदी जा सकती है।

## भट्ठा स्वामियों के साथ अपर जिलाधिकारी ने की बैठक

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित ईंट भट्ठा स्वामियों के साथ विनिमयन शुल्क जमा किए जाने को लेकर बैठक किया। बैठक में उन्होंने बताया कि शासन द्वारा ईंट भट्ठा के विनिमयन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023 निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि के अंदर अभी तक मात्र 43 भट्ठा स्वामियों ने विनिमयन शुल्क जमा किया है शेष भट्ठा स्वामियों को शीघ्र अति शीघ्र ब्याज के साथ विनिमयन शुल्क जमा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में भट्ठा स्वामियों की शिकायतों को भी सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने कहा कि बिना शुल्क जमा किए कोई भी भट्ठा संचालित होता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# महिला चिकित्सालय में भव्य रूप से मनाया गया कन्या जन्म उत्सव



**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनपद** में सोमवार को शासन के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को कन्या जन्म उत्सव मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है जिसके क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी के निर्देशन के क्रम में सोमवार को कन्या जन्म उत्सव का आयोजन महिला चिकित्सालय मे किया गया जिसमें 12 बच्चियों के जन्म पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्म उत्सव मनाया गयाए कार्यक्रम में बालिकाओं की माताओं को, हिमालया बेबी किट, तोलिया एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गयाए कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक, शिखा सिंह गौतम जिला समन्वयक, लक्ष्मी मौर्य व आशा बहने मौजूद रहे।

# भूख से मुक्ति के लिये रचनात्मक कदम है अनाज बैंक: अखिलेश

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में गरीबो व मजलूमो की मदद के लिए अनाज बैंक की स्थापना विशाल भारत संस्थान के तत्वाधान मे सोमवार को चीतनाथ घाट पर किया गया। अनाज बैंक गाजीपुर शाखा का उद्घाटन वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश चौरसिया ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपोज्वलन कर किया तत्पचात संगोष्ठी में बोलते हुए मुख्यअतिथि ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में भूख की समस्या है। भूख की समस्याओं को स्थगित नहीं किया जा सकता। भूख पीड़ितों की सेवा मानवीय मानदण्डों का सबसे उच्चतम् आदर्श है। अनाज बैंक भूख पीड़ितों के लिये एक आदर्श मॉडल हैए जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के भूख की चिंता की जाती है। कभी कभी बहुत लोग परिस्थितिजन्य भूख के शिकार हो जाते हैंए उनको भी अनाज बैंक का सहारा मिल सकता है। भूख से मुक्ति के लिये यह रचनात्मक कदम हैए व्यक्तिगत जिम्मेदारी के अलावा हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी हैए सामाजिक क्षेत्र में पुलिस वालों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैए पुलिस सोहदों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे और बेटियों के लिये अनुकूल माहौल बनाने की अपील की। वही महिला कचहरी का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं की समस्या का निस्तारण किया गया। विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनाज बैंक के संस्थापक डॉ0 राजीव श्रीगुरूजी ने कहा कि अनाज बैंक भूख पीड़ितों की सेवा के लिये हमेशा तैयार है। देश पर कोई भी आपदा आती है तो अनाज बैंक पूरी तरह सरकार की मदद करता हैए यह भारत का गैर सरकारी संगठित मॉडल है जो भूख पीड़ित परिवार के बच्चों को भूख से तड़पते नहीं देख सकताए अनाज बैंक ने यह साबित कर दिया कि आज भी लोग अपने त्याग और संतोष के जरिये दूसरों का पेट भरना चाहते हैंए प्रारम्भिक आवश्यकता भोजन है। भूख से मौत होने पर हम सदमें में रहते हैं। इस मॉडल से हम दुनियां भर को रास्ता दिखाना चाहते हैं कि बिना सरकारी मदद के समाज के सहयोग से भी पेट भरो आन्दोलन चल सकता है। काशी से शुरू हुआ यह अनाज बैंक दुनियां भर की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामपंथ के धर्म प्रवक्ता डॉ0 कवीन्द्र नारायण ने कहा कि सेवा के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग को भूख से मुक्ति दिलायी जा सकती है। भूख के लिये कार्य करना पीड़ित मानवता की सेवा है। कार्यक्रम का संचालन विशाल भारत संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अर्चना भारतवंशी ने किया एवं धन्यवाद विशाल भारत संस्थान जिला चेयरमैन शंकर पाण्डेय ने दिया।

इस अवसर पर एसपी ओमवीर सिंह, अनाज बैंक के डिप्टी चेयरमैन ज्ञान प्रकाश, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कुँअर नसीम रजा सिकरवारए डॉ. नजमा परवीन, नाज़नीन अंसारी, आभा भारतवंशी, नौशाद अहमद दूबे, मृत्युंजय यादव, धनंजय यादव, प्रवीण सिंह, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार शर्मा स्वप्निल राय, डॉ. जगदीश वर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, आदित्य प्रकाश जायसवाल, राकेश जायसवाल, प्रिंस पाण्डेय, धर्मेन्द्र जायसवाल, मनोज सिंह, इली भारतवंशी, खुशी भारतवंशी, उजाला भारतवंशी, दक्षिता भारतवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# चुनाव परिणाम

## भाजपा की लहर

**विधानसभा चुनाव** परिणामों में भाजपा की लहर दिखाई दी। उसने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विजय पाई, जबकि कांग्रेस ने तेलंगाना में केसीआर को हरा दिया। हाल ही में हुए पांच विधानसभा चुनावों में से चार के परिणामों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा अविवादित नायक के रूप में उभरे हैं। पार्टी ने मध्य प्रदेश को अपने पास बनाए रखा है, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ को उसने कांग्रेस से छीन लिया है। हालांकि, देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' ने तेलंगाना में केसीआर को मुख्यमंत्री पद से हटा कर कर्नाटक में सरकार बनाने के बाद दक्षिण में अपनी स्थिति मजबूत की है। लेकिन जनादेश से स्पष्ट है कि हिंदी हृदय क्षेत्र में जनता अन्य सभी विपक्षी पार्टियों की तुलना में भाजपा को पसंद करती है। तीन प्रमुख राज्यों में उसकी विजय भाजपा की चुनाव रणनीति तथा जनता की पसंद के बारे में बहुत कुछ कह देती है। चुनाव परिणामों का विश्लेषण करने वाले राजनीति विश्लेषकों का ध्यान स्वाभाविक रूप से इसके 2024 के आम चुनाव पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव की ओर है। भाजपा की शानदार विजय इसकी परंपरागत राज्यों में निरंतर लोकप्रियता रेखांकित करती है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने सफलतापूर्वक सत्ता-विरोधी भावनाओं का लाभ उठाया तथा मतदाताओं के समक्ष प्रमुख मुद्दों के मामले में उनके साथ एकजुटता प्रदर्शित की। मध्य प्रदेश में पार्टी ने कोई मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं घोषित किया था, पर इसके बावजूद वह विपक्षी विमर्श का प्रभावी रूप से मुकाबला कर स्वयं को स्थानीय सरोकारों के साथ जोड़ कर सत्ता बनाए रखने में सफल हुई। इन परिणामों ने भाजपा की चुनावी रणनीति में मतदाताओं को प्रभावित करने वाले स्थानीय मुद्दों तथा मजबूत नेतृत्व का महत्व उजागर कर दिया है। तेलंगाना में कांग्रेस की एकमात्र विजय यहां उसके मतदाताओं से जुड़ने तथा राज्य-संबंधी प्रमुख मुद्दों पर उसके दृष्टिकोण पर निर्भर रही।



कुल मिला कर समग्र परिदृश्य हमें भारतीय राजनीति की विविधता याद दिलाता है, जहां क्षेत्रीय स्थितियां परिणाम निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। चुनाव परिणामों ने तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में क्षेत्रीय विविधता की शक्ति दिखाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की मजबूत स्थिति रेखांकित की है। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की शानदार विजय ने विपक्ष के एजेंडे पर भी एक प्रकार से भाजपा की विजय घोषित कर दी है। कांग्रेस पार्टी ने अनेक गारंटियां देकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया था, पर 'मोदी की गारंटी' इन सब पर भारी पड़ी है। जातीय गणना के कांग्रेस के वादों पर भी मतदाताओं ने ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में केवल चार जातियों-युवा, गरीब, महिलाओं और किसानों की बात कर मतदाताओं को बांटने के विपक्षी प्रयासों को धूल में मिला दिया। मतदाताओं ने दिखा दिया है कि केन्द्र तथा भाजपा शासित राज्यों की जन-कल्याणकारी योजनायें उनका वास्तव में विकास कर रही हैं। विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिला प्रबल समर्थन इस विश्वास का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और मतदाता विकास की इस दिशा को और गति देना चाहते हैं। इसी आधार पर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2024 में एक बार फिर अपनी विजय का विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव परिणामों को 'भ्रष्टाचारियों' के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने का जनादेश भी बताया है।

# बलूचिस्तानः एक अघोषित युद्धक्षेत्र

**बलूचिस्तान-पाकिस्तान में सालों से युद्ध चल रहा है। लेकिन यह मीडिया में नहीं दिख रहा है क्योंकि बलूचिस्तान में कोई मीडिया नहीं है। बलूचिस्तान की जनता पाकिस्तान के अवैध कब्जे के खिलाफ आंदोलनरत है।**

**मीर खान बलूच**
(लेखक, बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं)



बलूचिस्तान अंग्रेजों के चले जाने के बाद एक स्वतंत्र देश था जहां बाद में पाकिस्तान ने जबरन कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी कब्ले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना यहां लगातार दमन और उत्पीड़न का राज कायम रखे है तथा वह हर तरीके से बलूच जनता के मुक्त होने के अधिकार को कुचल रही है। हालिया वर्षों में पाकिस्तानी सेना व अर्धसैनिक बलों का दमन तंत्र बहुत तेज हो गया है और इसके साथ ही बलूचिस्तान को मुक्त करने की मांग भी वैश्विक मंचों पर उठने लगी है। आज यहां स्कूल गैरिजनों में बदल गए हैं तथा गांव नजरबंदी शिविर बन गए हैं। घर-घर तलाशी रोजमर्रा की गतिविधि में बदल गई है। विश्वविद्यालयों और कालेजों के छात्रों का परिसरों में उत्पीड़न हो रहा है और उनको परेशान किया जाता है। महिलाओं के साथ बलात्कार तथा महिला छात्राओं से छेड़खानी आम बात हो गई है।

पाकिस्तानी सेना और सशस्त्र बल पत्रकारों को पकड़ लेते हैं और बाद में उनकी क्षत-विक्षत लाशें पूरे बलूचिस्तान में सड़कों के किनारे व बंजर जमीनों पर फेंक दी जाती हैं। आज पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले बलूचिस्तान की यही स्थिति है। बलूच नौजवानों को न केवल नशीले पदार्थ या हथियार रखने, बल्कि ऐसी किताबें रखने पर भी नतीजे भुगतने पड़ते हैं जिनको रखना बलूचिस्तान में अपराध माना जाता है। हमने हमास-इज़राइल युद्ध के बारे में टीवी और मीडिया पर घटनाक्रम देखा है, पर बलूचिस्तान और पाकिस्तान के बीच युद्ध मीडिया में नहीं दिखता है क्योंकि बलूचिस्तान में मीडिया लगभग अनुपस्थित है। बलूचिस्तान सूचनाओं के लिए अंधकार वाला क्षेत्र है। यहां नशीले पदार्थों व हथियारों की स्मगलिंग आसान है क्योंकि पाकिस्तान इसका समर्थन करता है, लेकिन मानवाधिकार उल्लंघनों तथा बलूचिस्तान में जारी युद्ध पर लिखना आसान नहीं है। बलूच लोग अपने उत्पीड़न से संबंधित खबरें सोशल मीडिया पर डालते हैं। लेकिन यदि कोई बलूच अपने देश में पाकिस्तानी अवस्थापना, सेना और आईएसआई के युद्ध अपराधों के बारे में लिखता पाया जाता है तो उसे उठा लिया जाता है और कुछ ही समय बात उसकी लाश कहीं पाई जाती है।

16 नवंबर को पाकिस्तान की सेना और पुलिस ने जल एवं समुद्री संसाधनों पर लासबेला उठाल कृषि विश्वविद्यालय के बलूच छात्रों पर गोली चलाई थी। इसमें दर्जनों छात्र घायल हुए तथा अनेक को गिरफ्तार कर अज्ञात स्थानों पर ले जाया गया। इस घटना की वीडियो फुटेज ने इस क्षेत्र के लोगों में भय और गुस्सा पैदा किया और वे लासबेला की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के लिए उतर आए। 19 नवंबर, 2023 को पाकिस्तानी आईएसआई ने तीन बलूच छात्रों-आदिल, शाहजहां और नबी दाद को गिरफ्तार कर उनके हाथ रस्सियों से बांधे। इसके बाद उनको विस्फोटकों से लदे एक वाहन में बंद कर कार को डिटोनेटर से उड़ा दिया। इससे तुरबत के होशाब क्षेत्र में वे तीनों मारे गए। उनमें से दो भाई हैं। इन तीनों का संबंध एक ही परिवार से है जिसका तुरबात में 22 अगस्त, 2023 को शाम तीन बजे पाकिस्तानी सेना ने अपहरण कर लिया था। पाकिस्तानी सेना ने उनके घरों पर छापा डाला था। यह पाकिस्तानी सेना की नई तकनीक है। इसके पहले अनेक मामलों में बलूच बंधकों को नीची उड़ान भर रहे हेलीकाप्टरों से फेंक दिया गया था जिससे उनकी मौत हो गई थी।

वास्तव में बलूचिस्तान की घटनाओं पर सारी दुनिया को ध्यान देना चाहिए। समय की आवश्यकता है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बलूचिस्तान के बारे में बहस को पुनर्जीवित किया जाए। अकादमिक थिंक टैंकों तथा बलूचिस्तान के मित्रों के संस्थानों को बलूच नेतृत्व और जनता को अपने साथ शामिल कर ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे वे एक दूसरे के निकट आ सकें तथा एकीकृत लक्ष्यों के लिए काम कर सकें। हमें पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' तथा सेना का बलूचिस्तान के बारे में यह भ्रम तोड़ना होगा कि बलूचिस्तान के बारे में वैश्विक स्तर पर चर्चा नहीं हो सकती है। इस उप-महाद्वीप में विभाजन के बाद हमने देखा कि भारत पर पाकिस्तान और चीन ने हमले किए। भारत के प्रति चीन की बढ़ती आक्रामक नीतियों से स्पष्ट है कि पीएलए भारत को लगातार घाव देने की अपनी नीति छोड़ने को तैयार नहीं है जो पिछले कई दशक से जारी है। चीन भारत को चारों ओर से घेरने की अपनी नीति लागू करने में कोई कसर नहीं उठा रहा है। दिल्ली को न केवल सीमाओं से खतरा है, बल्कि वह जानबूझ कर ऐसे आंतरिक संघर्षों में हस्तक्षेप करता है जहां चीन सभी प्रकार के ऐसे उग्रवादियों का समर्थन करता है जो भारत के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ लड़ रहे हैं। चीन की फंडिंग से अक्सर गैर-राज्य कारकों को राजनयिक मंचों पर भी चीन का समर्थन मिलता है। चीन ऐसे तत्वों का संयुक्त राष्ट्रसंघ व सुरक्षा परिषद तक में समर्थन करता है। इन स्थितियों को देखते हुए बलूचिस्तान पर भी भारत को ध्यान देना चाहिए। बहुत से लोग इस दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं। बलूचिस्तान के विदेशी राजनयिकों के प्रयासों से संकेत मिलता है कि उनके प्रयासों का लाभ मिल रहा है। संकेत हैं कि आने वाले वर्षों में बलूचिस्तान विश्व महाशक्तियों के ध्यान का केन्द्र बन जाएगा। भारत को इस स्थिति का लाभ उठा कर बलूचिस्तान में विद्रोह को वैश्विक मंचों पर उठाना चाहिए तथा बलूचों की मुक्ति के लिए अपना पूरा राजनयिक, राजनीतिक व अन्य समर्थन देना चाहिए। भारत को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं, स्थायित्व तथा अर्थव्यवस्था के प्रति विभिन्न खतरों को देखते हुए एक दीर्घकालीन 100-वर्षीय योजना बनानी चाहिए।

ऐसे में आवश्यक है कि दिल्ली बलूचिस्तान के लिए एक आधिकारिक संवाद मार्ग खोले तथा भावी सहयोग का रास्ता तैयार करे। यदि भारत बलूचिस्तान का समर्थन करता है तो उसे तेल आयात के लिए रूस, सऊदी अरब और वेनेजुएला पर निर्भर नहीं रहना होगा क्योंकि बलूचिस्तान में खाड़ी और वेनेजुएला से अधिक तेल है। भारत की द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी की 42 प्रतिशत आवश्यकता 2021 तक कतर से पूरी होती थी, पर दोहा की अदालत द्वारा हाल ही में 8 पूर्व नौसैनिक कर्मियों को सजा देने से ऊर्जा का वहां से आयात प्रभावित हो सकता है। इस बिंदु पर भारत को बलूचिस्तान से एलएनजी खरीदने के विकल्प पर विचार करना चाहिए क्योंकि वहां प्राकृतिक गैस के भारी भंडार हैं। बलूचिस्तान खनिजों में भी समृद्ध है और एक बार मुक्त होने के बाद वह भारत की अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा तथा वैश्विक स्थिति को मजबूत कर सकता है।

बलूचिस्तान का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह पाकिस्तान द्वारा हमले और कब्जे का मुद्दा है। हम पाकिस्तान का यह भ्रामक विमर्श स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि बलूचिस्तान स्वेच्छा से पाकिस्तान में शामिल हुआ था। बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के इस दावे के पक्ष में कोई विधिक या समुचित प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इस मुद्दे पर व्यापक शोध के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि उप-महाद्वीप से अंग्रेजों के पलायन से पहले बलूचिस्तान का शासन अंग्रेज उसी प्रकार करते थे जैसे वे भारत पर ब्रिटिश कब्जे के दौरान करते थे। जब अंग्रेजों ने उप-महाद्वीप छोड़ने का निर्णय किया तो बलूचिस्तान में कलात राज्य के राजा ने 11 अगस्त, 1947 को अपनी स्वतंत्रता की घोषणा कर दी थी। इस तथ्य को अच्छी तरह दस्तावेजों में दर्ज किया गया है कि कलात राजा की इस घोषणा के बाद कलात 7-8 महीने स्वतंत्र रहा था। इस कालखंड में पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना ने कलात के खान मीर अहमद यार खान पर लगातार दबाव डाला कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान में शामिल हो जाना चाहिए। लेकिन अहमद यार खान ने लगातार अपने देश को पाकिस्तान में शामिल करने से इनकार किया। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि बलूचिस्तान के दोनों सदनों-हाउस आफ लार्डस तथा हाउस आफ कामन्स ने एकमत से पाकिस्तान में शामिल होने का जिन्ना का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। स्पष्ट है कि पाकिस्तान ने जबरन बलूचिस्तान पर कब्जा किया है।

# कृत्रिम बुद्धि के अनगिनत लाभ

> सरकारी सांख्यिकीविदों से सावधानी और अंशांकन के साथ एआई को अपनाने का आह्वान किया गया है।



रोहित भारद्वाज



पंकज श्रेयस्कर

बुद्धिमत्ता, पहचान, ज्ञानोदय, व्यवस्थित पूछताछ और डेटा संग्रह में विकास के साथ जुड़े संकल्प, और संचय, तर्कसंगत जांच और कंप्यूटर प्रसंस्करण शक्ति जैसी सहज मशीन सुसंगत प्रक्रियाओं के आगमन के साथ, एआई मानव बुद्धि को बढ़ाने और बढ़ाने के अवसर प्रदान करता है। लोग अपना काम और जीवन कैसे जीते हैं।

2018 में, नीति आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति विकसित की, जिसका नाम है एआई के लिए एआई। इस रणनीति का उद्देश्य एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना है। यह इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करता है कि भारत सामाजिक समावेशन और आर्थिक विकास के लिए एआई का लाभ कैसे उठा सकता है। एआई का क्षेत्र विशाल है जिसमें मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, बड़े भाषा मॉडल, संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग आदि शामिल हैं। जिस क्षेत्र में इसे लागू किया जाता है उसके आधार पर इसका उपयोग भी अलग-अलग प्रकार का होता है। शासन के उपकरणों में से एक, आधिकारिक सांख्यिकी प्रणाली एक ऐसा क्षेत्र है जहां गले लगाने का आह्वान किया गया है लेकिन हाथ मिलाना अभी बाकी है।

डेटा का संग्रह आधिकारिक सांख्यिकी के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। डेटा का संग्रह ज्यादातर जनगणना सर्वेक्षणों के माध्यम से और कर संग्रह अभ्यास के हिस्से के रूप में उत्पन्न डेटा जैसे प्रशासनिक कार्रवाई के उप-उत्पाद के रूप में किया जाता है। जनगणना और सर्वेक्षण करते समय, सबसे बड़ी समस्याओं में से एक डेटा गुणवत्ता और गैर-प्रतिक्रिया है, जिसके कारण डेटा गायब हो जाता है। एआई की मदद से, एमएल मॉडल को लागू करके लापता और समस्याग्रस्त डेटा को खोजने और गलत मूल्यों को बदलने और लापता मूल्यों को सम्मिलित करने का कार्य बहुत तेजी से किया जा सकता है।

कृत्रिम बुद्धि तकनीकी प्रणाली का एक अन्य संभावित उपयोग डेटा संग्रह प्रक्रिया में एक बड़े भाषा मॉडल-आधारित चैटबॉट का उपयोग हो सकता है। चैट जीपीटी की तरह यह चैटबॉट फील्डवर्क मैनुअल से गणनाकर्ता को तुरंत जानकारी प्रदान करने में सहायता करेगा। इससे उन्हें भारी-भरकम दस्तावेजों को बार-बार पढ़ने की परेशानी से राहत मिलेगी, जिससे फील्डवर्क में कठिन परिश्रम और नीरसता आती है। भारत जैसे भाषाई विविधताओं से परिपूर्ण देश में जहां बीस से अधिक आधिकारिक भाषाएं हैं, एक और उपयोग का मामला एआई-आधारित उपयोगिता हो सकता है जो गणनाकर्ता और प्रतिवादी के बीच दो-तरफा बातचीत में मदद करता है जो हमारे डेटा के सामने आने वाली भाषा बाधा को हल करने में काफी मदद करेगा। मैदान में योद्धा. इसके अलावा, छवियों को पढ़ने की क्षमता वाले मल्टी-मोडल बॉट बहुत मददगार होंगे क्योंकि डेटा एकत्र करते समय परिभाषा के संबंध में भ्रम उत्पन्न होने पर वे गणनाकर्ता को तत्काल स्पष्टीकरण देने में सक्षम होंगे।

एआई, विशेष रूप से एमएल का एक अन्य संभावित उपयोग आधिकारिक आंकड़ों के लिए पाठ्य डेटा का वर्गीकरण और कोडिंग कार्य हो सकता है। सांख्यिकीय संगठनों में कोडिंग और वर्गीकरण कार्य के संदर्भ में, दिया गया सेट आम तौर पर एक सर्वेक्षण या प्रशासनिक डेटा स्रोत से प्रतिवादी द्वारा प्रदान किया गया एक पाठ या कथा है। उदाहरण के लिए, यह किसी व्यक्ति के व्यवसाय या प्रशासनिक व्यवसाय रजिस्टर में वर्णित कंपनी की आर्थिक गतिविधि का वर्णन कर सकता है। नए आंकड़ा स्रोतों के निरंतर बढ़ते उपयोग के साथ, सांख्यिकीय संगठन जिस टेक्स्ट डेटा के साथ काम कर सकते हैं, उसमें इंटरनेट से निकाले गए उत्पाद विवरण या ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से प्राप्त टेक्स्ट पोस्ट भी शामिल हो सकते हैं। इस परिदृश्य में वर्गीकरण और कोडिंग का उद्देश्य आसान समझ और त्वरित विश्लेषण के लिए विवरणों को अंतरराष्ट्रीय या कॉर्पोरेट सांख्यिकीय वर्गीकरण प्रणालियों, जैसे मानक औद्योगिक वर्गीकरण (एसआईसी), और मानक व्यावसायिक वर्गीकरण (एसओसी) में वर्गीकृत करना हो सकता है। सांख्यिकीय संगठनों के लिए छवि डेटा अभी भी अपेक्षाकृत नए प्रकार का डेटा है, लेकिन यह पता लगाने की आवश्यकता बढ़ रही है कि आंकड़ों के उत्पादन के लिए छवि डेटा का उपयोग कैसे किया जा सकता है। ये मॉडल प्रशिक्षण डेटा सेट में छवियों के साथ रुचि के चर (जैसे, भवन प्रकार, भूमि कवर प्रकार) को जोड़ सकते हैं और सटीकता के उचित स्तर के साथ नई छवियों को वर्गीकृत कर सकते हैं। इन कार्यों का स्वचालन (या आंशिक स्वचालन) छवि डेटा में बड़ी मात्रा में जानकारी को विश्वसनीय और तेज़ तरीके से संसाधित करने की अनुमति दे सकता है। आवश्यक गणना सहित तैनाती की लागत किसी संगठन में एआई की तैनाती को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। संगठनों में एआई के उपयोग को आगे बढ़ाने के लिए सांख्यिकीय संगठनों के सामने दूसरी मुख्य चुनौती आवश्यक कौशल को एक साथ लाना है क्योंकि एआई को डोमेन, कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकी के लोगों की आवश्यकता होती है; किसी प्रोजेक्ट के सार्थक उपयोग के लिए सभी मिलकर उस पर काम कर रहे हैं।

संगठन के दृष्टिकोण के साथ एआई उपयोग के मामलों का संरेखण कृत्रिम बुद्धि प्रणाली को अपनाने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू माना जाता है। एआई का विकास एक तदर्थ प्रक्रिया नहीं बल्कि एक सुविचारित रणनीति का अहम हिस्सा होना चाहिए जिसमें शीर्ष प्रबंधन का समर्थन और सभी हितधारकों का विश्वास उन्हें या उनके काम को बदलने के बजाय उनके ऊपर पड़ने वाले बोझ को कम करने के एक उपकरण के रूप में होना चाहिए।

## आप की बात

### लाड़ली बहनों की विजय

**लाड़ली लक्ष्मी** के बाद लाड़ली बहना ने कमल को साक्षी मानकर ऐसा कमाल दिखाया कि मध्यप्रदेश में पुन: प्रचंड बहुमत के साथ शिव का राज स्थापित हो गया। यह लाड़ली बहनों की विजय है। मध्यप्रदेश ही नहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सत्ता भी फिसल गई। छत्तीसगढ़ में भी जनता और सत्ता के बीच छत्तीस का आंकड़ा जरूर रहा होगा तभी तो परिणाम पलट गए और भूपेश बघेल को कुर्सी गंवानी पड़ी। तेलंगाना में कांग्रेस को सत्ता मिली है, पर भाजपा ने वहां भी 8 सीटें प्राप्त कर ली हैं। जो भी राजनीतिक पार्टियां सत्तासीन हुई हैं उन्हें सभी राजनीतिक भेद-भाव भूलकर जनसेवा में जुट जाना चाहिए। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को यही संदेश दिया है। सत्ता में आई पार्टियों को जनता से किये सभी वादों की ओर ध्यान देते हुए उन्हें पूरे करने के प्रयास करने चाहिए। मध्य प्रदेश के साथ ही राजस्थान व छत्तीसगढ़ में महिलाओं ने दिल खोल कर चुनावों में भाग लिया। इससे स्पष्ट है कि आने वाले सालों में और खासकर महिला आरक्षण लागू होने के बाद देश की राजनीति में महिलायें अपना हिस्सा लेने को तैयार हैं। उम्मीद है कि इससे राजनीति में कुछ शालीनता, सभ्यता और महिला-सम्मान की भावना पैदा होगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी पर विश्वास

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की बड़े बहुमत के साथ विजय ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पुन: विश्वास वक्त किया है। इस बार सारे एग्जिट पोल के अनुमान धराशाई हो गए। बीजेपी ने भी नहीं सोचा होगा उसे इतना अधिक समर्थन जनता देगी। विपक्ष की जातिगत जनगणना की मांग या पुरानी पेंशन फिर से बहाल करने जैसे मुद्दों को भी जनता ने नकार दिया है। इन चुनाव परिणामों से न सिर्फ भारत में वरन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद और ऊंचा होगा। इन परिणामों को 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। इससे जाहिर हो गया है कि 2024 में मोदी के सामने इंडिया गठबंधन कोई विशेष चुनौती खड़ी नहीं कर पाएगा। इन चुनाव परिणामों से यह भी सिद्ध हुआ है कि गालियां देने या घटिया शब्दों का उपयोग करने से मतदाता नाराज होता है। और वह ऐसा करने वालों को सबक सिखा देता है। कांग्रेस ने जिस तरह सनातन का अपमान किया उससे भी लोग गुस्से में थे। विधानसभा चुनव परिणामों में मतदाताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और विपक्ष को सकारात्मक राजनीति अपनानी चाहिए।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मोदी की लोकप्रियता

**एक बार फिर** साबित हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता अपने चरम पर है और इसका कोई तोड़ अभी फिलहाल विपक्षी खेमे में दिख नहीं रहा है। अगर यह सेमीफाइनल था तो फाइनल के नतीजे भी कोई चौंकाने वाले नहीं होने वाले हैं। हिंदी हृदय भूमि के तीनों ही राज्यों में भाजपा ने मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बताया था और वह प्रधानमंत्री की छवि, भाजपा द्वारा किये विकास कार्यों, हिंदुत्व तथा अनेक कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे ही लड़ी। महिला वोटर ने इस बार जमकर उनका साथ दिया है। राहुल गाँधी का पनौती वाला कमेंट बुरी तरह उल्टा पड़ गया है। स्टालिन के पुत्र द्वारा दिए सनातन विरोधी बयान से भी मतदाता गुस्सा हुए। कांग्रेस ने भले ही बीआरएस से तेलंगाना छीन लिया हो लेकिन वह इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का सपना पूरा नहीं कर पायेगी। 2019 के चुनावों से पहले कांग्रेस ने यह तीनों राज्य जीते थे, पर आज वह 2024 चुनावों से ठीक पहले यह तीनों राज्य हार गयी है। आज मोदी की लोकप्रियता पहले के किसी भी समय की तुलना में अधिक है और वह लगातार बढ़ती ही जा रही है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### सनातन का अपमान

**विधानसभा चुनाव** परिणाम विपक्ष व खासकर कांग्रेस द्वारा सनातन धर्म को अपमानित करने का ही परिणाम है। यह निष्कर्ष कांग्रेस के ही संत आचार्य प्रमोद कृष्णम् का है। वास्तव में 2014 से अब तक कांग्रेस का एक सूत्री कार्यक्रम सनातन धर्म-संस्कृति को अपमानित कर मुस्लिम तुष्टीकरण की छांव में सत्ता तक पहुंचना। जनता बार-बार कांग्रेस को सचेत करती रही है किन्तु कांग्रेस ने इससे सबक नहीं लिया। इसके अलावा इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं में हिन्दू और सनातन को गाली देने की जो होड़ लगी हुई थी उसका बदला आज जनता ने मत-शस्त्र द्वारा ले लिया। हालांकि, राहुल और प्रियंका गांधी ने मन्दिर जाने और जनेऊ धारण करने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी किन्तु जनता ने असली और नकली हिन्दू की पहचान कर ली है। चुनाव परिणामों से यह भी स्पष्ट है कि देश अब जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर की सोचने लगा है। जनता अब ओबीसी मुद्दे या रेवड़ियों के छलावे का शिकार होने को तैयार नहीं। इन चुनाव परिणामों ने 2024 का लोकसभा चुनाव परिणाम भी स्पष्ट कर दिया है।

–**नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# सत्रह सिविल वादों की सुनवाई हुई शुरू

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद कोर्ट ने सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड और शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का दिया समय, एक मामले में वाद की पोषणीयता पर पहले ही हो चुका है फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर मथुरा जिला अदालत से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए स्थानांतरित 18 सिविल वादों में से 17 वादों की सुनवाई की गई। एक वाद में कोर्ट कमिश्नर भेजने तथा प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट के तहत वाद की पोषणीयता आपत्ति पर लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मयंक जैन ने बारी बारी से मुकदमों की सुनवाई की। पक्षकारों की तरफ से अर्जियां और हलफ़नामे दाखिल किए गए। किसी ने पक्षकार बनाने तो किसी ने संशोधन अर्जी दी।

कोर्ट ने विपक्षियों को सिविल वाद और अर्जियों पर जवाब दाखिल करने का समय दिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड और शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी को पक्षकार बनाया गया है।सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी 17 सिविल वादों में कौन कौन पक्षकार उपस्थित हुआ है। इसकी जानकारी ली और उनके वाद पर सुन्नी वक्फबोर्ड और शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी से जवाब दाखिल करने को कहा है। हालांकि कहा गया कि एक सिविल वाद जन्मभूमि से संबंधित नहीं है। गलती से स्थानांतरित होकर आया है। सुन्नी वक्फबोर्ड सिविल वाद संख्या तीन 17 और 18 में पक्षकार नहीं है। 17 मामलों की सुनवाई की गई। पक्षकारों की ओर से हलफ़नामे दायर किए गए। फ़िलहाल अभी सुनवाई को कोई तारीख तय नहीं है। आदेश आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

एक पक्षकार ने मंदिर का ऐतिहासिक व पौराणिक पक्ष रखते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र ने मथुरा मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर के लिए जमीन दान में मिली। इसलिए जमीन के स्वामित्व का कोई विवाद नहीं है। मंदिर तोड़कर शाही मस्जिद बनाने का विवाद है। राजस्व अभिलेखों में जमीन अभी भी कटरा केशव देव के धाम दर्ज है। कोर्ट ने तथ्य हलफ़नामे में दाखिल करने को कहा। मालूम हो कि हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मांग की गई कि श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर मथुरा जिला अदालत में विचाराधीन सभी सिविल वादों की हाईकोर्ट में सुनवाई की जाए। जिस पर न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्र ने याचिका स्वीकार करते हुए मथुरा में विचाराधीन सभी वादों की सुनवाई हाईकोर्ट में किए जाने का आदेश दिया और जिला जज मथुरा को सभी मुकद्दमों को हाईकोर्ट स्थानांतरित करने का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफसुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। उसके बाद सभी सिविल वादों की सुनवाई की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट गोपाल गिरी महाराज भगवान बाल श्रीकृष्ण विराजमान ठाकुर केशव देव जी महाराज श्री भगवान श्रीकृष्ण लाला विराजमान ठाकुर केशव देव दी महाराज विराजमान मंदिर कटरा केशव देव मथुरा भगवान श्री बाल कृष्ण केशव देव विराजमान खेवट संख्या 255 सहित कुल 18 मुकदमों की हाईकोर्ट में सीधे सुनवाई की जा रही है।

# तीन राज्यों के बाद लोकसभा में भी हैट्रिक लगाएगी भाजपाः सिद्धार्थ नाथ सिंह



## तीन राज्यों में भाजपा की विजय पर भाजपाइयों ने मनाया जश्नए बांटी मिठाई

प्रयागराज। देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों के नतीजे भाजपा के पक्ष में आने के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। 2024 का सेमीफ़ाइनल कहे जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर पूर्व कबीना मंत्री और भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पीएम मोदी को जीत की गारंटी बताया है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश और पूरे विश्व में आज पीएम मोदी गारंटी बने हुए हैं। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी हैं तो मुमकिन है। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के प्रयागराज स्थित आवास पर आज बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने अपने महानगर टीम एवं कार्यकर्ताओं के साथ सिद्धार्थ नाथ सिंह को बुके देकर और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर आतिशबाजी की गई और लोगों ने जीत की खुशी में मिठाइयां भी बांटी। जीत की खुशी को भाजपा के कार्यकर्ता खुद को रोक नहीं पाए और ढोलक की ताल पर जमकर थिरके। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि जहां तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री बनाने का सवाल है पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर पार्टी हाई कमान मुख्यमंत्री तय करेगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में बीजेपी को मिली जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। इसी के साथ 2024 में 400 पार का नारा पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी कहा है कि तीन राज्यों की हैट्रिक अब लोकसभा में भी 2024 में हैट्रिक बनाएगी। तीन राज्यों में हार के बाद विपक्षी गठबंधन द्वारा 6 दिसंबर को बुलाई गई बैठक पर निशाना साधते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि अब विपक्ष चाहे जो बैठक बुला ले। क्योंकि विपक्षी गठबंधन अवसरवादी और घमंडी गठबंधन है। इसलिए जनता विपक्षी दलों के साथ नहीं है। उन्होंने कहा है कि जनता का विश्वास सिर्फ मोदी पर है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब कोई भी बैठक कर ले सिर्फऔर सिर्फएक ही रिजल्ट आएगा 400 पार भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा है कि विपक्ष जब भी सत्ता में आता है तो भ्रष्टाचार करता है और जनता को लूटता है। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष को सनातन का श्राप लगा है।

# ग्राम विकास पंचायतीराज व मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार मे ग्राम विकास पंचायती राज व मनरेगा आदि विभागो द्वारा संचालित योजनाओ के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांव के विकास मे पंचायत राज ग्राम विकास एंव मनरेगा की अहम भूमिका है एइसलिए ये सभी विभाग आपस मे समन्वय बनाकर गांव मे विकास कार्य करवाकर गांव का चहुमुखी विकास करना सुनिश्चित करे ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास गरीब असहाय व्यक्तियों के वरदान है इसलिए पात्र व्यक्तियो का चयन कर उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाय और यह भी ध्यान रखा जाय कि कोई भी पात्र गरीब असहाय बेसहारा व्यक्ति छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने ब्लॉक वार अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा की और अपूर्ण आवासों को पूरा करने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के समीक्षा के दौरान मानव दिवस का सृजन लक्ष्य के अनुरूप न पाए जाने पर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गांव में ग्राम वासियों के आवागमन हेतु चकमार्गो सम्पर्क मार्गो जंहा पर मिट्टी पटाई का कार्य होना है तत्काल चयन कर कराया जाय ताकि गाँव के श्रमिको को रोजगार भी मिल सके और मानव दिवस का लक्ष्य भी पूरा हो सके। पंचायत राज विभाग की समीक्षा के दौरान यह ज्ञात हुआ कि गांवों में जो कूड़े के निस्तारण हेतु कूड़ा पृथक करण केन्द्र बनाया गया है लेकिन उनमें से अधिकतर केंद्रो का अभी तक संचालन नही हो पाया है जिसे इस माह के अंत दिसम्बर तक संचालन करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया गया है।

# किसानों व जनसमस्याओ को लेकर सपाईयों ने दिया 9 सूत्रीय मांग पत्र



संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी संगठन सपा नेताओं ने 9 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा है। ज्ञापन सौपने वालो में पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे, सपा वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, रामदरश यादव, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र यादव, मोहम्मद अहमद, ग्राम प्रधान आंटाकला एखलाक अहमद, सपा युवा नेता सुनील सिंह, इन्दल यादव, राम आशीष यादव, राम सुरेश चौरसिया, मनोहर सिंह, रमेश चन्द यादव, सैय्यद फ़िरोज अशरफ़, श्याम जी विश्वकर्मा, कोमल यादव सहित सपा नेताओं ने मांग किया है कि जनपद के सभी क्रय केन्द्र सुचारू रूप से संचालित किए जाए, किसानों के धान को क्रय किया जाए तथा पर्याप्त मात्रा में बोरा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, सरकारी कर्मचारी और बिचौलियों की साठ गाठ से किसानों को अपना धान बेचने में कठिनाई हो रही है सरकारी कर्मचारी और बिचौलियों के गठबंधन की जांच करा कर कठोर कार्यवाही किया जाए, समस्त सोसायटी पर पर्याप्त मात्रा में डाई, यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, जनपद में सरकारी संस्थाओं पर गेहूँ के बीज की किल्लत है जिसको दूर किया जाए, जनपद में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा जनपदवासियों के मन में भय का वातावरण व्याप्त है। कानून व्यवस्था चुस्त और दुरूस्त किया जाए, सरकारी कर्मचारियों का जनता के प्रति रवैया उदासीन है। जिसको तत्काल प्रभाव से दूर किया जाए, सरकारी अधिकारियों के द्वारा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों को चिन्हित करके उत्पीड़न किया जा रहा है इस पर तत्काल रोक लगाया जाए तथा तहसील और थानें भ्रष्टाचार के अड्डे बन चुके है, जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाया जाने की मांग किया है।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी को बड़ी राहत

## प्रशासक नियुक्त होने तक जब्त पेट्रोल पम्प चलाने की मिली अनुमति

प्रयागराज। बाहुबली मुख्तार अंसारी की पत्नी फ़रहत अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त पेट्रोल पम्प याची को चलाने की अनुमति देने का निर्देश दिया है और कहा है कि पेट्रोल पंप का अलग हिसाब रखा जाए। जिसे गैंगस्टर कोर्ट में पेश किया जाए। कोर्ट ने कहा बिना प्रशासक नियुक्त किए जिलाधिकारी को पेट्रोल पम्प सीज करने का कानूनी अधिकार नहीं है। कोर्ट ने गैंगस्टर कानून के तहत जब तक प्रशासक नियुक्त नहीं कर लिया जाता तब तक याची को पेट्रोल पम्प संचालित करने देने का निर्देश दिया है। याची को धारा 16 के तहत दाखिल अर्जी पर कोर्ट में अपनी आपत्ति दाखिल करने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा जिलाधिकारी गाजीपुर सम्पत्ति की कुर्की कर सकते हैं किंतु प्रशासक नियुक्त किए बगैर सीज नहीं कर सकते। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति एस ए एच रिजवी की खंडपीठ ने फ़रहत अंसारी की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

याची का कहना है कि उसने 2019 में अपनी कमाई से पेट्रोल पम्प स्थापित किया है। गैंगस्टर की सम्पत्ति से पम्प स्थापित होने का आरोप गलत है। याची ने आयकर रिटर्न भी दाखिल किया। अपर महाधिवक्ता का कहना था कि सम्पत्ति कुर्क कर गैंगस्टर कोर्ट को संदर्भित कर दिया गया है और याची ने कोई आपत्ति पेश नहीं की है। याची को जिलाधिकारी के समक्ष आपत्ति करनी चाहिए थी। जब्त सम्पत्ति कोर्ट को संदर्भित की गई है जहां से अवमुक्त कराई जा सकती है। इस पर कोर्ट ने कहा जिलाधिकारी सम्पत्ति कुर्क कर सकते हैं किंतु सीज करने का अधिकार नहीं है।

### होटल मामल में अब्बास अंसारी को राहतए जमानत अर्जी मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गजाला होटल की भूमि के बैनामे के मामले में बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को राहत दे दी है। कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। अब्बास अंसारी पर मऊ के सदर कोतवाली क्षेत्र के महुआबाग इलाके में निर्मित होटल की भूमि की खरीद फ़रोख्त में धोखाधड़ी का आरोप है। इसी मामले में अब्बास की मां आफ़शा अंसारी भाई उमर अंसारी भी आरोपी हैं। जिला प्रशासन ने होटल का पहले ही ध्वस्तीकरण कर दिया है। याची का कहना था कि होटल के लिए जब भूमि का लेनदेन किया गया तो उस समय याची किशोर था। इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। उसका कोई लेना देना नहीं था। जिला प्रशासन ने सियासत की वजह से ऐसा किया। कोर्ट ने इस मामले में जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की थी। तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए अब्बास की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती मिला मॉ व मासूम बेटे कया शव, पुलिस जॉच में जुटी

संतकबीरनगर। एक मां को दो साल के लाडले पर रहम भी नहीं आई। पति की फटकार से नाराज होकर मासूम बेटे के साथ फंदे से लटककर खुदकुशी कर डाली। दर्दनाक घटना जिसने भी सुना हैरान रह गए। घटना को लेकर गांव में हड़कंप मचा है। परिवार के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है। पुलिस छानबीन में जुटी है। पुलिस के अनुसार 4, दिसम्बर, 2023 की सुबह 8 बजे जरिए टेलीफोन की सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गगनई राव में किरण पत्नी जामवंत केवट अपने 2 वर्षीय पुत्र विज्ञांतु के साथ छत के कुंडी से फंदे से लटक गई है इस सूचना पर फॉरेंसिक टीम एवं नायब तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंच कर देखा गया तो साड़ी के फंदे से किरण उम्र लगभग 25 वर्ष एवं उसका पुत्र उम्र लगभग 2 वर्ष लटके पड़े हैं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अद्वैत और तंत्र दर्शन को एक साथ समझने की जरूरतः प्रो आर के झा

## सीएमपी महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित



प्रयागराज। सीएमपी महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता प्रो आर के झा दर्शन एवम धर्म विभाग बीएचयू ने शीर्षक पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो आर के झा ने आगम निगम परंपरा के बारे में बताया। उन्होंने आगम परंपरा पर प्रकाश डाला। प्रो झा ने बताया कि हम जो गौड़पाद और शंकराचार्य के अद्वैत को परंपरागत ढंग से समझते हैं उसमें बहुत सी त्रुटियां हैं। जिसका मुख्य कारण उनके तांत्रिक साहित्य की अवहेलना है। उन्होंने बताया हमें अद्वैत और तंत्र दर्शन को एक साथ समझने की ज़रूरत है। इसके लिए प्रो आर के झा ने नयी अवधारणा दी तंत्राद्वैत। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ रमा रानी पूर्व संयोजिका दर्शनशास्त्र विभाग सीएमपी डिग्री कॉलेज ने भी उक्त विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो अजय प्रकाश खरे प्राचार्य सीएमपी डिग्री कॉलेज ने की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत दर्शन शास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ सानू तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पवन कुमार यादव एवं धन्यवाद डॉ रेनू चौधरी ने किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ सरोज सिंह डॉ आभा त्रिपाठी डॉ संतोष श्रीवास्तव डॉ अनिल डॉ नीरज डॉ रविंद्र डॉ अरुण डॉ सत्य प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# एलएलएम की शिवानी और अमित हुए बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी पद पर चयनित







अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित एलएलण्एमण् पाठ्यक्रम के 2021 सत्र के छात्र शिवानी सिंह एवं अमित पाण्डेय का बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी पद पर चयन हुआ। इनकी सफ़लता पर विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय एवं पाठ्यक्रम के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रो0 अशोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में पाठ्यक्रम के छात्र.छात्राएं निरन्तर प्रतिमान गढ़ रहे है। प्रो0 राय ने बताया कि हाल ही में एलएलण्एमण् पाठ्यक्रम की छात्रा आश्री शाह ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में बारहवाँ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय की यशगाथा में एक नया अध्याय जोड़ा है। छात्रों की इस उपलब्धि पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अजय कुमार सिंहए डॉ0 सन्तोष पाण्डेयए डॉ0 विवेकए डॉ वंदना गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# दिव्यांगो का हौसला कम नही, लेडी अफ़सर प्रियंका व श्वेता ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



संतकबीरनगर। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद पर आयोजित दिव्यांग बच्चों हेतु आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका यादव जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी एवं श्रीमती श्वेता त्रिपाठी जिला प्रोवेशन अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया है। इस क्रम में दृष्टि वाधित बच्चों की प्रतियोगिता में ब्रेल लेखन प्रतियोगिता में जगन्नाथ प्रथम सोनी द्वितीय अनुराधा तृतीय ब्रेल पठन प्रतियोगिता में अब्दुल कादिर प्रथम साकिया द्वितीय ज्ञानू तृतीय छूकर पहचानो प्रतियोगिता में आवेश रजा प्रथम नंदनी द्वितीय गुलशन तृतीय बालिकाओं की दौड़ में वंदना प्रथम राजनंदनी द्वितीय पूनम तृतीय श्रवण बधित बोरा दौड़ में रंजीत प्रथम अंकित द्वितीय हसन तृतीय श्रवण बाधित बालकों के दौड़ में गुलशन प्रथम सबवे आलम द्वितीय अनमोल तृतीय मानसिक बच्चों की प्रतियोगिता में आंसर प्रथम बृजेश स्तुति हिमांशु तृतीय कुर्सी पर प्रतियोगिता में काजल प्रथम आराध्या द्वितीय अन्न्या तृतीय रंगोली प्रतियोगिता में लकी एवं किरण प्रथम जय एवं दीप्ति द्वितीय महिमा एवं मनीष तृतीय अस्थि दिव्यांग बच्चों की प्रतियोगिता में गौरव प्रथम अंकुश द्वितीय शिव तृतीय सुई धागा दौड़ प्रतियोगिता में संगीता प्रथम मीनाक्षी द्वितीय रंजन तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मगहर महोत्सव की बैठक में डीएम ने "कबीर महोत्सव" नाम रखने का दिया सुझाव



संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मगहर महोत्सव-2024 के आयोजन के संबंध में समिति के सदस्यों एवं सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता एवं अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। बैठक में मगहर महोत्सव का सफ़ल आयोजन कराये जाने के संबंध में आयोजन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। महोत्सव समिति के सदस्य पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा विगत वर्षो में मगहर महोत्सव के आयोजन की संक्षिप्त रूप-रेखा से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने महोत्सव समिति के सदस्यों का स्वागत एवं उनकी भावनाओं का आदर करते हुए कहा कि संत कबीर की धरती पर इस तरह के आयोजन की परम्परा निश्चित रूप से सराहनीय है। जिलाधिकारी ने संत कबीर दास जी के आदर्शो, विचारो तथा उनकी सामाजिक ख्याति से प्रेरित "मगहर महोत्सव" का नाम "कबीर महोत्सव" करने का सुझाव दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में आगामी 14 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली बैठक में महोत्सव के आयोजन की तिथि एवं अवधि के बारे में अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। इसके पूर्व उन्होंने आयोजन के दौरान सम्मिलित कार्यक्रमों का विस्तृत कैलेण्डर तैयार करने का निर्देश दिया।

# जेल में कैंपेन का आयोजन



अंबेडकर नगर। जिला जेल अंबेडकर नगर में जेलर जी एस यादव के संरक्षण में जिला जेल अंबेडकर नगर में [illegible] कैंपेन का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वाधान में किया गया कैंपेन के मुख्य अतिथि अविनाश सिंह जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया सभी कैदियों की जांच सेवाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कंपेन् के अंतर्गत सभी कैदियों का पांच प्रकार की जांच यानी स्क्रीनिंग किया जाना है जिसमें यह मुख्य हैं एचआईवी स्क्रीनिंगए टीवी स्क्रीनिंगए एस टी आई स्क्रीनिंग हेपेटाइटिस बी एवं सी स्क्रीनिंगए किया जाएगा स्क्रीनिंग उपरांत रिएक्टिव केसों को कंफ़र्मेटरी टेस्ट करके उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाएगा स मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस माह में माइक्रो प्लांट तैयार कर सभी कैदियों की जांच इस स्क्रीनिंग जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी और इसमें रिएक्टिव केसों को रेफ़रल कर संबंधित सेंटर पर उनका पूर्ण इलाज सुनिश्चित कराया जाएगा कार्यक्रम में टी आई परियोजना प्रबंधक सुधीर सिंह नचदच प्लस से रामलाल पाल अहाना एवं सीएससी तथा ए आर नगर से उपस्थित रहे स्क्रीनिंग हेतु के के सिंह केपी मौर्य और के के यादवए टीवी विभाग के डीपीसी अखिलेश प्रताप सहित सभी लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ़ल बनाया।

# दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने की पहल



अंबेडकरनगर। दिव्यांग जनों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी टांडा द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। एनण्एफ़्एनण् दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों के लिए म्यूजिकल चेयरए निबंधए एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालोनी परिसर स्थित विवेकानन्द शिशुकुंज विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने लघु नाटक एवं नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किया। जिसका लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम में 57 दिव्यांग जनों ने प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ;टांडाद्ध श्री बीण्सीण्पलेई एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहा0 मुख्य चिकित्साधिकारी ;चिकित्सा सेवाएँद्ध डा0 साधना तिवारीए उप महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध श्रीमती मृणालिनी एवं अन्य वरि0 अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए श्री पलेई ने कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा दिव्यांग जनों की शिक्षाए स्वरोजगारए पुनर्वास आदि के लिए वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नैगमिक सामाजिक दायित्व क अन्तर्गत हम अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए श्री राम अवध अंध ज्ञान विद्यालयए अयोध्या में भी दृष्टिबाधित छात्रों को निरंतर सहायता पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत मुख्य अतिथि ने अशक्तजनों को 25 ट्राईसाईकिलए 8 जोडी एल्बो क्रचए 04 व्हीलचेयरए 04 हियरिंग एड्सए 6 आर्थोसिस एवं 02 प्रोस्थेसिस प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम के संयोजन में डा0 साधना तिवारीए सहायक मुख्य चिकित्साधिकारीए डा0 अजय सिंह ;वरि0 कन्सलटेंटद्धए डा0 अंजु सिंह ;कन्सलटेंटद्धए डॉ0 सीमा बुधवानीए दंत चिकित्सक एवं एनण्एफ़्एनण् दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

इसी श्रृंखला में परियोजना के दिव्यांग कर्मचारियों के लिए कर्मचारी विकास केन्द्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक ;टांडाद्ध श्री बीण्सीण्पलेई ने विश्व दिव्यांग दिवस के बारे मे विस्तार से चर्चा की। उन्होनें सभी दिव्यांग कर्मचारियों का हौसला बढाते हुए कहा कि शारीरिक दिव्यांगता प्रगति में बाधक नही हैए सभी लोगों को मानसिक रुप से मजबूत होना चाहिए।

इस अवसर पर दिव्यांग जनो के उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से दिव्यांगजनों के सफ़लता संघर्षो पर निर्मित लघु फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत सभी दिव्यांग कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर अफसरों ने किया मंथन



फ्रेटो 2ण् नगर निगम में बैठक लेते नगर आयुक्त

शाहजहांपुर ।नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में नगर आयुक्त ने। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में नगर निगम के अधिकारियों को अधिक जानकारी देते हुए अवगत कराया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर निगमए शाहजहांपुर में दिनांक 7 दिसंबर को वैन आने की सम्भावना हैए जिसके माध्यम से महानगर में चयनित स्थानों पर विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित कैम्प जैसे. 1. पी0एम0 स्वनिधि योजनाए 2.स्वच्छ भारत मिशन ;नगरीयद्ध योजनाए 3.अमृत योजनाध्अमृत 2ण्0 योजनाए 4.पीएम आवास योजना ;शहरीद्धए 5.स्मार्ट सिटी मिशन योजनाए 6. पीएम विश्वकर्मा योजनाए 7. पीएम उज्जवला योजनाए 8. पीएम मुद्रा लोन योजनाए 9.स्टार्टअप इंडियाए स्टैंडअप इंडिया योजना 10 आयुष्मान भारतए 11.पीएम ईबस सेवाए 12 पीएम भारतीय जन औषधि परियोजनाए 13.उजाला योजनाए 14.पीएम सौभाग्य योजनाएउक्त के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की योजनाओं से सम्बंधित कैम्प लगाए जाएंगे जिसमें आम जनमानस को विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में जागरूक करते हुए भारत सरकार व शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके और उसका सीधा लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही अवगत कराया गया कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वैन के माध्यम से संचालित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर पीएम स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक डिजिटल पेमेंट करने वाले लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ खिरनीबाग रामलीला मैदान से किया जाना प्रस्तावित हैए जिसमें मा0 महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में समस्त मा0 पार्षदगणों तथा जन.प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम को किया जाएगा नगर आयुक्त महोदय द्वारा महानगर में विकसित भारत संकल्प

## अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में दर्ज करें



शाहजहांपुर। । जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय विभन्न विद्यालयों व महा विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने एक.एक कर प्रधानाचार्यों से उनके विद्यालय में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों तथा शिक्षक व अन्य स्टाफके संबध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले विद्यालयों को 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होने सभी को निर्देश दिये कि लोकतंत्र में युवाओ तथा महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयोंए महा विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से विद्यालय में बच्चों की कुल संख्या तथा वोटर लिस्ट में शामिल किये जाने हेतु शेष विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होने सभी प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि 1 जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थी वोटर लिस्ट में अवश्य शमिल हो यह सुनिश्चित किया जाये। प्रधानाचार्य विद्यालय के बच्चों को भी अपने परिवार तथा आस.पास के लोगो को जागरूक करने हेतु प्रेरित करें। उन्होने वोटर लिस्ट में शामिल होने हेतु सभी उपलब्ध कराये गये फार्मो को 02 दिनों के भीतर पूर्ण कर डीआईओएस को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विद्यालय के साथ ही आस.पास के लोगो को भी वोटर लिस्ट में जुड़ने हेतु प्रेरित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को दिये। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षिकाओं से कहा कि आस.पास की घरेलु महिलाओं को भी मतदाता सूची में दर्ज होने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुये कहा कि अधिक से अधिक लोगो को मतदाना सूची में दर्ज कराये तथा लोगो को सूची में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। पुनरीक्षण अभियान में ऑन.लाइन आवेदन आयोग द्वारा निम्नवत निर्धारित पोर्टल ध् वेबसाइट पर किया जा सकता है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



सिंगाही खीरी। रिमझिम बारिश के फुहारों के बीच आज शुरू हुये भारत रत्न डा0 एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेंट का उद्धाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफर अली नक्वी ने फीता काट कर किया। इसके बाद खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बालभव में किक मार कर खेल का शुभारम्भ किया। टूनार्मेंट मे टीएफसी धनबाद और डीएफए कानपुर की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमे टीएफसी धनबाद टीम विजयी हुई।

भारत रत्न डा0 एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूनार्मेंर्ट में टूर्नामेंट के आयोजक मोहम्मद कय्यूम ने मुख्यातिथि सांसद जफर अली नक्वी को वेलकम बेच व माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। पूर्व सांसद जफर अली नक्वी ने गुब्बारे उड़ा कर शुभ संकेत दिया। इस मौके पर सिंगाही पब्लिक स्कूलए राम चरण शाह बाल विद्या मंदिरए एमके मेमोरियल स्कूल के बच्चों के द्वारा संस्कतिक व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जफर अली नक्वी ने सिंगाही मे टूनार्मेंट कराने वाली कमेटी का आभार जताते हुए कहा कि छोटे से कस्बे मे इतनी बडा टूर्नामेट से कस्बे का नाम रोशन होता है और दशर्कों के कायल हो गये है। प्रत्येक टीम और लगभग हर खिलाडी और दशर्क के मुह से एक ही आवाज सुनायी दे रही हैं। वाह सिंगाहीए यहां का फुटबाल तो वाकई अद्भुत है। परिचय प्राप्त कर बाल में किक मार कर खेल का शुभारम्भ किया। जिसके बाद पहला मैच टीएफसी धनबाद और डीएफए कानपुर की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों की खिलाडियों द्वारा अच्छे खेल का प्रदशर्न किया गया और पहले हाफ मे दोनो टीमे बराबर रही। दूसरे हाफ मे भी कोई टीमें गोल नही कर पाई जिसके बाद टाई ब्रेकर में टीएफसी धनबाद की टीम ने 5.6 से मैच को जीत लिया। इस उद्धाटन के अवसर पर एसडीएम अश्विनी कुमारए क्षेत्राधिकारी राकेश कुमारए भीरा चेयरमैन संजय शुक्लाए लहरपुर चेयरमैन हाजी जावेद अहमदए मोनिस अली नक्वीए पूर्व चेयरमैन अफरोज जहांए वीपी भल्ला श्यामजी पांडे समस्त सभासदगण सहित आज हजारों की संख्या में पहुचें खेल प्रेमियों नें पहली बार आयोजित हो रहे भारत रत्न डा0 एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूनार्मेंर्ट के पहले मैच का आनन्द लिया।

## जनपद की संस्था को मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया



शाहजहांपुर। विश्व दिव्यागं दिवस के अवसर पर मुख्य मन्त्री योगी आदित्यनाथ के कर कमल से अमन सक्सेनाए महासचिव को सर्व श्रेष्ठ स्वे0 संस्था यानी एशोसियेशन आफ दी डीफ वेलफेयर ; रजि0 द्ध शाहजहाँपुर को दिव्यागंजन के सशक्तिकरण के लिए समग्र पुर्नवास सेवा को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशंसनीय संस्था के नाम से राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जनपद शाहजहांपुर के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यपए सुभाष चन्द्र शर्माए प्रमुख सचिवए दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग व भूपेंद्र एस चौधरीए निदेशकए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।विश्व दिव्यागंजन दिवस पर शाहजहांपुर में दिब्यागंजनो व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे गरीब दिव्यागंजन मूक बधिरो मे एशोसियेशन आफदी डीफवेलफेयर शाहजहाँपुर को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करने पर खुशी जाहिर की। एशोसियेशन आफदी डीफवेलफेयर शाहजहाँपुर एवं अन्य क्षेत्रों में रह रहे गरीब दिव्यागंजन मूक बधिरो को समर्पित इस प्रकार से खुश नजर आए ।

## नागरिक सुरक्षा कोर ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

बरेली । नागरिक सुरक्षा कोर के स्थापना दिवस के चतुर्थ दिन नागरिक सुरक्षा कोर बरेली के तत्वावधान में आज सैटेलाइट चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद बरेली के उपनियंत्रक राकेश मिश्र के नेतृत्व में बरेली के वार्डेन्स ने व्यवस्थित रूप से लोगों को यातायात के नियमों से परिचित कराया और बताया कि नियमों के पालन से ना केवल यातायात सुचारू से चलता है बल्कि जीवन की रक्षा होती है। जो लोग हेल्मेट नहीं लगाए थे, उनको हेलमेट लगाने के लाभ बताकर प्रेरित किया। जो लोग सीट बेल्ट नहीं लगाए थे उनसे सीट लगाने का अनुरोध किया। ऐसे लोगों को गुलाब देकर नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया।इस अभियान में बरेली के चीफवार्डन राजीव शर्मा , सहायक उप नियंत्रक प्रमोद डागर , सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया , डिप्टी चीफ वार्डन दिनेश कटियार , डिविजनल वार्डन (आ) शिवलेश चन्द्र पाण्डेय , डिप्टी चीफवार्डन कलीम हैदर सैफी , एसओ अनवर हुसैन , आईसीओ अनिल शर्मा , बृजेश पाण्डेय , जगदीश प्रसाद , डा0उस्मान नियाज , सिकंदरे आजम, के पी गंगवार सहित सभी वार्डन साथियों ने इस अभियान में सहयोग किया।

## ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक , 7 को दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

बरेली । सोमवार को ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष ए के अरोरा के नेतृव में ई पी एस 95 पेंशनर्स की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु मिनिमम पेंशन रुपए 7500,डी ए आदि चार सूत्रीय मांगों की लगातार उपेक्षा से आहत होकर दिनांक 07 दिसम्बर को रामलीला मैदान में आयोजित प्रदर्शन, धरना और संसद पर कूच कार्यक्रम है और दिनांक 08 दिसम्बर 2023 से मांगों को पूरा करने तक जन्तर मन्तर पर प्रान्तवार क्रमिक अनशन को सफल बनाने के लिए चर्चा और एक बार पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके द्वारा मथुरा सांसद हेमा–मालिनी के साथ मीटिंग में दो बार दिये गये आश्वासन तथा श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा एन ए सी मुख्यालय पर दिए गए आश्वासन को अविलंब पूरा करने हेतु स्मरण पत्रध्ज्ञापन क्रमशः जिलाधिकारी, बरेली और भविष्य निधि आयुक्त, बरेली के माध्यम से भेजने के लिए आवश्यक मीटिंग मण्डल अध्यक्ष ए के अरोरा की अध्यक्षता में पुराने बस स्टैंड बरेली पर संपन्न हुई। बैठक में बरेली मंडल के विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में ई पी एस 95 पेंशनर्स के अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारी भी उपस्थित हुए। सभा को आर एस गुप्ता, सन्तोष गुप्ता, सुनील कुमार कंचन, महेश कुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, कैलाश नाथ, राम प्रकाश, उमेश चंद्र जौहरी, राम बहादुर कुशवाहा, मुजक्किर अली, राम सिंह, गंगा प्रसाद,आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। सर्व सहमति से करतल ध्वनि से सभी सम्मानित प्रतिभागियों ने 07 दिसम्बर तक मांगों को पूरा होने तक निर्देशानुसार अनशन में शामिल संघर्ष का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित प्रतिभागियों ने पुराने बस स्टैंड, बरेली से शांतिपूर्वक चलकर जिलाधिकारी कार्यालय, बरेली जाकर प्रश्न गत ज्ञापन सादर जिलाधिकारी, बरेली और भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, बरेली जाकर सादर सम्बन्धित आयुक्त को अपने –अपने स्तर से प्रेषित करने हेतु सौंपे।

## तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर नगर पंचायत चेयरमैन ने बांटी मिठाई

बरेली । फतेहगंज पश्चिमी मोदी लहर जारी मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भगवा लहराया तीन राज्यों में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर चेयरमैन इमराना बेगम ने बांटी मिठाई। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के अवसर पर फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत चेयरमैन इमराना बेगम और उनके प्रतिनिधि हारून चौधरी ने ढोल नगाड़े बजवाकर, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई। और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस खुशी के मौके पर (ईओ) अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, (जेई) अवर अभियंता सरोज कुमार, चेयरमैन इमराना बेगम, चेयरमैन प्रतिनिधि हारून चौधरी, वरिष्ठ लिपिक बेला देवी, जगदीश प्रसाद शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, जगत सिंह उर्फसनी, डॉ मुदित सिंह, सभासद डॉक्टर मोईन उद्दीन, सभासद तस्लीम उर्फटिंकू, सभासद प्रदीप गुप्ता, सभासद अबोध सिंह, सभासद धर्मेंद्र सिंह उर्फमोनू ठाकुर, सतीश चंद्र, श्रीमती गीता, नसरीन, जाकिर हुसैन, बशीर अहमद, जयप्रकाश, गंगाराम, फईम अली, रमेश चंद्र, राजेश कुमार, रवि सैनी आदि नगर पंचायत कर्मचारी और कस्बे के प्रमुख समाजसेवी, गणमान्य सम्भ्रांत व्यक्ति भी मौजूद रहे। सभी लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## बीमारी से परेशान दुकानदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


बरेली । गंभीर बीमारी से पीड़ित एक परचूनी दुकानदार ने दुकान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी 50 वर्षीय मनोज कुमार सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना ने आज सुबह घर में ही स्थित अपनी परचूनी की दुकान में छत के कुंडे से चादर बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घर वालों ने बताया कि दो बेटियों के पिता मनोज कुमार कई सालों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और गुजारा चलाने के लिए घर में ही परचून की दुकान चलते थे पिछले कुछ समय से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे वह रोजाना की तरह कल शाम दुकान मे हीं सोये थे लेकिन जब सुबह लगभग 4 बजे पत्नी मीना ने उसको जागने की कोशिश की तो देखा की उनकी लाश फांसी पर लटक रही है उसने घटना की जानकारी पहले परिजनों को दी और फिर पुलिस पुलिस को सूचना दी गई जिसमें लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में पिंक बूथ है गंभीर प्रयास : एसपी



संडीला;हरदोईद्ध। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की शासन की नीति के अंतगर्त महिला पिंक बूथ का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने इमलियाबाग तिराहे पर नवस्थापित महिला पिंक बूथ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार महिल सशक्तिकरण की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। महिलाओं की समस्याओं का तत्काल और मौके पर निराकरण किए जाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंनें कहा कि इस पिंक बूथ पर दो महिला पुलिसकर्मी 24 घण्टे तैनात रहेंगी और यहां आने वाली महिलाओं की समस्याओं की जानकारी करने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए अपने अधिकारियों को सूचित करेंगी। इसके अलावा महिलाओं को यहां पर आने और बैठने की भी सुविधा रहेगी। उद्घाटन के अवसर पर सीओ वंदना शर्माए प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंहए पुलिस चौकी नगर प्रभारी मारकण्डे सिंहए पुलिस चौकी कताई मिल प्रभारी अजीम खां के अलाव पूर्व नगर पालिका चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्रीए रफीक लंबू आदि मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से किराना स्टोर में लगी आग



संडीला;हरदोईद्ध। शॉर्ट सर्किट से एक किराना स्टोर में प्रातःकाल लगी आग ने विक्राल रूप धारण कर लिया जिससे दुकान का तमाम सामान और दुकान के सामने खड़ा पिकअप डालाए बाइक और साइकिल भी जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ रोड पर सियाराम पुत्र स्व0 बैजनाथ गुप्ता की किराने की बडी दुकान है। आज सुबह लगभग 4 बजे इस दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और देखते ही देखते इस आग ने विक्राल रूप धारण कर लिया। दुकान के सामने रहने वाले मोहम्मद हकीम नामक व्यक्ति ने सबसे पहले इस आग को देखा और सियाराम गुप्ता हो सूचित किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयीए हालांकि आसपास के लोगों ने इस आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। लगभग आधे घण्टे के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और इस आग पर काफी प्रयास करके काबू पाया। आग से दुकान के सामने खड़ा पिकअप डालाए एक बाइक और एक साइकिल भी जल गई जबकि 50पीपा रिफाइंड ऑयलए 50 बोरी सोयाबीनए 20 गत्ते नमकीन के अलावा दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। बताते हैं कि इस आग से दुकान में रखी हुई नकदी भी जली है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## खाद्य विभाग की टीम ने डेयरी की सीलए प्रभावशाली डेयरी संचालक को बचाने के प्रयास भी शुरू

संडीला;हरदोईद्ध। तीन दिन पूर्व औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिदिन हज़ारों लीटर केमिकल दूध तैयार कर रही डेयरी के संचालक पर बड़े और प्रभावशाली नेताओं का कितना वरदहस्त है इसकी परतें धीरे धीरे खुल रही हैंए वहीं इस डेयरी संचालक को बचाने के प्रयास भी चल रहे रहैं। औद्योगिक क्षेत्र स्थित अभिषेक डेयरी में विगत 2 दिसंबर को खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारकर वहां से 17000 लीटर तैयार सिंथेटिक दूध और भारी मात्रा में सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री बरामद की थी। इस डेयरी के करता धरता अभिषेक कुमार ऊंचे रसूख वाले व्यक्ति बताए जाते हैं क्योंकि 2018 में इनकी ही डेयरी जो उस समय दुर्गा इंटरप्राइज़ेज के नाम से संचालित होती थी और जिसमें लखनऊ के मोहल्ला जानकीपुरम निवासी नवीन मिश्रा और उनके भाई योगेश मिश्रा भागीदार थे। इस डेयरी में 16 फरवरी 2018 को शशि पाण्डेयए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा छापेमारी की गयी थी और उस समय 27000 लीटर तैयार सिंथेटिक दूध और दूध बनाने की सामग्री बरामद हुई थी। इस मामले में कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम सरांय मारुखपुर निवासी रामकिशुन और धर्मेन्द्र यादव भी शामिल पाए गए थे और इनके यहां से भी सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री बरामद हुई थी। बाद में इस डेयरी पर 69लाख रुपए का जुर्माना लगाया था तथा तत्कालीन एसडीएम आशीष सिंह ने इस डेयरी के खातों को सीज़ करने के साथ बिजली कनेक्शन और इसका जीएसटी पंजीकरण निरस्त करा दिया था। डेयरी संचालक अभिषेक ने जमानत पर छूटने के बाद अभिषेक डेयरी के नाम से नया लाइसेंस बनवाया और पुनः सिंथेटिक दूध का उत्पादन शुरू कर दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर के मोहल्ला हजाराबाग कालोनी में एक मकान पर छापा मारकर वहां से 37 बोरी दूध पाउडर और अन्य अपमिश्रक बरामद किए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने इस डेयरी परिसर को आज सील कर दिया है।

# डीएम के आदेश पर ऑनस्पॉट बहाल हो गई फरियादी की पेंशन



लखीमपुर खीरी। तहसील मितौली क्षेत्र के मैगलगंज गांव निवासी राधिका देवी पत्नी रज्जन लाल अपनी फरियाद लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के सामने उपस्थित होकर कहा कि साहब सत्यापन के दौरान कागजों में सचिव ने मुझे मृत दिखा दियाए जिस कारण मेरी पेंशन रोक दी गई है। डीएम ने तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को तलब किया। उसकी पेंशन तत्काल शुरू कराने की कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। दोषी कर्मियों के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिए हैं।

डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने पूरे मामले को चेक करायाए जिसमें पेंशनभोगी महिला की शिकायत सही मिली। सत्यापन के दौरान सचिव ने फरियादी महिला को मृतक दिखा दियाए जिस कारण इसकी पेंशन ब्लॉक कर दी।

उन्होंने पेंशन को ऑन स्पॉट अनब्लॉक कराया। फरियादी महिला की केवाईसी कराते हुए विकास भवन स्थित इंडियन बैंक पहुंचकर एनपीसीआई कराया। अगले माह को मिलने वाली किस्त में महिला को पेंशन का लाभ मिलेगा। डीएम की दरियादिली से खुश होकर गरीब वृद्ध ढेरों दुआएं देता हुआ चैंबर से विदा हो गया। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन की जांच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए।

डीएम ने डीएसडब्लूओ से संबधित महिला की पेंशन रोके जाने को लेकर पूरी रिपोर्ट तलब की है। पेंशनभोगी महिला को सत्यापन में मरा दर्शाने के पीछे किसकी लापरवाही है। डीएम ने कहा कि किसी जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत दिखा देना गंभीर लापरवाही है। इस बात की जांच कराई जा रही है कि

## कन्या जन्मोत्सव रू उत्साह- उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव, लिया बेटियों को बचाने-पढ़ाने का संकल्प



लखीमपुर खीरी। ष्बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजनाष् पखवाड़ा के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआए जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठानए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडरए बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता.पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता.पिता का ज्यादा ख्याल रखती है। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देशए समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाए।बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कहा कि बेटियां लक्ष्मीए सरस्वती एवं दुर्गा मां का स्वरूप होती हैं। उनके होने भर से घर की शोभा बढ़ जाती है। बेटियों के जन्म पर बेटों के जन्म जैसा ही उत्सव मनाना चाहिए। रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान प्रचार.प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। इस मौके पर हॉस्पिटल मैनेजर शिप्राए हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा सहित चिकित्सालय का स्टाफ एवं नव जन्मी कन्याओं के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को जागरूक किया



बरेली,दिव्यांग दिवस सहायक उपकरणों का वितरण प्रोग्राम का आयोजन नॉवल्टी चौराहा स्थित आदर्श जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र जिला बरेली में किया गया,अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर 20 ट्राई साईकिल,15 हैरिंग कान की मशीन सहित वैशाखी आदि का वितरण किया गया।दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा दिव्यांगजनो को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा हैं समय समय पर दिव्यांगजनो के लिये जागरूकता अभियान चलाकर उनको हर सम्भव मदद दी जाएगी।इस मौके पर जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि दिव्यांगजनो को जागरूक होना जरूरी हैं जागरूक होने के लिये शिक्षित हो,शिक्षा ही हम सबको सही अधिकार और सम्मान दिलाती हैं।मलूकपुर बाजदारान निवासी इसरार अली खान पैसे न होने के कारण कान की मशीन नहीं ले पा रहे थे,आज से चार माह पहले उन्होंने हमसे मुलाकात की और अपनी दिक्कत को साझा किया,आज उनको विभाग की ओर से कान की मशीन दी गई,मशीन पाकर इसरार अली खान बहुत खुश हैं सुन न पाने के कारण उनको कही काम नहीं मिल पा रहा था आज इसरार अली खान का कहना हैं कि मैं अब रोजगार से जुड़ जाऊँगा।मुझे इस बारे में जानकारी नहीं थी जब में जागरूक हुआ तो मेरी दिक्कत खत्म हुई,मैं अब और लोगों को भी जागरूक करूंगा।इस मौके पर दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह,दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी मण्डल बरेली मण्डल ऋतुराज सिंह,मनीष बंसल,समाजसेवी पम्मी वारसी,सादिक हुसैन,नीरज शर्मा,अशोक कुमार माली,नवीन जौहरी, कौशल,सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पति ही निकला हत्यारा, पुलिस ने किया महिला की हत्या का खुलासा

●7 अगस्त को खेत में मिला था महिला का शव

संवाददाता। चित्रकूट



**एसआईटी** ने मारकुण्डी क्षेत्र के डांडी अहिरान खेत में हुई महिला की हत्या का खुलासा कर एक आरोपी दबोचा है। ज्ञात है कि सात अगस्त 2023 को धीरज यादव पुत्र राजा यादव निवासी डांडी अहिरान थाना मारकुण्डी ने थाने में सूचना दी कि खजांची पंडित के खेत में छेरिहा खुर्द में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मां प्रेमा यादव की पहनी साड़ी से गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला उचित धाराओं में दर्जकर विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने शुरू की। पुलिस अधीक्षक ने अपराध की गंभीरता के मद्देनजर विवेचना एसआईटी के सुपुर्द की।

विवेचना से प्रकाश में आये राजा यादव पुत्र शम्भू यादव निवासी कल्याणपुर थाना मानिकपुर हाल मुकाम डांडी अहिरान को गिरफ्तार किया। दबोचे गये राजा यादव ने बताया कि मृतका प्रेमा की शादी पहले उसके चचेरे भाई छंगू यादव से हुयी थी, उसकी एक बेटी किशोरी है, उसकी भी शादी हो चुकी है। पति की मृत्यु बाद प्रेमा बतौर पत्नी उसके साथ रहने लगी थी। उससे पुत्र धीरज हुआ, जो 19 वर्ष का है।

मृतका के पहले पति छंगू के नाम आठ बीघा जमीन थी। उस जमीन को मृतका बेटी को देना चाहती थी, उसका वह विरोध करता था। कई बार प्रेमा से उस जमीन पर बेटे धीरज को भी हिस्सा देने को कहा, वह मना कर देती थी। इसी बात को लेकर प्रेमा उससे दूरी बना कर दूसरे गांव डांडी अहिरान में रहने लगी थी, वह कल्याणपुर में रहता था। जमीन को हाथ से जाता देख वह विचलित रहता था। दिन-प्रतिदिन प्रेमा के प्रति नफरत बढ़ती गयी। प्रेमा को रास्ते से हटाने की ठान ली थी।

घटना वाले दिन पता चला कि प्रेमा की भैंस गुम हो गयी है, वह उसे ढूंढने गयी तो वह भी भैंस ढूंढ़ने के बहाने निकला। प्रेमा डांडी अहिरान गांव बस्ती से डेढ़ किमी दूर खजांची द्विवेदी के खेत मेड़ पर सुनसान स्थान पर बारिश से भीगी अकेली मिली, मौका मिलते ही साड़ी से फंदा बनाकर हत्या कर भाग गया था।

# डीएम-सीडीओ ने विद्यालय में किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समसामयिक स्वास्थ्य गोष्ठी व स्वास्थ्य मेला का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानिकपुर में फीता काटकर शुभारंभ किया।

सोमवार को डीएम-सीडीओ ने मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छता, पोषण पर निबंध में प्रथम व द्वितीय, तृतीय पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा रुकसाना व लक्ष्मी से स्मार्ट क्लास का फीता काटकर शुभारंभ कराया। डीएम-सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। कंप्यूटर शिक्षक से छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कराने के निर्देश दिए। छात्राओं से कंप्यूटर बाबत जानकारी ली। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिए कि पठन-पाठन की व्यवस्था में सुधार करें। वार्डेन को हिदायत दी कि सुधार किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। शौचालय ठीक कराने, छात्राओं के छात्रावास निरीक्षण दौरान खिड़की में पर्दे लगाने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। डीएम-सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग से बालिकाओं के नेत्र परीक्षण को देखा। छात्र-छात्राओं की पेंटिंग भी देखी।

# 500 वर्ष पुरानी मराठाकालीन इमारत गिराने पर विवाद, आरटीआई से मांगी गई जानकारी

●इमारत के अवैध कब्जा धारक शिक्षकों का रोका वेतन

संवाददाता। चित्रकूट

**नगर** पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव नेता ने जनसूचना अधिकार के तहत नगर पालिका के जनसूचना अधिकारी/ईओ से मराठा कालीन पुरानी कोतवाली/तहसील बाबत जनसूचना अधिकार के तहत लोक हित में सूचना मांगी है। उन्होंने कहा है कि पुरानी बाजार कर्वी स्थित पुरानी कोतवाली/तहसील नाम से नजूल भूमि गाटा संख्या 610/611 में पांच सौ वर्ष पुरानी मराठा कालीन विशाल इमारत को किसके आदेश से ध्वस्त किया जा रहा है। उप्र शासन/जिलाधिकारी/नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदार अधिकारी आदि किसके आदेश पर गिराना शुरु किया है, आदेश की प्रति दें। मराठा कालीन इमारत के ध्वस्त मलबे का आंकलन किस तकनीकी अधिकारी की आख्या पर हुआ है। आख्या आंकलन व इमारत ध्वस्त करने वाले ठेकेदार को दिये कार्यादेश दें। इमारत नजूल भूमि 610/611 का स्वामित्व प्राप्त किया है या नहीं, स्वामित्व अभिलेखों की प्रति दें। इमारत गिराने को पालिका बोर्ड सदन के समक्ष प्रस्ताव पास है, तो प्रति दें।

मराठा कालीन इमारत पर अवैध ढंग से कब्जाधारक लोगों ने इमारत परिसर में सोमवार को कुर्सियां लगाकर बैठक करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने अवैध कब्जाधारकों से बैठक करने बाबत कहा कि जिले में धारा 144 लागू है। ऐसे में खुलेआम पर वे यहां बैठक नहीं कर सकते। उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप के प्रधानाध्यापक विद्यानगर कर्वीमाफी के गया प्रसाद बौद्ध ने डीएम को लिखे पत्र में कहा कि 13 मार्च 2023 को एसडीएम के पत्र छह फरवरी 2023 के क्रम में मराठा कालीन पुरानी कोतवाली भवन परिसर में अवैध कब्जा बाबत संदर्भ का उल्लेख करते हुए कोतवाली परिसर को 2013 में खाली कर विभाग को सूचित करने का पत्र दे चुके हैं। इसके बाद भी मार्च 2023 से दो अनुसूचित जाति के लोगों का वेतन नहीं दिया जा रहा।

सोमवार को कर्वीमाफी विद्यानगर के गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि शहरी नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ के पत्र 28 जनवरी 2003 के तहत डा अम्बेडकर पार्क/ वाचनालय/ निर्माण को पुरानी कोतवाली के सामने नजूल भूमि 610 में 1054 वर्ग मीटर भूमि दी गई थी, पुरानी कोतवाली कर्वी में बौद्ध भिक्षु-बुद्ध विहार बनाकर बुद्ध वन्दना करते थे व रात्रि विश्राम करते थे। प्रशासन ने 21 मई 2023 को पूर्ण रूप से हटा दिया है। अनुसूचित जाति के दो लोगों का मार्च 23 से वेतन अवरुद्ध है।

# युवाओं को हुनरमंद बना रोजगार देने का कार्य कर रही सरकारः विधायक




**जहानाबाद, फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन विभाग द्वारा रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेन्द्र पटेल, विधायक जहानाबाद विधान सभा की उपस्थित रही। रोजगार मेले का आरम्भ प्रात: दस बजे से प्रशिक्षुओं के साक्षत्कार के जगदम्बा बाल विद्या मन्दिर अमौली परिसर परिसर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में नियोक्ता कम्पनी के रूप में वेलकेयर डिलवरी, पीपल ट्री आनलाइन द्वारा बीस एवं पुखराज हेल्थकेयर कानपुर, एवं शिव शक्ति एग्रीटेक कानपुर, वर्धमान टेक्सटाइल द्वारा प्रतिभाग किया।

सौ से अधिक प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। जिसमें कम्पनियों द्वारा ग्यारह हज़ार से बीस हज़ार तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम का आयोजन अधोहस्ताक्षरी के दिशा-निर्देशन में शशॉक पान्डेय, प्रभारी रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, फ्तेहपुर एवं विनोद तिवारी, एम0आई0एस0 मैनेजर, कौशल विकाश मिशन के द्वारा सम्पन्न हुआ।

# अटेवा महिला विंग की बैठक में पेंशन संकल्प दिवस मनाने का लिया निर्णय



**फतेहपुर।** अटेवा (पेंशन बचाओ मंच) महिला प्रकोष्ठ की बैठक जिला संयोजिका डॉ. असफ्रिया मजहर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 7 दिसंबर को पेंशन शहीद डॉ. रामाशीष की 7वीं पुण्यतिथि को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें पटेल नगर चौराहे पर सभी पेंशन विहीन शिक्षक एवं कर्मी सायं चार बजें एकत्रित होकर एक श्रद्धांजलि सभा कर रामाशीष को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और पुरानी पेंशन की बहाली हेतु शपथ लेंगे। पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन को बढ़ाने के लिए ब्लॉक संयोजिका भिटौरा विमलेश कुमारी ने कहा कि फेसबुक,व् हाट्सएप, ट्विटर के माध्यम से अपनी मांग को और बुलंद करना होगा। विजय रत्ना (ज़िला सहसंयोजिका) ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और यह मिलनी ही चाहिए। आज की बैठक में जुबैदा, अन्नपूर्णा, संध्या गुप्ता, गौरी सिंह, सबीहा, समर जहाँ, साधना श्रीवास्तव, अंन्जू सचान, विमलेश कुमारी, राज कुमारी, विनीता मौर्य, रेखा सचान, गीता कुमारी, देवेन्द्र पाण्डेय आदि शिक्षक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने नवजात बालिकाओं को किट व माताओं को सौंपी सामग्री

●बेटी बचाओ, बेटी

●बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का

संवाददाता। फतेहपुर



**बहुआ** विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाजीपुर में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने 15 नवजात जन्मी बालिकाओ को बेबी किट, मां के लिये साड़ी, मास्कीटो बेड आदि सामाग्री वितरित की। डीएम ने बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन कराकर नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए योजना से लाभान्वित किए जाने पर बल दिया।

प्रोबेशन विभाग ने महिला कल्याण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कन्या सुमंगला योजना के पम्पलेट वितरित किया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाजीपुर का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान पंजीकरण रजिस्टर, दवा वितरण, ओपीडी, प्रसव कक्ष आदि को देखा। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी से मरीजों को दी जाने स्वास्थ्य सुविधाएं एवं भोजन, जननी सुरक्षा केंद्र, दवाओं, एटीएम, जच्चा बच्चा आदि की जानकारी ली। कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साफसफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई

## क्विक न्यूज

### राज्य कर अधिकारी बने कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव

**फतेहपुर।** स्थानीय राज्य कर कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव ने आज विभाग के राज्य कर अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उपसचिव उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग प्रयागराज के संस्तुति पत्र क्रम में आयुक्त राज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र प्रोन्नति आदेश के अनुपालन में श्री श्रीवास्तव को प्रशासनिक अधिकारी राज्य कर (फ़तेहपुर) से राज्यकर अधिकारी के पद पर वेतन मैट्रिक्स- 8 में पदोन्नति के फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण किया गया। इस पद पर पदोन्नत होने वाले वे इस डीपीसी दो हज़ार तेईस के एक मात्र व्यक्ति है। बताते चलें कि कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव पूर्व में यूपी कामर्शियल टैक्स मिनिस्ट्रियल स्टाफ़एसो. में व ˙प्रदेश में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं।

### मऊ-मानिकपुर के विलेखों का डीएम ने किया सत्यापन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील मऊ के कोल मजरा गांव में अक्टूबर में पंजीकृत विलेखों में सबसे बड़ी मालियत के दो विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया। सोमवार को जिलाधिकारी ने क्रेता सरोज सिंह व विक्रेता जनार्दन पांडेय, विद्या शंकर पांडेय के लेख पत्र 4668 व 4681 का मौके पर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपनिबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि विलेखों के बैनामा में लगे स्टांप का परीक्षण कर लें, कोई कमी हो तो संबंधित पर कार्यवाही करायें। निरीक्षण दौरान एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, उप निबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव, हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील मानिकपुर के सरहट में अक्टूबर में पंजीकृत विलेखों में सबसे बड़ी मालियत के दो विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया।

### संदिग्ध हालत में विवाहिता ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कसेरूवा गांव निवासी स्व. छत्रपाल की पुत्री रचना की शादी 28 फरवरी 22 में बगेलवा सैरपुर गांव निवासी धीरज पासवान के साथ हुई थी। बताते हैं कि सोमवार की दोपहर संदिग्ध अवस्था में रचना ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के चचेरे भाई रोहित कुमार ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। वहीं कल्यानपुर थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि दहेज का मामला है। मृतका के परिजन थाने आये हैं। तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### गल्ला मंडी में रखा हजारों क्विंटल धान बर्बाद

**जालौन, उरई।** बारिश होने से गल्ला मंडी में रखा हजारों क्विंटल धान बर्बाद हुआ। व्यापारियों ने मंडी सचिव पर सुविधाएं न देने का आरोप लगाया। सोमवार की सुबह से हुई बारिश ने गल्ला मंडी में धान व्यापारियों का नुकसान कर दिया है। किसानों से खरीदा गया धान व्यापारियों ने मंडी में रखा था। बारिश के चलते बाहर रखा हजारों क्विंटल धान पानी में भीगकर खराब हो गया। भारत ट्रेडिंग कंपनी के व्यापारी नजीर अहमद ने बताया कि उनके पास लाइसेंस है। मंडी सचिव ने उन्हें निचली साइड में जगह दी थी। बारिश होने पर पानी वहां भर गया। इससे उनका लगभग दो से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बारिश से बचाव की मंडी में कोई व्यवस्था नहीं है। अन्य व्यारियों का भी नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने मंडी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग मंडी सचिव से की है।

### ट्रक के चालक के साथ कार सवारों ने की मारपीट

**जालौन, उरई।** जाम में फंसे ट्रक के चालक के साथ कार सवारों ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ट्रक चालक ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम सिंहबाभीरा निवासी ट्रक चालक अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह झांसी से माल लादकर ट्रक से कन्नौज जा रहा था। जब उसका ट्रक देवनगर चौराहे पर पहुंचा तो वहां जाम लगा था। जाम लगा होने के चलते उसका ट्रक जाम में फंसा रहा। तभी पीछे मौजूद कार सवार लोग उतरकर आ गए और उसके ट्रक की चाबी खींच ली और मारपीट शुरू कर दी।

### तालाब में डूबकर दो मासूमों की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बेरुइहार गाँव निवासी राकेश राजपूत का 5 वर्षीय पुत्र साजन व दूसरा छोटा ढाई वर्ष का शिवांश उर्फकल्लू कल दिन में तीन बजे खेलते खलते अचानक गायब हो गए। काफी समय बीतने के बाद भी जब वापस घर नही लौटे तो परिजनों के साथ ग्रामीण भी खोज में जुट गए। खोजते-खोजते रात 8 बजे गाँव के तालाब के समीप पहुंचे तो साजन का शव तालाब में मिला, उसके बाद तालाब में घुसकर देखा गया तो 9 बजे दूसरे शिवांश का शव मिला। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ लेखपाल, कानूनगों, नायब तहसीलदार सभी मौके पर पहुंच गए।

# 90 करोड़ से अधिक की ठगी में अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

●मिशन संचालकों ने लाखों खर्च कर कमाए थे करोड़ो

संवाददाता। फतेहपुर

**ऐरायां** ब्लॉक के खजुरियापुर गांव स्थित चिटफंड कंपनी द्वारा सात साल पहले हजारों निवेशकों को दिए गए जख्म अब भी हरे हैं। हजारों निवेशक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। सुल्तानपुर घोष थाने में हमारा मिशन ग्रुप ऑफ कम्पनीज के संचालक पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी निवेशकों के पैसे की वापसी की उम्मीदें समय के साथ धूमिल होती जा रही हैं। नब्बे करोड़ से अधिक की ठगी का मामला बताए जाने के बावजूद अब तक हाथ खाली हैं। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरियापुर में सात वर्ष पूर्व फर्जीवाड़े की बुनियाद रखी गई थी।

निवेशकों को लुभाने के लिए प्रीति भोज व सम्मेलनों का आयोजन कर क्षेत्रीय जनता को दुलार और प्यार देकर पहले इनका पेट भरा गया। फिर इसी रास्ते ठगों ने लोगों की जेब खाली करने का प्लान बनाया। इस प्रीतिभोज के जरिए उसे लोगों की काफी प्रीति मिली और क्षेत्र में ऐसे आयोजन के चर्चे आम थे। इसके बाद महज कुछ लाख खर्च कर गांव की ओर जाने वाली सड़क नौबस्ता स्थित मंदिर में सुंदरीकरण अधिकारियों के जरिए कंपनी के संचालक ने जनता की भावनाओं में जगह बना ली इसी बीच 11 माह में धन साढ़े तीन गुना करने की स्कीम लांच कर दी गई। कई गरीबों ने कर्ज और लोन लेकर निवेश किया खबरें आने के बाद हरकत में आए जिला प्रशासन ने कंपनी की जांच कराई। प्रकरण में मिली तारीख सिर्फ तारीख। कंपनी की जांच होने के बाद संचालक ने निवेशकों को मासिक किश्त देने के लिए तारीख देने का सिलसिला शुरू किया जो लगातार बढ़ता ही गया। अब भी लोगों को उसकी तारीखें याद हैं।

# बाल संरक्षण इकाई व श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत जिलाधिकारी आलोक सिंह एव पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी एव सहायक श्रमायुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को थाना एएचटीयू के उप निरीक्षक राजेंद्र बाबू मय टीम हेड कांस्टेबल देवेश कुमार यादव,कुास्टेबल शुभम तोमर, नेहा वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभिनव कुमार पाण्डेय व अरविंद कुमार सोनकर व राजेश कुमार ,बाल संरक्षण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ओझा की संयुक्त टीम द्वारा थाना अकबरपुर, क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रमिकों के अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समस्त प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों को बाल श्रम न कराये जाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये एवं बाल श्रम से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुये कानूनी प्रावधानों तथा हेल्पलाइन नंबरों आदि के संबंध में बताया गया। दो बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया एवं सीडब्लूसी द्वारा बाल श्रम नियोक्ताओं को भविष्य मे बाल श्रम न कराने की चेतावानी देते हुये नियोक्ताओं के खिलाफ श्रम विभाग द्वारा कार्यवाही करं बाल श्रमिकों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### मुख्य विकास अधिकारी ने की गौशालाओं की समीक्षा

**कानपुर देहात।** गौशाला में लापरवाही पर मुख्य विकास अधिकारी ने दो ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित किया। प्रत्येक गौशाला के प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत को जिम्मेदार बताया गया है। सोमवार को विकास भवन सभागार में सभी गौशालाओं की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा में सीडीओ द्वारा पाया गया कि कुछ प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा लापरवाही की जा रही है समय पर भरण पोषण की धनराशि की मांग ना करने पर तथा गौशाला का प्रबंधन सही न करने पर गौशाला में लक्ष्य के सापेक्ष संरक्षण न करने पर 6 प्रधान के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। तत्काल प्रभाव से दो ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड संदलपुर के धीरजकुमार तथा विकासखंड झिझक के अरविंद कुमार गौतम सस्पेंड किए गए।

# राम के आदर्शों पर चलकर देश का भविष्य उज्जवल करें युवाः शुक्ला



**हमीरपुर।** बिवार क्षेत्र के निवादा गांव में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के बैनर तले चल रही राम कथा में सोवमार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने पहुंचकर कहा कि देश का युवा यदि राम के आदर्शों का श्रवण करेगा तो देश का भविष्य और उज्जवल हो जायेगा। राज्यपाल ने कथा परिसर में दो घंटे रुक कर कथा का अमृत पान किया। उन्होने कहा कि मै देवभूमि से आया हूं मगर यहां के लोग जिस तल्लीनता से कथा का श्रवण कर रहे है वह न केवल सराहनीय है बल्कि धरती का पुण्य प्रताप है। यहां कि मिट्टी में भक्ति की सुगंध आ रही है। जिसे कभी भुलाया नही जा सकता है। इस मौके पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष गौतम ने राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्यपाल सड़क मार्ग से निवादा गांव पहुचे,जनप्रतिनिधियों से भेट की। जिला पंचायत सदस्य रज्जन सिंह ने बुन्देखंड की प्रसिद्ध चांदी की मछली राज्यपाल को भेट की। दो घंटे बाद राज्यपाल सड़क मार्ग से फिर से वापस लौट गये। कथा वाचक कौशल महाराज ने कथा सुनाकर भक्ति भाव से ओत प्रोत कर दिया। इस मौके पर सभी भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला रंगमंच पर कलाकारों ने हनुमान की वीरगाथा का किया मंचन



**कोंच, जालौन।** नवलकिशोर रामलीला समिति बजरिया के तत्वाधान में जारी रामलीला के 66वें महोत्सव में रविवार की रात्रि लंका दहन लीला का रोमांचक मंचन हरफनमौला रंगकर्मियों द्वारा किया गया। इस लीला में हनुमान की वीरगाथा का वर्णन किया गया है। रावण के बलाबल की थाह पाने के लिए हनुमान ने अशोक वाटिका में उत्पात मचा कर राक्षसों का संहार किया। हनुमान और रावण के बीच गर्मागर्म संवादों का आनंद दर्शकों ने पूरा आनंद उठाया। सुग्रीव से राम की मैत्री के फलस्वरूप वानरों के झुंड के झुंड सीता की खोज में विभिन्न दिशाओं में भेजे जाते हैं। अंगद की अगुवाई में एक दल दक्षिण दिशा की ओर जाकर समुद्र तट पर पहुंचता है जहां गिद्ध संपाती बताता है कि सीता रावण की लंका में अशोक वन में विद्यमान हैं। हनुमान समुद्र लांघ कर लंका जाते हैं और वहां सीता से भेंट करते हैं। अशोक वाटिका में रावण और मंदोदरी का प्रवेश और रावण द्वारा सीता को त्रास दिए जाने के जीवंत प्रसंग देख दर्शक वाह वाह कर उठे। यहां सीता और रावण के बीच गर्मागर्म बहस में रावण उत्तेजित होकर सीता पर चंद्रहास उठाने को उद्धत होता है तब मंदोदरी द्वारा रावण को समझाने का प्रयास किया गया।

# राजकीय बीज भंडार का छज्जा छति ग्रस्त, कभी भी हो सकता है हादसा



**घाटमपुर।** राजकीय बीज भंडार के भवन के सामने खड़े नीम के पेड़ को काटते समय बरामदे का छज्जा छति गस्त हो गया, जिसको लेकर बीज गोदाम प्रभारी ने बिभागीय अधिकरियों को अवगत करा कर हादसे की आशंका जातायी है। प्रभारी बीज गोदाम बिवेक सिंह ने बताया कि बन निगम (भोगनीपुर-चौडगरा स्टेट हाइवे पर ) मूसानगर रोड पर कोतवाली के सामने सड़क किनारे के पेंड कटवा रहा है, रबिवार को बीज गोदाम के सामने खड़े नीम के पेंड़ को कटवाते समय बरामदे का छज्जा टूट कर लटक गया तथा लेंट्र भी छति ग्रस्त हो गया है जो कभी भी गिर सकता है। बीज गोदाम में प्रति दिन बड़ी संख्या में बीज और अन्य काम के लिये आते है,बीज भंडार प्रभारी ने बताया कि छज्जे की मरम्मत के लिये बन बिभाग को भी लिखा गया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के सूने घर के चोरों ने चटकाये ताले, पहुंची पुलिस



**कोंच, जालौन।** सेवानिवृत्त शिक्षक के सूने घर के ताले चटका कर चोर नगदी समेत सोने चांदी के जेवर समेट ले गए। मेन रोड पर चोरी की इस घटना से लोगों में भय देखा जा रहा है। घटना को लेकर पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलिज से सेवानिवृत्त शिक्षक ओमदत्त गुप्ता का मकान मेन रोड पर छावला की पुलिया के समीप है। बीती 30 नवंबर को ओमदत्त गुप्ता अपनी पत्नि के साथ नोएडा में भांजी की शादी में शामिल होने के लिए घर में ताले लगा कर गए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे वह घर वापस आए और मेन गेट से अंदर घुसकर देखा तो कमरों के ताले टूटे हुए पड़े थे। कमरों का सारा सामान अस्त व्यस्त डला हुआ था और 90 हजार रुपये सहित करीब साढ़े 3 लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर गायब थे। ओमदत्त गुप्ता ने चोरी की घटना को लेकर पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। उधर क्राइम इंस्पेक्टर बृजेंद्र बहादुर सिंह, सागर चौकी इंचार्ज बलराम शर्मा, एसआई विपिन कुमार, मंसूर अंसारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

# गौशालाओं में गायों की दुर्दशा, हरा चारा तो दूर, भूसा भी नहीं हो पा रहा उपलब्ध

●गौशालाओं के बाहर लग रहा पराली का ढेर

●पराली खिलाने से होती डकनाल की बीमारी:पशु चिकित्साधिकारी

संवाददाता। कदौरा, जालौन



गौशाला के बाहर लगा पराली का ढेर और कीचड़ में खड़े गौवंश

**खेतों** में किसानों की खून पसीने की कमाई को चट करने और सड़कों पर आए दिन हादसों का कारण बनने वाले छुट्टा पशुओं से अभी तक ब्लॉक क्षेत्र के गांवों को निजात नहीं मिल पाई है। समस्या से निपटने के लिए ब्लॉक क्षेत्र के 71 में 45 गांवों में गोशालाओं में पल रहे गोवंशों की हालत ठीक नहीं है। गोशालाओं में गोवंशीय पशुओं को हरा चारा तो दूर, पेट भर सूखा भूसा भी नसीब नहीं हो पा रहा है।

ब्लॉक क्षेत्र में निराश्रित पशुओं को आश्रय देने के लिए 45 स्थाई व अस्थाई गोशालाएं संचालित कि है। जिनके पांच हजार से अधिक गोवंश है। गोशालाओं में पलने वाले पशुओं के पोषण के लिए पहले 30 रूपये प्रति पशु के लिए सरकार धनराशि देती थी। महंगाई को देखते हुए राज्यवित्त की और से मिलने वाली कुल राशि 15 प्रतिशत धनराशि पुलिंग फंड में दी जा रही है। उसके बावजूद भी जिम्मेदार पशुओं को सूखी पराली खिला रहे है।

पड़ताल में क्षेत्र की मरगांया गोशाला में 194 मवेशी कागजों में संरक्षित है। हकीकत में व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। एक वर्ष पूर्व इसी गोशाला के समीप आधा सैकड़ा गोवंश एक गड्ढे में मृत मिले थे। मामला शासन स्तर तक गूंजा था, भेड़ी खुर्द गांव स्थित गोशाला में 115 गोवंश है। फोटो खींचने या निरीक्षण के नाम पर ही यदाकदा ही भूसा दिया जाता है। मवई ब्राह्मण गांव की गोशाला में 70 व इमिलिया बुजुर्ग गोशाला में 55 गोवंश है। गोवंश सूखा चारा खाने को मजबूर हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि पराली खिलाने से मवेशियों में डकनाल की बीमारी हो जाती है। इससे पूंछ, कान और खुर सूखने लगते है। मवेशियों को पराली के साथ हरा चारा, दाना देना भी अनिवार्य है। केवल पराली खाने से मवेशियों में कमजोरी आ जाती है। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी लगभग कम हो जाती है।

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 5 दिसंबर 2023



# इज़राइल ने हमले का दायरा बढ़ाया, लोग बाहर निकलें

● करीब दो दर्जन इलाकों को खाली करने का फिर आदेश दिया

भाषा। (गाज़ा पट्टी)



**इज़राइल** ने गाज़ा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस को खाली करने के अपने निर्देशों को सोमवार को फिर से दोहराया जहां हज़ारों विस्थापित फलस्तीनियों ने हाल के हफ्तों में शरण ली है। वहीं, इज़राइल ने क्षेत्र में अपने ज़मीनी हमले का दायरा बढ़ा दिया है और वह पूरी गाज़ा पट्टी पर बमबारी कर रहा है। हफ्तेभर लंबे संघर्षविराम के बाद फिर से हमले शुरू हुए हैं जिनका मकसद गाज़ा के हमास शासकों को खत्म करना है। यह जंग सात अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर अचानक किए गए हमले के बाद शुरू हुआ था जिसमें हज़ारों फलस्तीनी मारे गए हैं और गाज़ा पट्टी की 23 लाख की आबादी में से तीन चौथाई से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं तथा लोगों के पास कोई सुरक्षित स्थान नहीं रह गया है। इज़राइल द्वारा सप्ताहांत अपने वार्ताकारों को वापस बुलाए जाने के बाद एक और अस्थाई संघर्षविराम की उम्मीदें धुंधली हो गई हैं। हालांकि इज़राइल का सबसे बड़ा सहयोगी अमेरिका उस पर बड़े पैमाने पर लोगों को और विस्थापित नहीं करने तथा आम लोगों को नहीं मारने का दबाव बढ़ा रहा है और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की क्षेत्र की यात्रा के दौरान यह संदेश रेखांकित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका फलस्तीनियों को गाज़ा या कब्जे वाले वेस्ट बैंक से जबरन स्थानांतरित करने या गाज़ा की सीमाओं को फिर से खींचने की अनुमति नहीं देगा। वहीं, फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को संघर्षविराम के खत्म होने के बाद सैकड़ों आम लोगों की मौत हो चुकी है जिससे बातचीत की मेज़ पर फिर से लौटने का दबाव बढ़ रहा है। इज़राइली हमलों की वजह से गाज़ा का उत्तरी हिस्सा मलबे में तब्दील हो चुका है। दक्षिणी हिस्से में पनाह चाह रहे लोगों को भी इन्हीं स्थितियों को गुज़रना पड़ सकता है। इज़राइल और पड़ोसी मिस्र ने किसी भी शरणार्थी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। लोगों का कहना है कि उन्होंने रातभर खान यूनिस और इसके पास के इलाकों में हवाई हमलों और बम विस्फोटों की आवाज़ सुनी तथा इसके बाद सोमवार को सेना ने पर्चे गिराकर लोगों से मिस्र की सीमा की ओर दक्षिण में जाने का कहा। सेना ने आज आम लोगों से कहा कि वे खान यूनिस और देर अल-बलाह के बीच उत्तर-दक्षिण राजमार्ग का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि यह मैदान-ए-जंग में बदल गया है और बहुत खतरनाक है। इससे संकेत मिलता है कि इज़राइली सैनिक उत्तर-पूर्व से खान यूनिस पहुंच रहे हैं और संभवत: विमानों ने मध्य गाज़ा को दक्षिणी हिस्से से काट दिया है। अल-जज़ीरा टीवी ने कुछ तस्वीरों का प्रसारण किया जिसमें बचावकर्मी घायल लोगों को निकालते दिखे और ऐसा लगता है कि राजमार्ग पर एक कार पर हमला किया गया। इज़राइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि सेना उत्तर और दक्षिण में अधिकतम ताकतै के साथ हमास के पीछा कर रही है। उन्होंने कहा कि सेना की कोशिश है कि आम नागरिकों को कम से कम नुकसान हो। कई फलस्तीनियों ने इलाके खाली करने के आदेशों को नज़रअंदाज़ करते हुए कहा कि वे उन क्षेत्रों में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं जहां उन्हें जाने के लिए कहा गया है।

## एफ-35 लड़ाकू विमानों के पुर्जों की आपूर्ति रोकने की अपील

द हेग। नीदरलैंड में मानवाधिकार वकीलों ने इज़राइल को लड़ाकू विमानों के पुर्ज़ों का निर्यात रोकने के लिए सोमवार को अदालत का रूख कर आशंका जताई कि इनका इस्तेमाल गाज़ा पर हमले में किया जा सकता है। वकीलों ने आरोप लगाया कि एफ-35 विमानों के पुर्ज़ों की आपूर्ति भी नीदरलैंड को कथित युद्ध अपराध में हिस्सेदार बना देगी जो इज़राइल हमास के साथ अपनी जंग में कर रहा है। यह दीवानी मामला द हेग की अदालत में दायर किया गया है। वहीं इज़राइल ने गाज़ा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस को खाली करने के अपने निर्देशों को सोमवार को फिर से दोहराया जहां हज़ारों विस्थापित फलस्तीनियों ने हाल के हफ्तों में शरण ली है। इज़राइल ने क्षेत्र में अपने ज़मीनी हमले का दायरा बढ़ा दिया है और वह पूरी गाज़ा पट्टी पर बमबारी कर रहा है। मानवाधिकार वकीलों ने द हेग जिला अदालत से वोन्सड्रेच शहर के एक गोदाम में रखे एफ-35 विमान के पुर्ज़ों के निर्यात पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी करने का आग्रह किया है। वकील लिस्बेथ ज़ेगवेल्ड ने अदालत से कहा, राष्ट्र को एफ-35 विमान के पुर्ज़ों की इज़राइल को आपूर्ति फौरन रोकनी चाहिए। सरकारी दस्तावेज़ों के हवाले से ज़ेगवेल्ड ने कहा कि सीमा शुल्क विभाग ने सरकार से पूछा है कि क्या वह हमास द्वारा सात अक्टूबर को हमले के बाद शुरू हुई इज़राइल-हमास जंग के बाद भी निर्यात जारी रखना चाहता है? उन्होंने चेतावनी दी है कि लड़ाकू विमान युद्ध के कानूनों के गंभीर उल्लंघन के जिम्मेदार हो सकते है और देश के लिए अपने आर्थिक हितों और राजनयिक प्रतिष्ठा से ज्यादा अहम कुछ नही है। सरकारी वकील रीमर वेल्डहुइस ने अदालत के एकल न्यायाधीश से याचिका को खारिज करने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर पुर्ज़ों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया तो अमेरिका इन पुर्जों को किसी अन्य स्थान से इज़राइल को भेज देगा। उन्होने कहा कि इज़राइल को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होने कहा कि सरकार का मानना है कि एफ-35 विमान के उपयोग से (अंतरराष्ट्रीय कानून के) गंभीर उल्लंघन का स्पष्ट खतरा फिलहाल स्थापित नही किया जा सकता है। इस बाबत दो हफ्ते में फैसला आ सकता है और इसके बाद अपील दायर की जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद 11 पर्वतारोहियों की मौत

पडांग (इंडोनेशिया)। इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने माउंट मरापी में ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद सोमवार को 11 पर्वतारोहियो के शव बरामद किए और कम से कम 12 अन्य की तलाश की जा रही है। वेस्ट सुमात्रा के अगम प्रांत में स्थित माउंट मरापी मे रविवार को अचानक विस्फोट से आसमान में 3,000 मीटर तक राख की मोटी परत छा गई और राख के बादल कई किलोमीटर तक फैल गए। शनिवार को करीब 75 पर्वतारोहियो ने 2,900 मीटर ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई शुरू की थी और वे फंस गए है। पडांग में स्थानीय तलाश एवं बचाव एजेंसी के एक अधिकारी हैरी अगस्टियन ने बताया कि इनमें से आठ को रविवार को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वेस्ट सुमात्रा की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख अब्दुल मलिक ने बताया कि बचावकर्ताओं ने सोमवार सुबह पर्वतारोहियों के 11 शव बरामद किए। वे लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने तीन और लोगों को बचाया है। उन्होंने कहा, शव और पीड़ितों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। बचावकर्मी अब भी लापता 12 पर्वतारोहियों की तलाश कर रहे हैं।

### इज़राइल के प्रधानमंत्री के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले में मंगलवार से फिर सुनवाई शुरू होगी

यरुशलम। इज़राइल-हमास युद्ध के कारण दो महीने के अंतराल के बाद यहां की एक जिला अदालत प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मामले की सुनवाई मंगलवार से फिर शुरू करेगी।हमास की ओर से सात अक्टूबर को हमले शुरू किए जाने के बाद, इज़राइल गाज़ा पट्टी पर जबर्दस्त हमले कर रहा है। तथाकथित केस 4000 या बेज़ेक-वल्ला घूसखोरी मामले के तहत, नेतन्याहू ने वल्ला वेबसाइट पर अपने पक्ष में मीडिया कवरेज के बदले कथित रूप से ऐसे नियामक कदम उठाए जिससे बेज़ेक टेलीकॉम्यूनिकेशन्स को आर्थिक लाभ हुआ। वल्ला वेबसाइट का मालिकाना हक पहले बेज़ेक के पास था। यरुशलम जिला अदालत 74 वर्षीय नेतन्याहू के भ्रष्टाचार मामले पर मंगलवार को सुनवाई फिर से शुरू करेगी। जून में, मामले में तीन न्यायाधीशो ने सिफारिश की थी कि अभियोजन पक्ष रिश्वतखोरी का आरोप वापस ले ले।मगर अभियोजन पक्ष ने आरोप वापस लेने से इनकार करते हुए मुकदमा जारी रखने का फैसला किया, जिसके बाद अदालत ने संबंधित लोगों की गवाही सुनी।

### सीओपी28: हिलेरी क्लिंटन ने भारत में जलवायु लचीलेपन की वकालत की

दुबई। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने भारत मे महिलाओ के सामने आने वाली चुनौतियों का विशेष रूप से जिक्र करते हुए लैंगिक आधार पर उत्तरदाई जलवायु नीतियों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रविवार को वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 मे समुदायो को सशक्त बनाना: जलवायु लचीलेपन के केंद्र मे महिलाएं विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए क्लिंटन ने कहा कि मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन से प्रेरित अत्यधिक गर्मी आजीविका, मानव स्वास्थ्य और सामाजिक ताने-बाने के लिए एक शक्तिशाली व तेजी से बढ़ने वाला खतरा है, और इसके प्रभाव महिलाओ के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होने भारत मे महिलाओ के सामने आने वाली चुनौतियों पर विशेष जोर देते हुए लैंगिक आधार पर उत्तरदाई जलवायु नीतियों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। हिलेरी ने कहा, इसलिए अत्यधिक गर्मी को खासकर भारत मे बदलती जलवायु के सबसे खतरनाक परिणामो में से एक के रूप में देखा जाना चाहिए। यह हो रहा है, और हम जानते है कि यह हो रहा है। और जब हम बड़े बदलाव खोजने की कोशिश कर रहे है तो हमें इस बात की चिंता करनी होगी कि करोड़ों लोगों, खासकर भारत में महिलाओ के साथ जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। उन्होने कहा, यह सिर्फ एक स्वास्थ्य मुद्दा नही हैअ यह एक आर्थिक मुद्दा है, एक सामाजिक मुद्दा है, एक राजनीतिक मुद्दा है।

### विंक से मिलेगा ग्लोबल प्लेटफार्म

हालीवुड। डाउनलोड्स और डेली एक्टिव यूजर्स के लिहाज से भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक ने अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है। इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में मांग पूरी होगी। इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है। विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजर्स के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजर्स के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेंड्ज़ दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है। एयरटेल में डिजिटल प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस के हेड अभिषेक बिस्वाल ने कहा कि विंक में हम हमेशा अपने प्लेटफॉर्म पर अनुभव को बेहतर बनाने के दिलचस्प तरीके खोजने की कोशिश करते हैं।

### पाकिस्तान : पंजाब में भारतीय सिख परिवार को लूटने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में पुलिस की वर्दी पहने लुटेरो द्वारा एक भारतीय सिख परिवार के साथ लूटपाट के मामले में पुलिस ने गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया। एक मीडिया में प्रकाशित खबर मे सोमवार को यह जानकारी दी गई।पिछले सप्ताह लुटेरो ने सिख परिवार से आभूषणो के अलावा 2,50,000 भारतीय रुपए और।,50,000 पाकिस्तानी रुपए लूट लिए थे।कंवल जीत सिंह और उनके परिवार के सदस्य गुरु नानक देव की जयंती उत्सव मे शामिल होने के लिए भारत से यहां पहुंचे थे। सिख परिवार 29 नवंबर को खरीदारी के लिए लाहौर के गुलबर्ग इलाके मे लिबर्टी मार्केट गया था। उस वक्त उन्हे सुरक्षा मंजूरी के नाम पर पुलिस के भेष में लुटेरों ने रोका और आभूषणो के अलावा 250,000 भारतीय रुपए और 150,000 पाकिस्तानी रुपए लूट लिए। सोमवार को पुलिस ने दावा किया कि गिरोह के सरगना अहमद रजा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने गाजा में तत्काल युद्ध-विराम का आह्वान किया

न्यूयॉर्क। वैश्विक चिकित्सा मानवतावादी संगठन मेडिसिंस सैन्स फ्रंटियर्स (एमएसएफ) ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से गाजा पट्टी मे तत्काल और निरंतर युद्ध-विराम सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। यूएनएससी को एक खुले पत्र में एमएसएफ, जिसे डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के नाम से भी जाना जाता है, के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष क्रिस्टोस क्रिस्टो ने कहा कि हफ्तो की लगातार हिंसा के बाद सात दिवसीय युद्ध-विराम गाजा के लोगो के लिए एक स्वागत योग्य राहत था। संगठन ने कहा कि और अधिक लोगो की हत्या को रोकने और अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने को लेकर यही एकमात्र तरीका है। सात अक्टूबर को फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा सीमा पार हमले के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी पर लगातार हवाई और जमीनी हमले किए।

### पूर्व सेना प्रमुख बाजवा, अमेरिकी दूतावास अधिकारियों को गवाह बनाऊंगा : इमरान खान

इस्लामाबाद। जेल मे बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को कहा कि वह गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक मामले मे अपने बचाव मे गवाहो के रूप मे पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियो को शामिल करेंगे। यह मामला उन आरोपो पर आधारित है कि खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने मार्च 2022 मे वाशिंगटन मे दूतावास द्वारा भेजे एक पत्र के संबंध मे देश के गोपनीय कानूनो का उल्लंघन किया। सोमवार को एक विशेष अदालत ने खान और कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक करने के मामले में 12 दिसंबर को फिर से आरोप तय करने का फैसला सुनाया। गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले मे सुनवाई के दौरान अडियाला जेल मे पत्रकारो के साथ एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान 71 वर्षीय खान ने कहा, मामले में गवाहो के रूप में जनरल बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों को शामिल करूंगा। जनरल बाजवा ने डोनाल्ड लु के इशारे पर सब कुछ किया। अमेरिकी राजनयिक लु दक्षिण और मध्य एशियाई मामलो के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में काम कर रहे है।

### हांगकांग की लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता एग्नेस चाउ जमानत नियमों की अनदेखी कर कनाडा पहुंची

हांगकांग। हांगकांग की जाने माने लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं में से एक एग्नेस चाउ आगे की पढ़ाई के लिए कनाडा चली गई है। चाउ ने ऐलान किया कि वह अपनी जमानत शर्तों को पूरा करने के लिए शहर नही लौटेंगी। असंतुष्टों के खिलाफ चीन की कार्वाई के चलते हांगकांग से पलायन करने वाली वह हालिया नेता है। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन में कभी प्रसिद्ध युवा चेहरा रही एग्नेस चाउ को 2020 मे चीन द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। 2019 के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद यह कार्वाई की गई। उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन प्रदर्शन में भूमिका के कारण उन्हें एक अलग मामले में छह महीने से अधिक समय तक जेल मे बिताना पड़ा। उक्त मामले में 2021 में चाउ को जेल से रिहा किए जाने के बाद उन्हें नियमित रूप से पुलिस को रिपोर्ट करना होता था। उन्होंने रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि दबाव के कारण उन्हें मानसिक बीमारी हो गई और उन्हे हांगकांग नही लौटने का फैसला करना पड़ा। वर्ष 2020 मे सुरक्षा कानून लागू होने के बाद उनके कई साथियों को जेल मे डाल दिया गया, गिरफ्तार कर लिया गया, आत्म-निर्वासन के लिए मजबूर किया गया या चुप करा दिया गया। हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का दमन इस बात पर प्रकाश डालता है कि 1997 मे जब पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को चीन को लौटाया गया तो उससे जो स्वतंत्रता का वादा किया गया था, वह नष्ट हो गया है। लेकिन बीजिंग और हांगकांग अर्द्ध-स्वायत्त चीनी शहर में स्थिरता वापस लाने के लिए सुरक्षा कानून की सराहना करते रहे हैं।

## विंसलेट ने डिकैप्रियो के साथ दोस्ती को खास बताया

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री केट विसलेट ने कहा है कि वह और उनके टाइटैनिक के सह अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो जब इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सेट पर मिले थे, तो उन्हे तुरंत पता चल गया था कि दोनों की आपस में खूब बनेगी। ऑस्कर विजेता अभिनेताओ ने जेम्स कैमरन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म टाइटैनिक मे जैक और रोज का किरदार निभाया था। टाइटैनिक 1997 में सबसे अधिक सफल फिल्मो में से एक रही थी। फिल्म का 4के अल्ट्रा एचडी डीवीडी रिलीज जल्द रिलीज होने वाला है। एंटरटेनमेंट टूनाइट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो क्लिप मे अभिनेत्री ने कहा, जब मैने लियो के साथ काम करना शुरू किया, तो हमारे बीच काफी अच्छा तालमेल बन गया था। उन्होने कहा, पीछे मुड़कर देखना और एक बार फिर उन चीजों के बारे में सोचना बड़ा दिलचस्प है।

## कनाडा में हमले के मामले में पुलिस को भारतीय मूल के चार लोगों की तलाश

ओटावा। कनाडा के पुलिस अधिकारियों को ओन्टारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर मे एक शख्स पर हमला करने के सिलसिले में भारतीय मूल के चार व्यक्तियों की तलाश है।पील रीजनल पुलिस ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि आठ सितंबर को ब्रैम्पटन में एक शख्स पर कई लोगों ने हमला किया था। पुलिस ने पीड़ित की पहचान नही बताई है। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर इलाके से भाग गए, जबकि पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।जांचकर्ताओं ने कहा कि हमले के लिए 22 से 30 साल की उम्र के बीच के लोग जिम्मेदार थे। पील रीजनल पुलिस ने व्यक्ति को गंभीर रूप से ज़ख्मी करने के संबंध मे आफ्ताब गिल (22), हरमनदीप सिंह (22), जतिंदर सिंह (25) और 30 वर्षीय सतनाम सिंह का पता लगाने के लिए लोगो से सहायता मांगी है। पुलिस ने उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी की है।

## तुर्किए में 5.1 तीव्रता का भूकंप, जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं

अंकारा। उत्तर पश्चिम तुर्किए में सोमवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से लोग दहशत में आ गए और घरो से बाहर निकल आए। भूकंप से जानमाल के नुकसान की अभी कोई सूचना नही है। आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी के अनुसार 5.1 तीव्रता के भूकंप का केंद्र बर्सा प्रांत के जेमलिक शहर के पास मरमारा सागर मे था। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह सात बजकर 42 मिनट) लगभग समुद्र में नौ किलोमीटर की गहराई मे आया था। हैबरतुर्क टेलीविजन ने कहा कि इस्तांबुल और आसपास के अन्य क्षेत्रों मे भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां लोग अपने अपने घरो और कार्यालय निकलकर बाहर आ गए।

## जापान में दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी विमान का मलबा खोजा, शव बरामद

तोक्यो। जापान के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकी वायुसेना के ओस्प्रे विमान के मलबे और चालक दल के एक सदस्य के शव को अमेरिकी और जापानी गोताखोरों ने खोज लिया है। वायुसेना के अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी वायुसेना का सीवी-22 ओस्प्रे विमान पिछले सप्ताह बुधवार को जापान के याकुशिमा द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिस वक्त यह हादसा हुआ, यह विमान प्रशिक्षण अभियान पर था और इसमें चालक दल के आठ अमेरिकी सदस्य मौजूद थे।

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे से 400 से अधिक बच्चों को लेकर आ रही बसों को रोका

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के सीमा अधिकारियों ने जिम्बाब्वे से 400 बच्चों को लेकर आ रही दर्जनों बसों को मानव तस्करी विरोधी अभियान के तहत रोक लिया है। इन बच्चों के साथ न तो उनके माता-पिता और न ही अभिभावक मौजूद थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बच्चों को दक्षिण अफ्रीका में तस्करी कर लाया जा रहा था, हालांकि दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले विदेशी नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन का कहना है कि ऐसी संभावना है कि बच्चों को वर्षांत छुट्टियों के लिए उनके माता-पिता से मिलने के लिए लाया जा रहा था, जो दक्षिण अफ्रीका में काम कर रहे हैं। इन बसों को वापस जिम्बाब्वे भेज दिया गया। 10 लाख से अधिक जिम्बाब्वेवासी दक्षिण अफ्रीका में रहते हैं, उनमें से कई जिम्बाब्वे की आर्थिक उथल-पुथल से बचने के लिए पिछले 15 वर्षों में अवैध रूप से दक्षिणी पड़ोसी देश में चले आए हैं। दक्षिण अफ्रीका सीमा प्रबंधन एजेंसी के आयुक्त माइक मसियापातो ने रविवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीकी पुलिस ने शनिवार की रात जिम्बाब्वे की 42 बसों को देश में प्रवेश से रोका ।

# व्हाइट हाउस ने यूक्रेन को वित्तीय मदद जारी रखने के लिए संसद में जल्द मंजूरी पर दिया जोर



वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन ने सोमवार को अमेरिकी संसद को यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में अरबों डॉलर की मंजूरी देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि मदद के बिना रूस के आक्रमण से खुद को बचाने में यूक्रेन सक्षम नहीं होगा। प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नेताओं को लिखे और सार्वजनिक रूप से जारी किए गए एक पत्र में प्रबंधन कार्यालय और बजट निदेशक शलांडा यंग ने आगाह किया है कि साल के अंत तक अमेरिका के पास यूक्रेन को हथियार और सहायता भेजने के लिए धन की कमी हो जाएगी और इससे युद्ध के मैदान में यूक्रेन पर दबाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पैसा पहले ही खत्म हो चुका है और अगर यूक्रेन की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल होती है तो वे लड़ाई जारी नहीं रख पाएंगे। उन्होंने पत्र में लिखा है, हमारे पास पैसे खत्म हो गए हैं और लगभग समय भी खत्म हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडन यूक्रेन, इजराइल और अन्य जरूरतों के लिए लगभग 106 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज की मंजूरी चाहते हैं, लेकिन संसद में इसे कठिन अवरोधों का सामना करना पड़ा है, जहां यूक्रेन के लिए सहायता की मात्रा के बारे में संदेह बढ़ रहा है। वित्तीय मदद का समर्थन कर रहे रिपब्लिकन सांसद भी सहायता के लिए एक शर्त के रूप में प्रवासियों के प्रवाह को रोकने को लेकर अमेरिका-मैक्सिको सीमा नीति में बदलाव पर जोर दे रहे हैं। इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा ने गाजा में हमास के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे इजराइल के लिए एक सहायता पैकेज को मंजूरी दी है जबकि व्हाइट हाउस ने कहा है कि सभी प्राथमिकताओं को पूरा किया जाना चाहिए। अमेरिकी संसद ने पहले ही यूक्रेन की सहायता के लिए 111 अरब अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं, जिसमें सैन्य खरीद निधि में 67 अरब अमेरिकी डॉलर, आर्थिक और नागरिक सहायता के लिए 27 अरब अमेरिकी डॉलर और मानवीय सहायता के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। बाइडन प्रशासन ने कहा है कि संसद द्वारा अधिक धन को मंजूरी दिए जाने तक उसने हाल के हफ्तों में कीव को कुछ सैन्य सहायता की गति धीमी कर दी है।

## रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने वाले छह नेपाली नागरिकों की मौत : नेपाल सरकार

काठमांडू। रूस की सेना में सेवारत छह नेपाली नागरिक यूक्रेन के साथ युद्ध में मारे गए हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार को यह घोषणा की। इसी के साथ सरकार ने रूस से आग्रह किया है कि वह नेपाल के नागरिकों की भर्ती अपनी सेना में नहीं करे। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में मृतकों की पहचान स्यांगजा के प्रीतम कार्की, इलम के गंगा राज मोक्तान, डोलखा के राज कुमार कार्की, कपिलवस्तु के रूपक कार्की, कास्की के दीवान राय और गोरखा के संदीप थपलिया के रूप में की है। बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने रूस से अनुरोध किया है कि वह युद्ध में मारे गए नेपालियों के शव स्वदेश पहुंचाए और पीडति परिवारों को मुआवजा प्रदान करे। नेपाल ने रूस से यह भी अनुरोध किया है कि वह उसके नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती नहीं करे और यदि किसी नेपाली नागरिक को भर्ती किया गया है, तो उन्हें तुरंत स्वदेश भेज दे। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एक नेपाली को रिहा करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं, जिसे रूसी सेना की ओर से लड़ने के दौरान यूक्रेन ने बंधक बना लिया है।

# तंजानिया में भारी बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत: अधिकारी



भाषा। नैरोबी


**उत्तरी तंजानिया** में भारी बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 47 लोगों की मौत हुई है और 85 अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को बचाने में मदद के लिए सेना तैनात की है। पूर्वी अफ्रीकी देश में आई यह आपदा बीते कई सालों में सबसे खतरनाक है। देश के उत्तर में माउंट हनांग के पास आई बाढ़ से घर, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं राहत और बचाव कार्यों में भी मुश्किलें आ रही हैं। दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में भाग ले रहीं राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन ने कहा कि वह आपदा के चलते तंजानिया लौटने के लिए अपनी इस यात्रा को संक्षिप्त कर रही हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और अपने सभी सुरक्षा बलों को क्षेत्र में तैनात रहने तथा प्रभावित लोगों की मदद करने का निर्देश दिया है।

# इमरान, कुरैशी के खिलाफ 12 को तय होंगे आरोप

● राजनयिक दस्तावेज लीक करने का मामला

भाषा। इस्लामाबाद





**जेल में बंद** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर गोपनीय राजनयिक दस्तावेज लीक करने के एक मामले में 12 दिसंबर को फिर से आरोप तय किए जाएंगे। यहां की एक विशेष अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। पिछले महीने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के एक फैसले के बाद 71 वर्षीय खान और 67 वर्षीय कुरैशी के खिलाफ मामले की जेल में सुनवाई शुरू हुई। उच्च न्यायालय ने जेल में हुई सुनवाई को प्रक्रियागत आधार पर अवैध घोषित कर दिया था और इसकी कार्यवाही को भी रद्द कर दिया था। डान अखबार की खबर के मुताबिक, विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी के अडियाला जेल परिसर में मामले की सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के दोनों नेता फिलहाल वहीं बंद हैं। पीटीआई पार्टी के प्रमुख खान 26 सितंबर से कड़ी सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं। कुरैशी को भी कथित तौर पर राजनयिक दस्तावेज लीक करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह उसी जेल में कैद है। निचली अदालत के न्यायाधीश के आदेश के बाद इस मामले की सुनवाई फिर से जेल में स्थानांतरित कर दी गई। इसके बाद कैबिनेट द्वारा इसकी मंजूरी दी गई और विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा कानून के तहत आवश्यक अधिसूचनाएं जारी की गईं। खबर में कहा गया है कि सोमवार को न्यायाधीश जुल्करनैन ने सुनवाई 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी और कहा कि पीटीआई नेताओं के खिलाफ उसी दिन आरोप तय किए जाएंगे।

# कृत्रिम कोख पितृत्व की धारणा पर डालेगा प्रभाव

● किसी दिन वास्तविकता बनकर हमारी धारणाओं को बदल सकता है

भाषा। लैंकेस्टर



**हमारा प्रजनन** जीवन हमारे पूर्वजों के मुकाबले काफी अलग है और इसके लिए पिछले कुछ दशकों में हुए स्वास्थ्य नवाचारों को कुछ हद तक श्रेय दिया जा सकता है। आईवीएफ, दानदाता से मिलने वाले अंडे और शुक्राणु, गर्भ प्रत्यारोपण, सरोगेसी और अंडा फ्रीजिंग जैसी प्रथाओं का मतलब है कि कई लोगों के लिए अब पहले से कहीं अधिक विकल्प हैं कि क्या, कब और कैसे बच्चा पैदा करना है। फिर भी, इन प्रगतियों के बावजूद, प्रजनन का एक पहलू स्थिर बना हुआ है और वह है गर्भ में भ्रूण को विकसित करने की आवश्यकता। लेकिन अगर प्रौद्योगिकी ने मानव शरीर के बाहर भ्रूण को विकसित करना संभव बना दिया तो पितृत्व के बारे में हमारी धारणाओं का क्या होगा? हाल तक, एक्टोजेनेसिस - शरीर के बाहर भ्रूण का विकास - का विचार विज्ञान कथा रहा है। लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की टीमों ने कृत्रिम गर्भ विकसित करना शुरू कर दिया है। आशा है कि यह तकनीक किसी दिन समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं की जान बचाने के काम आएगी। जानवरों पर परीक्षण पहले ही किए जा चुके हैं - शोधकर्ताओं ने मेमने के भ्रूण को कोख से बाहर विकसित करने में सफलता की सूचना दी है।इस बीच, नीदरलैंड में एक टीम सिमुलेशन तकनीक का उपयोग करके एक समान प्रणाली विकसित कर रही है। यह दृष्टिकोण उन्नत निगरानी और कंप्यूटर मॉडलिंग से सुसज्जित मैनिकिन का उपयोग करके समय से काफी पहले जन्मे शिशुओं को जन्म के समय तक ले जाने की प्रक्रिया की नकल करता है। इससे शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद मिलती है कि एक शिशु ऐसे वातावरण में कैसे विकसित हो सकता है जो गर्भ की स्थितियों का अनुकरण करता है। हालाँकि इसमें कई दशक लग सकते हैं, और यह वर्तमान शोध का इच्छित समापन बिंदु नहीं है, कृत्रिम गर्भ प्रौद्योगिकियाँ अंततः पूर्ण एक्टोजेनेसिस का रास्ता बना सकती हैं, जिसका मतलब होगा गर्भाधान से लेकर जन्म तक भ्रूण को मानव शरीर के बाहर पूरी तरह से विकसित करना।पूर्ण एक्टोजेनेसिस में अनुसंधान में एक बाधा दुनिया भर में मौजूदा कानून है, जो या तो भ्रूण अनुसंधान पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाता है या 14 दिनों से अधिक समय तक अनुसंधान के लिए मानव भ्रूण को विकसित करने पर रोक लगाता है।इसलिए इस प्रकार के शोध के लिए कानून में बदलाव की आवश्यकता होगी। अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय के बीच इसके प्रति जिज्ञासा बढ़ रही है, लेकिन इस तरह के बदलाव को जनता का समर्थन मिलेगा या नहीं यह ज्ञात नहीं है। पूर्ण एक्टोजेनेसिस महत्वपूर्ण नैतिक, कानूनी और सामाजिक प्रश्न भी उठाता है, जिनका उपयोग करने से पहले उत्तर देना आवश्यक होगा। यूके में, जो बच्चे को जन्म दे वही बच्चे की कानूनी मां होती है - आनुवंशिकी या इरादे की परवाह किए बिना।

## भारतीय मूल के दवे शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर के रूप में शपथ ग्रहण की

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की संसद में 2019 में भारतीय मूल के पहले सांसद के रूप में निर्वाचित हुए दवे शर्मा ने न्यू साउथ वेल्स लिबरल सीनेट के चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सीनेटर के रूप में सोमवार को शपथ ग्रहण की। शर्मा ने न्यू साउथ वेल्स के पूर्व मंत्री एंड्रयू कॉन्स्टेंस को हराकर सदन में वापसी की कैनबरा टाइम्स ने बताया कि शर्मा (47) पूर्व विदेश मंत्री मैरिस पायने की जगह लेंगे , जिनकी सीनेट से सेवानिवृत्ति हो चुकी है। सीनेटर मारिया कोवाचिक ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए दवे शर्मा को शपथ ग्रहण की बधाई दी। लिबरल पार्टी की उपनेता सुसान ले ने भी एक्स पर लिखा, उनके (दवे के) पास संसद और वरिष्ठ राजनयिक पदों पर काम करने का अच्छा अनुभव है।

# तूफान मिगजॉम का कहर : चेन्नई में भारी बारिश

## जनजीवन अस्त-व्यस्त, कार्यालय और स्कूल बंद

### चेन्नई आने-जाने वाली 70 उड़ानें रद्द, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से फोन पर बातचीत की, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

पीएनएस/एजेंसी

**नई दिल्ली/चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों में सोमवार को लगातार बारिश के कारण कई हिस्से जलमग्न हो गए, जिससे इन जगहों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश की वजह से यहां 2015 की बाढ़ की पुनरावृत्ति की आशंका पैदा हो गई है। लोग आवश्यक वस्तुओं विशेषकर पेयजल की खरीद के लिए भागदौड़ करते देखे गए। लगातार बारिश से कोई राहत नहीं मिली है, इसके कारण बिजली गुल हो गई और इंटरनेट बाधित हो गया।चक्रवाती तूफान मिगजॉम के कारण भारी बारिश हो रही है। तूफान का यह नाम म्यांमा ने सुझाया था जिसका अर्थ है लचीलापन या ताकत। बारिश के कारण परिवहन सेवा बुरी तरह बाधित हुई है और कई ट्रेन तथा उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। सड़कों के जलमग्न होने के कारण आने-जाने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।राज्य की राजधानी के कई हिस्से और आसपास के कांचीपुरम,



चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर जिले जलमग्न हो गए हैं, जबकि सरकारी मशीनरी को रुके हुए पानी को हटाने के लिए तैनात किया गया है।सोमवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में, चेन्नई के पेरुंगुडी में 29 सेमी बारिश हुई, जबकि तिरुवल्लूर जिले के आवडी में 28 सेमी और चेंगलपेट के मामल्लापुरम में 22 सेमी बारिश दर्ज की गई।मौसम कार्यालय ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि चार जिलों में सोमवार देर रात तक भारी से बहुत भारी बारिश होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अपडेट में कहा गया, तूफान के उत्तर की ओर बढ़ने तथा दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के करीब और 5 दिसंबर की सुबह 90 से 100 किमी प्रति घंटे की गति से एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में नेल्लोर और मछलीपट्टनम (एपी) के बीच से गुजरने की संभावना है। चेन्नई हवाई अड्डे का संचालन सुबह 9.40 बजे से रात 11 बजे तक निलंबित कर दिया गया है। लगातार बारिश के कारण हवाईअड्डे पर आने और जाने वाली लगभग 70 उड़ानें रद्द कर दी गईं। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि जलभराव के कारण रनवे और टारमैक भी बंद हैं।सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रभावित जिलों में बचाव प्रयासों के लिए 250 एनडीआरएफ कर्मियों वाली दस टीम को तैनात किया गया है। पेरुंगुडी के रहने वाले प्रकाश ने कहा, चार दिसंबर को तड़के लगभग 3 बजे हवा चलनी शुरू हुई और बिजली की आपूर्ति बंद हो गई। अब पूरे इलाके को जल जमाव के कारण बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही पानी का स्तर बढ़ा, जनरेटर भी बंद कर दिया गया और हम सुबह 11 बजे से अब तक बिजली के बिना हैं। प्रकाश ने कहा, पानी का स्तर इतना बढ़ गया है कि सभी कारों को अपार्टमेंट की पार्किंग से बाहर निकालना पड़ा और सड़क के किनारे रखना पड़ा। क्षिण चेन्नई का एक आवासीय इलाका अशोक नगर बाढ़ के कारण बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। स्थानीय निवासी आर रवि ने कहा, हम पीने का पानी खरीदने के लिए लंबे समय से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन मुश्किल हो रही है क्योंकि दुकानों में इसका स्टॉक खत्म हो गया है और सामान्य आपूर्तिकर्ता भी उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। शोक नगर के एक अन्य निवासी संदीप गुप्ता ने कहा, बाहर की स्थिति बहुत खराब है। बहुत सारे पेड़ गिर गए हैं। अशोक नगर की 11वीं एवेन्यू सड़क घुटनों तक पानी में डूब गई है। अशोक नगर के अधिकांश हिस्सों में बिजली नहीं है। वेलाचेरी में एक इमारत के ढहने की खबरें सामने आईं, जिसमें दो लोगों को बचाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से फोन पर बातचीत कर मौजूदास्थिति की जानकारी ली तथा उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।चक्रवात के मद्देनजर तमिलनाडु सरकार ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और निजी कार्यालयों, वित्तीय संस्थानों और बैंकों के लिए मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

## मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा फडणवीस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को जब पार्टी कार्यकर्ताओं से पूछा कि वे महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के रूप में किसे देखना चाहते हैं, तो उन्होंने (कार्यकर्ताओं ने) वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस के नाम के नारे लगाए।बावनकुले यहां से करीब 800 किलोमीटर दूर भंडारा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे और उन्होंने पूछा था कि महानगर के वानखेड़े स्टेडियम में अगले मुख्यमंत्री पद की शपथ किसे लेनी चाहिए।बावनकुले ने (कार्यकर्ताओं के) नारों के जवाब में कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं को इस सपने को साकार करने के लिए काम करना होगा। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बाद महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। बाद में शिंदे के नेतृत्व में भाजपा के सहयोग से सरकार बनी।

## क्विक न्यूज

### विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति पर राज्यपाल से मुलाकात सार्थक रही: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विश्वविद्यालयों में स्थाई कुलपतियो की नियुक्ति को लेकर सोमवार शाम राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस के साथ बैठक की और इस मुलाकात को सार्थक बताया।बनर्जी ने हालांकि इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या कुलपतियों की नियुक्ति के लिए एक तलाश समिति (सर्च कमेटी) बनाने के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कोई चर्चा हुई थी।राजभवन में करीब एक घंटे तक चली बैठक से बाहर आने के बाद बनर्जी ने कहा, बैठक अच्छी रही। चर्चाएं सार्थक रही। राज्य संचालित विश्वविद्यालयो में कुलपतियो की नियुक्ति सहित विभिन्न मुद्दो पर राज्यपाल और ममता बनर्जी सरकार के बीच खींचतान चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने दावा किया कि कुलपतियों की नियुक्ति के आदेश अवैध थे क्योंकि राज्यपाल ने नियुक्तियां करने से पहले विभाग से परामर्श नही लिया था।बनर्जी ने कहा, कोई आलोचना, टकराव नही होना चाहिए। कई लोग कहते है कि राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच मतभेद है। यह सही नही है। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर उन्होने कहा कि फैसले के दो चरण है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक अंतरिम कुलपति के मुद्दे को ठीक करना है और दूसरा कुलपतियों की नियुक्ति के लिए पांच सदस्यों की एक समिति गठित करना है। हमारे बीच कोई मतभेद नही है।

### मप्र चुनाव: 27 महिलाएं विधानसभा के लिए चुनी गईं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए कुल 27 महिलाएं चुनी गई है, जिनमें से 21 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से है और छह कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुई है। मध्य प्रदेश मे भाजपा ने कुल 230 में से 163 सीटें जीत कर सत्ता बरकरार रखी जबकि कांग्रेस 66 सीटें हासिल कर विपक्षी दल के तौर पर कायम है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जीतने वाली महिलाओं की संख्या 20 थी। मध्य प्रदेश की 230 सदस्ईय विधानसभा के लिए 17 नवंबर मतदान हुआ था और नतीजे रविवार को घोषित किए गए।पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू और भाजपा की कृष्णा गौर महिलाओं में सबसे बड़े अंतर से जीती। उन्होंने गोविंदपुरा में कांग्रेस के रवींद्र साहू को 1.06 लाख मतों से हराया। इस सीट से बाबूलाल गौर ने 1980 से 2013 के बीच लगातार आठ बार जीत हासिल की थी।भाजपाकी मालिनी गौड़ ने इंदौर-4 सीट से 69,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की।भाजपा की ही प्रियंका मीना ने कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह को चाचौड़ा से 61,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराकर एक बड़ा उलटफेर कर दिया। वह 31 साल की सबसे कम उम्र की विधायक भी है। लक्ष्मण सिंह पांच बार लोकसभा सांसद और तीन बार विधायक भी रह चुके है।उषा ठाकुर (महू) और मीना सिंह (मानपुर), जो दोनों मंत्री थी।

### शिक्षा में परिवर्तन जरूरी, विकास बढ़ेगा

**नोएडा।** प्राइमबुक लैपटॉप एक किफायती और शक्तिशाली लैपटॉप है जो उच्चतम कोटि का प्रदर्शन करता है। यह यूपी के कानपुर में एक शिक्षा क्षेत्र में क्रांति लाने का संकल्प करता है। इको सिस्टम में लूप होल का विश्लेषण करते हुएएप्राइम बुक के को फाउंडर और सीईओ चित्रां शुमहंत ने कहा कि जैसा कि कोचिंग इंडस्ट्री का एक्सपाशन जारी है,प्राइमबुक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ स्टूडेंट्स को सशक्त बनाने के लिए कमिटेड है, जिनकी उन्हें आज के तेजी से बढ़ते एकेडमिक एन्वार्यमेंट में सफलता के लिए आवश्यक है। श्उन्होंने कहाए श्प्राइमबुक भारत में एजुकेशन इंडस्ट्री को बदलने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अपने इनोवेटिव एंड्रॉइड.बेस्ड ऑपरेटिंग सिस्टमए प्राइम ओएस और 200,000 से अधिक एंड्रॉइड ऐप्स के साथ कम्पैटिबिलिटी के साथए प्राइम बुक ईलर्निंग एप्लीकेशन के लिए आदर्श लैपटॉप है। इस उद्योग की मूल्यांकन लगभग 100 करोड़ रुपये लगभग 13 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। प्रतिष्ठानीय विश्वविद्यालयों और पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बढ़ते प्रतिस्पर्धा है।प्राइमबुक लैपटॉप का नवाचारी एंड्रॉयड.आधारित ऑपरेटिंग सिस्टमए प्राइमओएसए 200,000 से अधिक एंड्रॉयड एप्लिकेशन्स के साथ संगत होने का डिज़ाइन किया गया है। जिससे यह ई.लर्निंग अनुप्रयोगों के लिए सही उपकरण बन जाता है।

### मेरी आवाज दबाने के लिए ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है: मुख्यमंत्री सोरेन

**गिरिडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उनकी आवाज दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल कर रही है। सोरेन ने गिरिडीह जिले के झंडा मैदान मे एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य से खनन किए गए कोयले के लिए केंद्र सरकार पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया है। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले तो केंद्र सरकार ने इसे टालने की कोशिश की। फिर मेरी आवाज दबाने के लिए ईडी-सीबीआई को भेजा लेकिन हम सदियो से अपने अधिकारो के लिए लड़ते आ रहे है। मुख्यमंत्री आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत गिरिडीह में थे, जहां उन्होंने 335 करोड़ रुपए की 137 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सोरेन ने कहा, अगर झारखंड को केंद्र सरकार से उसका बकाया मिल जाता तो हम लाखो लोगो को आवास उपलब्ध करा पाते, युवाओ को रोजगार के लिए दूसरे राज्यो मे पलायन नही करना पड़ता और आज जो घरेलू गैस सिलेंडर 1000 रुपए में मिल रहा है उसे 500 रुपए मे दिया जाता। ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए जाते।

### शीर्ष अदालत ने मणिपुर के विस्थापित 284 विद्यार्थियों को तीन विकल्प दिए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर के 284 विद्यार्थियों को मणिपुर विश्वविद्यालय मे ऑनलाइन कक्षा लेने या सिलचर में असम विश्वविद्यालय या शिलांग मे पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय में स्थानांतरण लेने का विकल्प देकर उन्हे सोमवार को राहत दी। शीर्ष अदालत मणिपुर विश्वविद्यालय की ईआईएमआई वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 284 विद्यार्थियों की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो वर्तमान मे देश के अलग-अलग स्थानो पर रह रहे है। वे अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों मे स्थानांतरण की मांग कर रहे है ताकि राज्य मे हिंसा के कारण उनकी पढ़ाई का नुकसान न हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम उन्हे तीन विकल्प दे सकते है।

### युवतियों में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता जरूरी

**बेंगलुरू।** कॉम्फी अमृतांजन हेल्थ केयर एक मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड है। कंपनी भारत के 1,450 शहरों में 4.5 लाख युवतियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक कर चुकी है और अब तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश के 360 शहरों में इस पहल को शुरू कर रही है ताकि प्रोजेक्ट दिशा पहल के अगले चरण के हिस्से के रूप में भारत के इन चार राज्यों में अन्य 2.5 लाख छात्राओं में जागरूकता बढ़ाई जा सके। तीसरे चरण के अंत मेंए अनुमान है कि प्रोजेक्ट दिशा ने देश भर के 1,800 से अधिक शहरों में 7 लाख लड़कियों के जीवन को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। प्रोजेक्ट दिशा को शुरू हुए अपने तीन साल हो चुके हैं और अब यह10 राज्यों में लागू हैए जिसमें 900 कस्बे 400 स्कूल और 100 आंगनवाड़ी केंद्र शामिल हैं। इस परियोजना ने घरों और अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बढ़ाई है। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एस संभु प्रसाद ने कहा कि महिलाओं की स्वच्छता को बढ़ावा देना सामान्य सामाजिक कर्तव्य से कहीं ऊपर है। यह एक मूलभूत आवश्यकता है।

# हिप्र : सड़क हादसे में जम्मू व कश्मीर के छह श्रमिकों की मौत

**भाषा।** शिमला-श्रीनगर

**हिमाचल प्रदेश** के शिमला जिले के सुन्नी के निकट सोमवार सुबह एक वाहन के खाई में गिर जाने से जम्मू कश्मीर के छह मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।
पुलिस ने बताया कि यह हादसा यहां से लगभग 35 किलोमीटर दूर कुधारघाट में हुआ, जब पिकअप ट्रक के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में छह अन्य लोग घायल भी हुए हैं। उसने बताया कि इस वाहन में 12 श्रमिक सवार थे जो हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते थे। इनमें से नौ जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के थे। पुलिस ने बताया कि सभी श्रमिक सुन्नी से मंडी जा रहे थे, इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अस्पताल ले जाए जाने के बाद तीन अन्य को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि अन्य घायलों का उपचार इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसीएच) में किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मृतकों की पहचान फरीद (24), गुलाब (43), सहबीर (19), तालिब (23), गुलजार (30) तथा मुश्ताक (30) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान वाहन चालक रंजीत, असलम, तालिब हुसैन, आकाश कुमार, अजय ठाकुर और मंजूर के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया। सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, शिमला में दुखद सड़क दुर्घटना से दुखी हूं, जिसमें कुलगाम के छह निवासियों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कुलगाम के उपायुक्त को मृतकों के परिजनों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता और कुलगाम के पूर्व विधायक एम वाई तारिगामी ने पीड़ितों के लिए पर्याप्त मुआवजे की मांग करते हुए प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति एकजुटता प्रकट की। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के नेता अल्ताफ बुखारी ने भी मजदूरों के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं शिमला में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मजदूरों की मौतों पर दुख व्यक्त किया और जिले के अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत प्रदान करने और घायलों को सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में शिमला के विकासनगर इलाके में एक ट्रक ने चार वाहनों को टक्कर मार दी।

## मुख्तार के बेटे ने उप्र के बाहर जेल में स्थानांतरित करने का आग्रह किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**गैंगस्टर** एवं नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने पिता को उत्तर प्रदेश के बाहर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उसने दावा किया है कि उसके पिता की जान को खतरा है। मुख्तार अंसारी इस समय उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद है। उमर अंसारी ने अपनी याचिका में कहा है कि उसके पिता एक राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जो राज्य की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राजनीतिक और वैचारिक रूप से विरोध करती है, इसलिए उनका परिवार राज्य के उत्पीड़न का शिकार रहा है। याचिका में शीर्ष अदालत से अनुरोध किया गया है कि मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से किसी गैर भाजपा शासित राज्य की जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया जाए। इसमें दावा किया गया, राज्य सरकार लगातार याचिकाकर्ता के परिवार, विशेष रूप से उसके पिता के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से शत्रुतापूर्ण रुख अपना रही है।

## महिला यात्री की शिकायत पर मात्र 12 मिनट में कार्वाई की : वैष्णव

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक महिला यात्री की शिकायत पर महज 12 मिनट में कार्वाई की है। महिला यात्री ने रेलगाड़ी में तीन शराबियों द्वारा हंगामा करने की शिकायत की थी। इससे पहले आरपीएफ ने एक बयान जारी किया था, जिसमें शिकायत पर करीब 45 मिनट में कार्वाई करने की जानकारी दी गई थी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, यात्री से शिकायत प्राप्त होने के 12 मिनट के भीतर आरपीएफ ने कार्वाई की। गायत्री बिश्नोई नाम की महिला यात्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर 20 नवंबर को देर रात दो बजकर 14 मिनट पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वह वातानूकुलित द्वितीय श्रेणी डिब्बे में जयपुर से श्रीगंगानगर की यात्रा कर रही थीं, जिसमें तीन व्यक्ति शराब पी रहे थे और एक दूसरे और यात्रियों को अपशब्द कह रहे थे और हंगामा कर रहे थे।गायत्री, आम आदमी पार्टी (आप) की राजस्थान इकाई की महिला शाखा की अध्यक्ष भी हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि झालावाड़ शहर-श्री गंगानगर एक्सप्रेस में कोई आरपीएफ कर्मी नहीं था।उन्होंने वीडियो में यह भी आरोप लगाया कि टिकट निरीक्षक (टीटी) की मदद से उन्होंने आरपीएफ से मामले की शिकायत की, जिसके करीब एक घंटे बाद आरपीएफ कर्मी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आए।आरपीएफ ने महिला यात्री के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें देर रात 12 बजकर 17 मिनट पर शिकायत प्राप्त हुई, जिसपर एक बजकर दो मिनट पर कार्वाई की गई। आरपीएफ ने स्वीकार किया कि ट्रेन में कोई जवान नहीं था क्योंकि चुनाव की वजह से उन्हें नियमित काम से हटाकर चुनावी ड्यूटी के लिए लगाया गया था।आरपीएफ ने बिश्नोई पर अपराधियों के खिलाफ कार्वाई होने के बाद वीडियो अपलोड करने का आरोप लगाया, जिसपर बिश्नोई ने कहा कि उन्होंने वीडियो को अपलोड सिर्फ जागरूकता फैलाने के लिए किया था कि आरपीएफ की ओर से कार्वाई कितनी देर में हुई।

# राजस्थान: भाजपा के करीब 25 नवनिर्वाचित विधायकों ने वसुंधरा राजे से मुलाकात की

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान में** नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करीब 25 नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को यहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात की। ए विधायक राजे के सिविल लाइंस स्थित आवास पर उनसे मिले। पार्टी को राज्य में बहुमत मिलने के बाद भाजपा आलाकमान इस समय नए मुख्यमंत्री चुनने की कवायद कर रहा है। ऐसे समय में विधायकों की राजे से इस मुलाकात को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 25 विधायक सोमवार शाम तक अलग-अलग समय पर राजे से उनके आवास पर मिले। कई लोगों ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया जबकि कुछ ने यह भी संकेत दिया कि राजे को राज्य का नेतृत्व करना चाहिए। नसीराबाद से भाजपा विधायक रामस्वरूप लांबा ने वसुंधरा राजे से मुलाकात के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वसुंधरा राजे के काम की वजह से ही राजस्थान में भाजपा की वापसी हुई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी विधायक मुख्यमंत्री पद के लिए राजे का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने कहा, राजे को सभी विजई विधायकों का समर्थन प्राप्त है। राज्य के मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जिन नामों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं उनमें झालरापाटन सीट से विधानसभा चुनाव जीतने वाली राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अर्जुन मेघवाल, सांसद और हाल ही में विधायक बने बाबा बालकनाथ तथा दीया कुमारी शामिल हैं। हालांकि यह सिर्फ अटकलें हैं पार्टी ने इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया है। केंद्रीय मंत्री शेखावत और मेघवाल ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा।

## राष्ट्रगान के अपमान को लेकर भाजपा विधायकों को जारी नोटिस पर कलकत्ता उच्च न्यायालय की रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को कोलकाता पुलिस द्वारा पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में राष्ट्रगान गाए जाने के दौरान उसका कथित अपमान करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ विधायकों को जारी नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी। भाजपा विधायक शंकर घोष और अन्य ने पार्टी के विधायकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने मदारीहाट के पार्टी विधायक एवं मुख्य सचेतक मनोज तिग्गा और सिलीगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र के घोष सहित भाजपा विधायकों को सात दिसंबर को पुलिस के सामने पेश होने के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष को सात दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख पर केस डायरी पेश करने का निर्देश दिया।



पूर्व राष्ट्रपति आर वें कटरमण को पुष्प अर्पित करती राष्ट्रपति द्रौपदी र्मुमु

## पेपर शो, पेपरेक्स 6 से 9 दिसंबर तक

**नोएडा।** दुनिया के सबसे बड़े पेपर शोए पेपरेक्स का 16वां संस्करणए वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है। यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023को इंडिया एक्सपो सेंटर दिल्ली एनसीआर भारत में आयोजित किया जाएगाए जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ.साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण. सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादाअग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिकव्यापार आगंतुकों के साथ सफलता की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत में पेपर की खपत की संभावित वार्षिक वृद्धि 6 से 7 प्रतिशत होने के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 30 मिलियन टन तक पहुचने की संभावना हैए जो मुख्य रूप से संगठित खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के साथ.साथ शिक्षा और साक्षरता पर बढ़ावा मिलने से हो रहा है।

## बृजानंद की 23 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क

नोएडा (उप्र)। नोएडा के जारचा थाने की पुलिस ने शनिवार को कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी गैंग के सदस्य बृजानंद की 23 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क की।एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक विशेष न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत उक्त संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया था। उनके अनुसार इसके तहत पुलिस ने मथुरा जनपद में स्थित गैंगस्टर के दो आवासीय भूखंडो तथा अन्य जमीन को कुर्क किया है।प्रवक्ता ने बताया कि यह बदमाश रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य है और उसने अपराध के रास्ते करोड़ो रुपए की संपत्ति अर्जित की है।

## दुष्कर्म के आरोपी को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से किया गया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हरियाणा मे फरीदाबाद की पुलिस ने एक नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी एक व्यक्ति को बिहार से गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि आरोपी की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रणजीत (19) के रूप मे की गई है और उसे बिहार से गिरफ्तार किया गया है। उसपर आरोप है कि वह 13 वर्षीय एक नाबालिक लडकी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।पुलिस ने इस नाबालिक लडकी को पहले ही बरामद कर लिया था ।

# छत्तीसगढ़ चुनाव : केवल बिलासपुर संभाग में मिली कांग्रेस को बढ़त

**भाषा।** रायपुर


**छत्तीसगढ़ में हु**ए विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करने वाली कांग्रेस को बिलासपुर संभाग में अन्य क्षेत्रों के मुकाबले अधिक सीटें मिली हैं।राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार है कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सीट से चुनाव नहीं जीत सका।छत्तीसगढ़ के पांच संभागों में से एक बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक 25 सीटें हैं। इसके बाद दुर्ग में 20, रायपुर में 19, सरगुजा में 14 और बस्तर संभाग में 12 सीटें हैं।इस चुनाव में बिलासपुर संभाग में कांग्रेस ने 14 सीटें जीतीं तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झोली में 10 सीटें गई। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने एक सीट पर जीत हासिल की है।इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने दुर्ग संभाग में 10-10 सीटें जीती हैं जबकि तीन अन्य संभागों में भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई है। इन संभागों में से सरगुजा संभाग में कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा है। आदिवासी बहुल सरगुजा क्षेत्र की सभी 14 सीट पर भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं। इस क्षेत्र में हार को कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।एक अन्य आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में भाजपा ने आठ सीटें और कांग्रेस ने चार सीटें जीती हैं जबकि रायपुर संभाग में भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने सात सीटों पर जीत हासिल की है।2018 के चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने वाली कांग्रेस बिलासपुर संभाग में एकतरफा जीत हासिल करने में असफल रही थी। इस क्षेत्र में भाजपा ने लगभग आधी सीट पर जीत हासिल की थी।इस बार मंत्री उमेश पटेल (खरसिया सीट) और पूर्व केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान विधानसभा के अध्यक्ष चरण दास महंत (सक्ती) उन प्रमुख कांग्रेस उम्मीदवारों में से हैं जिन्होंने बिलासपुर संभाग में जीत हासिल की है।वहीं, मंत्री जय सिंह अग्रवाल (कोरबा) और पांच अन्य मौजूदा विधायक कांग्रेस के उन प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं, जिन्हें इस क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर के सांसद अरुण साव ने लोरमी सीट पर 45 हजार से अधिक के अंतर से जीत हासिल की है। साथ ही भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी ओपी चौधरी ने रायगढ़ सीट पर 64 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की।भाजपा के लिए इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उलटफेर जांजगीर चांपा से विपक्ष के नेता नारायण चंदेल की हार है। पूर्ववर्ती शाही परिवार के सदस्य प्रबल प्रताप सिंह जूदेव और संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव भी क्रमश: कोटा और चंद्रपुर से हार गए।इस चुनाव में राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा स्थापित जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रभाव में भी गिरावट देखी गई क्योंकि दोनों दल इस बार अपना खाता खोलने में विफल रहे। जेसीसी (जे) ने 2018 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था और सात सीटें हासिल की थीं। 2018 में जेसीसी (जे) ने 7.61 प्रतिशत वोट हासिल कर पांच सीटें जीती थीं, जबकि बसपा ने 3.87 मत प्रतिशत के साथ दो सीटें हासिल की थीं।

## मिजोरम चुनाव परिणाम : एमएनएफ के मत प्रतिशत में गिरावट, 16 सीटों का नुकसान

**आइजोल।** मिजोरम मे संपन्न विधानसभा चुनाव मे सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के मत प्रतिशत मे 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और पार्टी को 2018 मे हुए पिछले चुनाव की तुलना मे 16 सीटो का नुकसान हुआ। निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ो मे यह जानकारी दी गई है। आयोग के अनुसार पिछले चुनाव मे एमएनएफ को 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि इस बार 35.1 प्रतिशत वोट हासिल हुए। एमएनएफ को सोमवार को संपन्न मतगणना मे हार का सामना करना पड़ा है और उसे केवल 10 सीटो पर जीत मिली है। पिछले चुनाव मे उसे 26 सीटो पर जीत मिली थी। मिजोरम की 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए सात नवंबर को मतदान हुआ था। राज्य मे कुल 8,57,063 मतदाता है, जिनमे से 82 प्रतिशत ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को चुनाव मे 37.86 प्रतिशत वोट जबकि 27 सीटो पर जीत मिली। निवर्तमान विधानसभा मे आठ विधायको के साथ जेडपीएम मुख्य विपक्षी दल था। जेडपीएम का गठन 2017 मे हुआ था, लेकिन इसे 2019 मे निर्वाचन आयोग से मान्यता मिली थी। इसलिए, जेडपीएम ने पहली बार पार्टी के रूप मे चुनाव लड़ा। 2018 मे पार्टी के उम्मीदवारो ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, जिसे पांच साल पहले 29.98 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन इस बार यह घटकर 20.82 फीसदी रह गया। 2018 मे पार्टी को पांच सीटो पर जीत मिली थी जबकि इस बार केवल एक सीट पर जीत हासिल हुई।भाजपा को 2018 के चुनाव मे एक सीट पर जीत मिली थी जबकि इस बार दो सीटो पर जीत हासिल हुई।

# बावुमा और रबाडा नहीं आएंगे भारत

- वनडे की श्रृंखला से विश्राम
- इसी महीने शुरू होंगे मुकाबले




**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** के कप्तान तेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम दिया गया है और वह इसके बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका खेल के तीनों प्रारूप में भारतीय टीम की मेजबानी करेगा। भारत इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा। इस दौरे की शुरुआत 10 दिसंबर को डरबन में पहले टी20 मैच से होगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को कहा, कप्तान तेम्बा बावुमा और कैगिसो रबाडा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रखा गया है। यह दोनों खिलाड़ी इसके बाद टेस्ट श्रृंखला में वापसी करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की तैयारी में जुटे हैं। दोनों टीम के बीच पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम सीमित ओवरों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई करेंगे। अब तक एक वनडे और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है जबकि हेनरिक क्लासेन को टेस्ट टीम से बाहर रखा गया है। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी, मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को भी वनडे से बाहर रखा गया है। यह तीनों खिलाड़ी पहले दो टी20 मैच और दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए गए हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भी भारत की तरह अपनी वनडे टीम में कई नए चेहरों को शामिल किया है। इनमें तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन और ऑलराउंडर मिहलाली मपोंगवाना जैसे नए चेहरे भी शामिल हैं। बल्लेबाज डेविड बेडिंघम (टेस्ट) और तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर (तीनों प्रारूप) को भी पहली बार मौका दिया गया है।

**दक्षिण अफ्रीका की तीनों प्रारूप के लिए टीम इस प्रकार हैं-टी20 टीम:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्ज़ी (पहला और दूसरा टी20), डोनोवन फरेरा, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन (पहला और दूसरा टी20), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा टी20), एंडिले फेहलुक्वायो, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिज़ाद विलियम्स

**वनडे टीम:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुक्वायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन और लिज़ाद विलियम्स।

**टेस्ट टीम:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, मार्को यानसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

## एनसीएलटी ने 158 करोड़ के बकाया के बीसीसीआई के दावे पर बायजू को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने बायजू के नाम से आनलाइन शैक्षणिक सेवा प्रदाता कंपनी थिंकएंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। बीसीसीआई ने याचिका दायर कर 158 करोड़ रुपए का दावा किया है। यह दावा रिणशोधन अक्षमता और दिवाला संहिता 2016 की धारा नौ के तहत परिचालन के लिए कर्ज देने वाली ईकाई के रूप में किया गया है। बोर्ड की याचिका को दाखिल करते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) बेंगलुरू ने बायजू को 28 नवंबर 2023 को नोटिस जारी किया। बायजू को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर 2023 को होगी।

# तीसरे स्पिन विकल्प बनकर उभरे बिश्नोई

- टी20 विश्व कप से पहले दिखाया दम

**भाषा।** बेंगलुरू



**रवि बिश्नोई को** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए जब भारतीय टीम में चुना गया तो यह स्पष्ट संकेत था कि अगले साल टी20 विश्व कप के मद्देनजर वह टीम प्रबंधन की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा हैं। भारत को विश्व कप से पहले छह टी20 खेलने हैं और समझा जाता है कि 23 वर्ष के बिश्नोई को युजवेंद्र चहल पर तरजीह मिलनी तय है। चहल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। चहल ने इस साल नौ टी20 मैचों में नौ विकेट लिए जबकि बिश्नोई ने 11 मैचों में 18 विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न श्रृंखला में बिश्नोई प्लेयर आफ द सीरिज रहे जिन्होंने पांच मैचों में नौ विकेट लिए। विशाखापत्तनम में पहले मैच में चार ओवर में 54 रन देने के अलावा बिश्नोई ने बाकी मैचों में शानदार गेंदबाजी की। आस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर भी बिश्नोई को खेलना आसान नहीं था। उनके स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बिश्नोई ने खास तौर पर चारों मैचों में शानदार गेंदबाजी की। उसे खेलना आसान नहीं था। श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने जियो सिनेमा से कहा, बिश्नोई दूसरे लेग स्पिनर से अलग है। वह तेज गेंद डालता है और गेंद को स्लाइड कराता है। मददगार विकेटों पर उसे खेलना काफी कठिन है।

## धोनी के प्रेरणादाई शब्दों ने जीत दिलाने में मदद की : होप

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने खुलासा किया कि लक्ष्य का पीछा करने मे माहिर महेंद्र सिंह धोनी की आखिर तक हार न मानने की सलाह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे उन्हे प्रेरित किया जिससे उनकी टीम रोमांचक जीत दर्ज करने मे सफल रही। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को शांतचित्त होकर अपने काम को अंजाम तक पहुंचाने और अपने मैच विजेता कौशल के लिए जाना जाता है। वेस्टइंडीज ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मे 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट 213 रन पर गंवा दिए थे। ऐसे मे होप ने धोनी से हुई बातचीत को याद किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। होप ने नाबाद 109 रन की पारी खेलने के बाद संवाददाताओं से कहा, बेहद चर्चित व्यक्ति महेंद्र सिंह धोनी से मेरी बात हुई थी और उन्होंने कहा था कि आप जितना सोचते हो उससे अधिक समय आपके पास होता है। धोनी की तरह विकेटकीपर बल्लेबाज होप ने कहा, इतने वर्षों मे जब से मै वनडे क्रिकेट खेल रहा हूं उनकी यह बात मेरे दिमाग मे हमेशा घूमती रहती है।

## एसएलसी ने पूर्व खेल मंत्री रणसिंघे के खिलाफ शिकायत की

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अन्य खेलों के विकास के लिए उसके द्वारा जारी कोष के कथित दुरुपयोग के मामले मे सोमवार को देश के पूर्व खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के खिलाफ रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई।श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने 27 नवंबर को रणसिंघे को पद से हटा दिया था।श्रीलंका बोर्ड ने प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, इस शिकायत को दर्ज करने का फैसला इस चिंता के कारण है कि रोशन रणसिंघे सांसद ने एसएलसी द्वारा इच्छित उद्देश्यों के लिए आवंटित धन के उपयोग का उचित खुलासा नही किया है।

## ब्रिस्बेन के मेयर ने 2032 ओलंपिक आयोजन समिति से इस्तीफा दिया

**ब्रिस्बेन।** ब्रिस्बेन के लॉर्ड मेयर एड्रियन श्राइनर ने 2032 मे यहां होने वाले ओलंपिक खेलो की आयोजन समिति से त्यागपत्र दे दिया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2021 मे ब्रिस्बेन को 2032 के खेलो की मेजबानी सौपी थी लेकिन श्राइनर के इस्तीफे से आयोजको मे आपसी मतभेद का पता चलता है।ब्रिस्बेन ने ओलंपिक के आयोजन के लिए लीडर्स फोरम का गठन किया था जिसमे सरकार के तीनो स्तर और अन्य एजेंसियो के प्रतिनिधि शामिल है। लेकिन श्राइनर ने कहा कि इस समूह का उपयोग केवल हितधारको को खुश करने के लिए किया जा रहा है जबकि सभी अहम फैसले राज्य सरकार कर रही है। श्राइनर ने रविवार को कहा, असलियत यह है कि हम हमेशा टीम के खिलाड़ी बनना चाहते है लेकिन राज्य सरकार राजनीति करना चाहती है।

## फेलिक्स के गोल से बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड।** जोओ फेलिक्स ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ गोल किया जिससे बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर पहुंचने की तरफ कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने फेलिक्स को एटलेटिको से ऋण पर लिया है। उन्होने 28वें मिनट मे गोल किया जो आखिर मे निर्णायक साबित हुआ। इससे बार्सिलोना अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज करने मे सफल रहा। इस जीत से बार्सिलोना के 15 मैच मे 34 अंक हो गए है और वह शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड और गिरोना से चार अंक पीछे है। इन दोनो टीमो ने शनिवार को जीत दर्ज की थी। रियाल मैड्रिड ने ग्रेनाडा को 2-0 से और गिरोना ने वालेसिया को 2-1 से हराया था। इस हार से एटलेटिको चौथे स्थान पर खिसक गया है। उसके तीसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना से तीन अंक कम है।

## शेफ्लर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज का खिताब जीता

**नासाउ (बहामास)।** दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफ्लर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहली बार हीरो वर्ल्ड चैलेंज का खिताब जीता जबकि टूर्नामेंट के मेजबान टाइगर वुड्स ने अच्छी वापसी की। शेफ्लर ने अंतिम दौर से पहले तीन शॉट की बढ़त बना रखी थी। उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला और अपना कुल स्कोर 268 तक पहुंचाया। उन्हे खिताब जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार मिला। मैट फिट्ज़पैट्रिक ने अंतिम दौर मे आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह पांच स्थान आगे बढ़कर दूसरे नंबर पर रहे। जस्टिन थॉमस ने पांच अंडर 67 के कार्ड से अपना कुल स्कोर 272 पर पहुंचाया और तीसरा स्थान हासिल किया।

# अमीषा, प्राची और हार्दिक ने रजत जीते

- जूनियर विश्व चैम्पियनशिप
- नौ भारतीय स्वर्ण पदक की दौड़ में

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारतीय मुक्केबाज** हार्दिक पंवार, अमीषा केरेटा और प्राची टोकस को आर्मेनिया के एरेवन में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक (80 किग्रा) को रविवार को करीबी मुकाबले में रूस के एशुरोव बैरमखान से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों मुक्केबाज इस मुकाबले में आक्रामक दिखे और उन्होंने अंक हासिल करने के हर मौके को भुनाया। रूस का मुक्केबाज ने हालांकि आखिरी समय में भारतीय खिलाड़ी पर भारी पड़ा। अमीषा (54 किग्रा) और प्राची (80 किग्रा से अधिक) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। अमीषा कजाकिस्तान की अयाजान सिडिक जबकि प्राची ने उज्बेकिस्तान की दो बार की एशियाई जूनियर चैंपियन सोबिराखोन शाखोबिद्दीनोवा के खिलाफ हार गई।भारत इस प्रतियोगिता में अब तक पांच कांस्य सहित 17 पदक पक्का कर चुका है।पायल (48 किग्रा), निशा (52 किग्रा), विनी (57 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा), आकांक्षा (70 किग्रा), मेघा (80 किग्रा), जतिन (54 किग्रा), साहिल (75 किग्रा) और हेमंत (80 किग्रा से अधिक) उन नौ भारतीय मुक्केबाजों में शामिल है जो सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।नेहा (46 किग्रा), निधि (66 किग्रा), परी (50 किग्रा), कृतिका (75 किग्रा) और सिकंदर (48 किग्रा) ने सेमीफाइनल में हार के बाद अपना अभियान कांस्य पदक से समाप्त किया।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला हार जाएं तो भी अपनी शैली के अनुसार खेलेंगे: मैकुलम



**बेंगलुरू,।** बैजबॉल ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की बल्लेबाजी के आयाम को बदल दिया है और टीम के न्यूजीलैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम को स्पष्ट हैं कि भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला का नतीजा भले ही कुछ भी हो लेकिन उनकी टीम अपनी आक्रामक रणनीति पर बरकरार रहेगी। इंग्लैंड को अगले साल 25 जनवरी से हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है और श्रृंखला के दौरान स्पिन की अनुकूल पिचें मिलने की उम्मीद है। बैजबॉल शब्द मैकुलम के उपनाम बैज और उनकी आक्रामक रणनीति के आधार पर गढ़ा गया है। इस शब्द को कोलिन्स शब्दकोश में भी जगह मिली है। बैजबॉल का अर्थ है कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने की वह शैली जिसमें बल्लेबाजी टीम बेहद आक्रामक अंदाज में खेलकर अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास करती है। मैकुलम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इनोवेशन लैब्स लीडर्स मीट इंडिया में कहा, भारत में होने वाले पांच टेस्ट में हमें बेहद अच्छी भारतीय टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती मिलेगी। मैं इसे लेकर रोमांचित हूं क्योंकि आप सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खुद को परखना चाहते हैं और मेरा मानना है कि अपनी परिस्थितियों में भारत सर्वश्रेष्ठ है। यह हमारे लिए अच्छी चुनौती होगी। अगर हमें सफलता मिलती है तो यह शानदार होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर मुझे पता है कि हम उस शैली के आधार खेलते हुए हारेंगे जिसके अनुसार हम खेलना चाहते हैं।

## स्मिथ और वॉर्नर हीरो हैं : ख्वाजा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन द्वारा डेविड वॉर्नर की आलोचना बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के गले नही उतरी है और उन्होंने अगले साल जनवरी मे सिडनी मे टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे इस सलामी बल्लेबाज का बचाव किया है। द वेस्ट आस्ट्रेलियन अखबार मे अपने कॉलम मे जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 दिसंबर से पर्थ मे शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्ईय टीम मे वॉर्नर के चयन पर सवाल उठाए है। उन्होने लिखा कि अपने फॉर्म के आधार पर 37 वर्ष के वॉर्नर टीम मे जगह पाने के हक्दार नही है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका मे 2018 मे हुए सैंडपेपर कांड मे भी अपनी भूमिका की पूरी जिम्मेदारी नही ली है। ख्वाजा ने वॉर्नर और स्टीव स्मिथ का बचाव किया है जो उस समय आस्ट्रेलिया के कप्तान थे। उन्होंने कहा, वॉर्नर और स्मिथ मेरी नजर मे हीरो है। उन्होंने खराब समय मे एक साल क्रिकेट नही खेली। कोई भी परफेक्ट नही होता।

## ईसीबी ने आर्चर से आईपीएल 2024 से हटने को कहा

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 2024 के टी20 विश्व कप को ध्यान मे रखते हुए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटने को कहा है। आर्चर को 2022 के आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने आठ करोड रुपए मे खरीदा था, लेकिन फ्रेंचाइजी ने पिछले सप्ताह उन्हें रिलीज कर दिया था। आईपीएल की 19 दिसंबर को दुबई मे होने वाली नीलामी की सूची मे उनका नाम पंजीकृत नही है। आर्चर अपने करियर मे चोटों से जूझते रहे है। वह इस साल मई मे आईपीएल मे खेलते हुए चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई पेशेवर क्रिकेट मैच नही खेल है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीबी का मानना है कि आर्चर यदि आईपीएल मे खेलने के लिए भारत मे होने के बजाय अप्रैल और मई मे ब्रिटेन मे रहते है तो उनकी वापसी सुनिश्चित करने मे मदद मिलेगी।

## धमाके के कारण निशानेबाज के अंगूठे में गंभीर चोट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर के एक निशानेबाज की 10 मीटर एयर पिस्टल सिलेंडर मे विस्फोट के कारण बाएं अंगूठे मे गंभीर रूप से चोट आ गई। यह घटना शनिवार को फरीदाबाद के ग्रीन फील्ड मे एक निजी निशानेबाजी परिसर मे घटी। भारतीय वायु सेना मे कॉर्पोरल पद पर तैनात पुष्पेंद्र कुमार भोपाल मे चल रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए यहां निशानेबाजी परिसर मे अभ्यास कर रहे थे। वह सिलेंडर से पिस्टल मे गैस भर रहे थे जब धमाका हुआ। इस धमाके के कारण उनके अंगूठे मे गंभीर चोट आई और उन्हें तत्काल अस्पताल मे भर्ती करना पड़ा। वह फिलहाल यहां भारतीय सेना के आर एंड आर अस्पताल मे भर्ती है। राष्ट्रीय स्तर के एक कोच ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि जब पुष्पेंद्र मुख्य सिलेंडर से पिस्टल सिलेंडर को भर रहे थे तब यह घटना हुई। एयर पिस्टल और एयर राइफल मे बैरल के ठीक नीचे एक छोटा गैस सिलेंडर लगा होता है।

## पहली बार भारतीय टी20 टीम में शामिल श्रेयंका का ख्वाब विश्व कप और ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र मे अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम मे जगह बनाने वाली युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल का ख्वाब देश के लिए विश्व कप और ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। श्रेयंका ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम के लिए डब्ल्यूपीएल मे 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने के साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से छह विकेट चटकाए थे। वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) मे खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है। श्रेयंका ने अमेजन गयाना वॉरियर्स के लिए चार मैचो मे नौ विकेट लिए। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ छह, नौ और 10 दिसंबर को वानखेड़े मैदान पर खेली जाने वाली श्रृंखला के लिए वह भारतीय टीम मे शामिल हुई है।

## मैनचेस्टर सिटी और टोटेनहैम का मैच बराबरी पर छूटा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और टोटेनहैम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला रविवार को यहां 3-3 की बराबरी पर छूटा। टोटेनहैम के दक्षिण कोरियाई स्ट्राइकर सोन ह्यूंग-मिन ने मैच के छठे मिनट मे ही गोलकर टीम को बढ़त दिला दी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही उनके आत्मघाती गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर सिटी ने इसके बाद मैच के 31वे मिनट मे फिल फोडेन और 81वे मिनट मे जैक ग्रीलिश के गोल से बढ़त बनाई लेकिन टीम इसे बरकरार रखने मे नाकाम रही। जियोवानी लो सेल्सो (69वां मिनट) और डेजेन कुलुसेवोस्की (90वां मिनट) के गोल से टोटेनहैम मैच को बराबरी पर खत्म करने मे सफल रहा। इस मुकाबले के बाद टोटेनहैम 14 मैचो मे आठ जीत से 27 अंक के साथ पांचवे जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैचो मे नौ जीत और 30 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलो मे तालिका मे दूसरे स्थान की टीम लिवरपूल ने फुल्हम को 4-3 जबकि शीर्ष स्थान की टीम आर्सेनल ने वुल्व्स को 2-1 से हराया। चेल्सी ने ईनजो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से ब्रिगटॉन को 3-2 से हराया।

## पीएसजी की जीत में एमबापे का गोल

**पेरिस।** काइलियान एमबापे और वितिन्हा के गोल के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच मे 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद रविवार को ली हावरे को 2-0 से शिकस्त दी। मैच के 10वे मिनट मे पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद पीएसजी को 80 से अधिक मिनट तक दस खिलाड़ियो के साथ खेलना पड़ा।कोच लुईस एनरिक की टीम ने रविवार को लगातार सातवी जीत दर्ज करने के बाद तालिका मे शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। टीम के नाम 14 मैचो मे 10 जीत से 33 अंक है और वह दूसरे स्थान पर काबिज नीस से चार अंक आगे है। नीस को शनिवार को नैनटेस ने 1-0 से हराया था। मौजूदा सत्र मे नीस की यह पहली हार थी। एमबापे ने मैच के 22वे मिनट मे मौजूदा सत्र का अपना 15वां गोल करते हुए टीम का खाता खोला। वितिन्हा ने 88 वे मिनट मे मैनुअल उगारते की मदद से टीम की बढ़त को दोगुना किया।

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हट सकता है ऑस्ट्रेलिया

**गोल्ड कोस्ट।** ऑस्ट्रेलिया 2026 मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलो की मेजबानी से हट सकता है और उसके खेल अधिकारियो ने अंतरराष्ट्रीय महासंघ को अन्य देशो की दावेदारी पर विचार करने के लिए कह दिया है। राष्ट्रमंडल खेल ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग फिलिप्स ने गोल्ड कोस्ट के मेजबानी से हटने के बाद सोमवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले जुलाई मे विक्टोरिया प्रांत मेजबानी से हट गया था। फिलिप्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया अभी मेजबानी से पूरी तरह नही हटा है लेकिन राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) को अन्य विकल्पो पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। फिलिप्स ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, हमने (सीजीएफ को) संकेत दिया है और ऐसा करने मे उन्हे हमारा पूरा समर्थन मिलेगा। खेलो की मेजबानी करना हमारी प्राथमिकता है और हम ऐसा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन अगर उनके पास बेहतर विकल्प है तो फिर उन्हे उन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। गोल्ड कोस्ट के मेयर टॉम टेट ने रविवार को कहा था कि उन्हे सरकार से समर्थन नही मिल रहा है और इसलिए वह राष्ट्रमंडल खेलो की मेजबानी नही कर सकते है।

# वेड को आउट करने के बाद विश्वास हो गया था कि हम मैच जीत सकते हैं: अर्शदीप



**भाषा।** बेंगलुरु

पहले तीन ओवर में 37 रन लुटाने के बाद अंतिम ओवर में शानदार वापसी करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड को आउट करने के बाद उन्हें विश्वास हो गया था कि भारत पांचवा और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत सकता है। अर्शदीप को चिन्नास्वामी स्टेडियम की मुश्किल पिच पर अंतिम ओवर में 10 रन का बचाव करने का जिम्मा सौंपा गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने बाउंसर और यार्कर का अच्छा इस्तेमाल करके भारत को 6 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत ने पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। अर्शदीप ने तीसरी गेंद पर वेड को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा कर भारत को वापसी दिलाई। इस तेज गेंदबाज को लगता है कि इससे भारत का पलड़ा भारी हो गया था। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं लगता कि परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल थी क्योंकि मैंने बहुत ढीली गेंदें की। अर्शदीप से पूछा गया कि जब कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें अंतिम ओवर करने के लिए दिया तो वह कैसा महसूस कर रहे थे, उन्होंने कहा, मैं केवल यही सोच रहा था कि मेरे पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि मैं पहले ही काफी रन लुटा चुका था। सूर्या भाई ने भी यही बात कही कि देखते हैं क्या होता है।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

- होप का नाबाद शतक



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** कप्तान शाई होप के नाबाद शतक और रोमारियो शेफर्ड की 28 गेंद पर खेली गई 48 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया। वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद वापसी की कवायद में लगे इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 325 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर हालांकि पिछले आठ वनडे में पांचवीं बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने 13 गेंद का सामना करके तीन रन बनाए। बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज का स्कोर 39 ओवर के बाद 5 विकेट पर 213 रन था लेकिन होप की 83 गेंद पर खेली गई नाबाद 109 रन और शेफर्ड की आक्रामक पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 48.5 ओवर में 6 विकेट पर 326 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। होप ने अपनी पारी में चार चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने सैम कुरेन की चार गेंद पर तीन छक्के लगाए, जिससे वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिली। कुरेन ने 9.5 ओवर में 98 रन दिए। होप ने अपनी पारी के दौरान वनडे में 5000 रन पूरे किए। शेफर्ड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाज ने 66, ब्रैंडन किंग ने 35 और शिमरोन हेटमायर ने 32 रन का योगदान दिया। इससे पहले इंग्लैंड की तरफ से हैरी ब्रुक ने सर्वाधिक 71 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने 28 गेंद पर 45 रन की पारी खेली। कुरेन ने गेंदबाजी की बजाय बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया तथा 26 गेंद पर 38 रन बनाए।। ब्रायडन कार्स ने 21 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाकर इंग्लैंड का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में मदद की।

# उन्नति को गुवाहाटी मास्टर्स में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**गुवाहाटी।** उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा मंगलवार को यहां क्वालीफाइंग दौर के साथ शुरू होने वाले योनेक्स सनराइज गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में स्टार आकर्षण होंगी। दुनिया की 79वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति टूर्नामेंट में अपना पहला मैच इंडोनेशिया की स्टेफनी विदजाजा के खिलाफ खेलेंगी। उन्नति को टूर्नामेंट में थाईलैंड की केंटाफोन वैंगचारोएन और सुपानिदा केटथोंग जैसी खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। देश में अब तक खेले गए सभी बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाली उन्नति को यहां जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के शीर्ष 50 में पहुंचने की उम्मीद होगी। सोलह वर्षीय उन्नति ने शुरुआत में इस साल के अंत तक बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का लक्ष्य रखा था लेकिन वह अबु धाबी और रायपुर में लगातार खिताब के साथ इस लक्ष्य को पहले ही हासिल कर चुकी हैं और यहां मजबूत प्रदर्शन के साथ शीर्ष 50 के करीब पहुंचने की उम्मीद कर रही हैं। इस साल हमारा लक्ष्य विश्व रैंकिंग में केवल शीर्ष 100 में शामिल होना था लेकिन मैं बेंगलुरू में इंफोसिस ओपन में दूसरे स्थान पर रहने में कामयाब रही और अबु धाबी तथा छत्तीसगढ़ में खिताब जीता और मैं उस लक्ष्य को जल्दी हासिल करने में सक्षम रही। हाल ही में लखनऊमें सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने वाली उन्नति ने कहा, मैंने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है।

# जीएम वैशाली की उपलब्धि से लखनऊ की लड़कियों का शतरंज की ओर बढ़ेगा रूझान



**लखनऊ।** आंध्र प्रदेश की कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद चेन्नई की वैशाली रमेशबाबू के भारत की तीसरी महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने से उभरती हुई महिला शतरंज खिलाड़ी खासी रोमांचित है। वहीं वैशाली की इस उपलब्धि ने लखनऊ की महिला शतरंज खिलाड़ियों में खासा जोश भर दिया है। इसमें लखनऊ की दो टॉप रेटेड युवा महिला खिलाड़ियों जुसफ्फिा लिलियम लोबो और ऐमन अख्तर का जोश भी हाई है। इन दोनों ने कहा कि यह साबित करता है कि महिलाएं पुरुषों की तरह ही सोच सकती है। यह हमारे लिए गौरव का पल है कि हमारी पीढ़ी का कोई व्यक्ति शीर्ष पर जा रहा है। अब हम भी उत्साहित है कि हम भी शतरंज की बिसात पर अपना लोहा मनवा सकते हैं। हाल ही में चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट ;सीसीबीडब्ल्यूद्ध के माध्यम से श्प्रोटेक्ट योर क्वीनश् अभियान शुरू करने वाली 14 साल की प्रिशा गर्ग का कहना है कि वैशाली की उपलब्धि हमारे पूरे समाज के लिए एक शानदार पल है। मेरा अभियान लड़कियों के प्रति लड़को के आचरण के खिलाफ है। यह शतरंज में अक्सर देखा गया है कि जब लड़के लड़कियों से हार जाते है तो नाराज हो जाते है। हम लड़को को विचारशील बना रहे है न कि उन्हें तिरस्कृत कर रहे है। हम महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टूर्नामेंट से जुड़े विशिष्ट नियम लागू कर रहे हैं।

## जूनियर हॉकी विश्व कप: द.कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

**कुआलालंपुर।** दो बार का चैंपियन भारत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में फिर से पोडियम पर जगह बनाने के लिए एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के खिलाफ जीत से शुरुआत करने की कोशिश करेगा। भारत 2001 में होबार्ट और 2016 में लखनऊमें चैंपियन बना था। इसके अलावा वह 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन कीज में उपविजेता रहा था। पिछली बार दो साल पहले भुवनेश्वर में उसे चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा था। भारत को आसान पूल में रखा गया है जिसमें उसका सामना कोरिया के अलावा कनाडा और स्पेन से होगा। कोरिया के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन और शनिवार को कनाडा से खेलेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।